✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 176 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 23 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



सड़क सुरक्षा को लेकर पटना में छात्रों और युवाओं को किया जा रहा जागरूक



# जन सुराज पार्टी का पंचायत से लेकर प्रदेश स्तरीय संगठन भंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जन सुराज पार्टी ने बड़े संगठनात्मक पुनर्गठन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक की सभी संगठनात्मक इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। पार्टी ने घोषणा की है कि अगले डेढ़ महीने के अंदर नए सिरे से प्रभावी और क्रियाशील संगठनात्मक ढांचा विकसित किया जाएगा। पार्टी के प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन ने बताया कि शनिवार को पटना के शेखपुरा हाउस में आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने की जबकि पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर भी बैठक में मौजूद रहे। निर्णय के अनुसार नए संगठन निर्माण तक भंग की गई कमेटियां अपने दायित्व का निर्वहन करती रहेंगी। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नेताओं को राज्य के सभी 12 प्रमंडलों का दायित्व सौंपा गया है। ये नेता संबंधित जिलों में जाकर व्यापक चर्चा के आधार पर नए संगठनात्मक ढांचे का निर्माण करेंगे तथा हालिया चुनावी पराजय के कारणों की समीक्षा करेंगे। साथ ही अनुशासनहीनता और भीतरघात के मामलों की पहचान कर पार्टी नेतृत्व को रिपोर्ट भी सौंपेंगे। सैयद मसीह उद्दीन ने जानकारी दी कि आगामी 21 दिसंबर को पटना में पार्टी की सामान्य परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें शीर्ष नेतृत्व जिलों के प्रमुख नेताओं से चुनाव और संगठन संबंधी अनुभवों को विस्तार से सुनेगा और भविष्य की रणनीति पर गहन विचार-विमर्श होगा। बैठक में सेना के पूर्व वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एस.के. सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता वाई.वी. गिरि, पूर्व आईएएस अरविंद सिंह, एन.पी. मंडल, ललन यादव, ए.के. द्विवेदी, पूर्व आईपीएस आर.के. मिश्रा, पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, पूर्व विधान पार्षद रामबली सिंह चंद्रवंशी, पूर्व अभियंता प्रमुख हेमंत पासवान, शिक्षाविद् आर.एन. सिंह, सुधीर शर्मा, अमजद हसन, सुभाष कुशवाहा, सर्वर अली, रामलखन दांगी, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. संजय कुमार सुमन, डॉ. मो. शाहनवाज, उर्मिला देवी, बिपिन कुमार यादव, प्रीतम सिंह, प्रो. कुमार शांतनु और राम प्रकाश साहनी सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।



# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का नवम दीक्षांत समारोह 24 नवम्बर को बापू सभागार में आयोजित होगा जिसमें राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय के इस शैक्षणिक सत्र में कुल 29,955 विद्यार्थी विभिन्न संकायों और संस्थानों से सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें से 2,076 विद्यार्थियों ने दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है जो अपने-अपने संकायों का प्रतिनिधित्व करेंगे। पंजीकृत विद्यार्थियों में 1,154 छात्राएं और 922 छात्र शामिल हैं, जो विश्वविद्यालय में बढ़ती हुई महिला भागीदारी को रेखांकित करता है। इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए कुल 63 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे। इनमें 47 छात्राएं और 16 छात्र शामिल हैं। इस सम्मान के चयन का आधार विभिन्न संकायों में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम, नवाचार, शोध कार्य और अकादमिक प्रदर्शन है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थी संस्थान की प्रतिभा, परिश्रम और गुणवत्ता का प्रतिनिधित्व करते हैं। आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में शोध एवं अकादमिक गतिविधियों में निरंतर प्रगति देखी जा रही है। मेडिकल, इंजीनियरिंग, सोशल साइंस और शिक्षा संकायों के अंतर्गत संबद्ध संस्थानों में किए जा रहे शोध कार्यों के परिणामस्वरूप इस वर्ष 67 शोधार्थियों ने अपने पीएचडी शोधकार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। इन शोधार्थियों को भी दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शोध-उन्मुख नीति और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का स्पष्ट प्रमाण है जो इसे राज्य के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में शामिल करती है।

# 15 जिलों में खाता नहीं खोल पाया महागठबंधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद राज्य में नई सरकार का गठन भी हो चुका है और मंत्रियों के विभागों का बंटवारा भी हो गया है। बावजूद लोगों के बीच महागठबंधन के करारी हार को लेकर रोज ही चौक चौराहों से लेकर चाय की दुकानों पर चर्चा हो रही है। सब अपने-अपने हिसाब से चुनाव की गणित सुलझा रहे हैं। लेकिन इन सबमें सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि विधानसभा चुनाव से पहले अपनी प्रचंड जीत का दावा करने वाला विपक्ष बिहार के 38 में से 15 जिलों में अपना खाता भी नहीं खोल पाया। बिहार के जिन 15 जिलों में महागठबंधन का खाता तक नहीं खुल पाया वो हैं- गोपालगंज, सिवान, औरंगाबाद, जहानाबाद, नवादा, गया, कैमूर, भोजपुर, सीतामढ़ी, सारण, पश्चिम चंपारण, नालंदा, मधुबनी, सुपौल और रोहतास। इन जिलों की लगभग सभी सीटें एनडीए में शामिल भाजपा, जदयू, हम और लोजपा (आर) ने जीत लीं। महागठबंधन के उम्मीदवार कई जगहों पर दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाए। हालांकि, 14 जिलों यथा पूर्वी चंपारण, मधुबनी, किशनगंज, कटिहार, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, सीवान, वैशाली, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, नवादा और जमुई में महागठबंधन या अन्य का मात्र एक सीटों पर ही खाता खुल सका। नालंदा में सभी 7, सीतामढ़ी की सभी 8, सुपौल की सभी 5, दरभंगा की सभी 10, गोपालगंज की सभी 6, खगड़िया की सभी 4 के अलावा भागलपुर, बांका, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, शिवहर, भोजपुर, अरवल की सभी सीटें एनडीए की झोली में आई हैं। जिन जिलों में महागठबंधन का खाता नहीं खुला है उनमें लालू यादव का गृह जनपद गोपालगंज भी है। लालू यादव के जिले की सभी 6 सीटों पर एनडीए ने जीत दर्ज की। जिले की 6 में से 3 सीटों पर जनता दल यूनाइटेड और तीन पर भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया देव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देव (औरंगाबाद)।** देव प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक कुमार ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देव का निरीक्षण किया। लगभग दोपहर 3 बजे पहुंचे बीडीओ ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार के साथ ओपीडी काउंटर, विभिन्न वार्डों और अस्पताल परिसर की व्यवस्थाओं का सूक्ष्म जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई, चिकित्सा सेवाओं एवं स्टाफ की उपस्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था तथा स्टाफ की उपलब्धता संतोषजनक पाई गई है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण सेवाएं जारी रखने और मरीजों को बेहतर सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया।

# देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्लास्टिक बहिष्कार को लेकर जागरूकता कार्यक्रम




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विद्यापीठ अंतर्गत देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्लास्टिक के उपयोग के बहिष्कार के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा कैंपस की सफाई, प्लास्टिक के उपयोग का बहिष्कार करने के लिए शपथ भी लिया गया। बिहार विद्यापीठ के सचिव राणा अवधेश ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए इस कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समय रहते अगर हम अपनी जीवन शैली को नहीं सुधारें तथा प्लास्टिक को अपने जीवन से बाहर नहीं करेंगे तो हमारा जीवन खतरे में पड़ जाएगा। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पूनम वर्मा, महाविद्यालय के सभी शिक्षक गण, प्रशिक्षु गण तथा सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

# बस-बाइक की टक्कर में 1 की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अगमकुआं थाना क्षेत्र के पहाड़ी मोड़ के समीप बीते देर रात विपरीत दिशा से आ रही एक बेलगाम बस ने बाइक सवार दो भाइयों को रौंद डाला। दुर्घटना में एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना से गुस्साए मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क पर उतरकर जमकर हंगामा मचाया। गुस्साए लोगों ने घंटों सड़क को जाम कर दिया। सड़क से गुजरने वाले वाहनों में तोड़फोड़ का भी प्रयास किया। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर सड़क पर परिचालन सामान्य कराया।

# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में 26वीं अभिषद् की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना में 26वीं अभिषद् की बैठक कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के गांधी साभागार में संपन्न हुई। बैठक में 22वीं एवं 23वीं वित्त समिति, 20वीं एएनटीपीसी 17वीं विद्वत परिषद के प्रस्तावों को अभिषद के सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा छः विषयों में अनुशंसित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति एवं नवनियुक्त प्राचार्यों की नियुक्ति का अनुमोदन प्राप्त हुआ। शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के उच्चतर पदभार देने हेतु प्रोन्नति समिति की अनुशंसा को भी अनुमोदित किया गया। अभिषद् ने पी.एच.डी. कोर्स



वर्क के लिए फीस वृद्धि के प्रस्ताव को भी पारित कर दिया। बैठक में सरकार के प्रतिनिधि के रूप में सदस्य प्रो. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, अरूण कुमार, प्रतिभा सिंह, प्रो. नरेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त अन्य सभी सदस्य मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत कुलसचिव प्रो. अबू बकर के द्वारा अभिषद की सदस्यों को पुष्पगुच्छ देकर किया गया। सदस्य सचिव के रूप में प्रो. अबू बकर ने बैठक का सफल संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राजीव रंजन, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने किया।

# ब्लूप्रिन्ट के अनुसार करेंगे काम : श्रेयसी सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के जमुई विधानसभा के भाजपा से नवनिर्वाचित विधायक और आटी और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने पदभार ग्रहण करते ही बिहार के खिलाड़ियों के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि आने वाले समय में जो बिहार के खिलाड़ी हैं उनके लिए सुनहरे भविष्य का समय है। जिस तरह से बिहार सरकार खेल के क्षेत्र में काम कर रही है उसे आगे बढ़ाना है। नई नीतियों और नई ऊर्जा के साथ इन खिलाडियों का सहयोग करना है। श्रेयसी सिंह ने कहा कि पिछले 18 सालों में एक खिलाड़ी के रूप में जो मेरा अनुभव रहा है और साथ ही साथ नेशनल एसोसिएशन से हमारा परिवार भी जुड़ा रहा है तो



प्रशासनिक रूप से खेल और खिलाड़ियों की भावनाओं को काफी हद तक समझ सकते हैं। खेल प्रशासन की ओर से खिलाड़ियों को क्या दिक्कतें आती हैं इसका अनुभव भी है। खेल में संभावनाएं असीम हैं। उन संभावनाओं को धरातल पर उतारकर अच्छा काम करके दिखाएंगे। श्रेयसी सिंह ने पदभार संभालने के बाद कहा कि जहां एक तरफ प्रसन्नता है कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की शीर्ष नेतृत्व ने जो मुझपर भरोसा जताया है तो दूसरी तरफ मुझे जिम्मेदारी का एहसास भी है। जो विभाग मुझे मिला है यह पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और सीएम नीतीश कुमार का प्रिय विभाग है। हम आशा और उम्मीद करते हैं कि जमुई के साथ-साथ पूरे बिहार के लिए ऐसा कोई काम ना करें जिससे उन्हे निराशा पहुंचे। हम अपनी 100% कपासीटी से काम करेंगे और उम्मीद करते हैं कि भविष्य में हम बेरोजगारी और पलायन के मुद्दों का समाधान कर पाएंगे, जो कई वर्षों से जारी हैं। यह सवाल जब श्रेयसी सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसमे कमजोर और मजबूती की कोई बात है। शीर्ष नेतृत्व का ये निर्णय है इसपर मेरा कोई टिप्पणी करना उचित नहीं है। विभाग के पहली प्राथमिकता के सवाल पर श्रेयसी सिंह ने कहा कि हम मीटिंग करेंगे, एक ब्लूप्रिन्ट तैयार करेंगे और उसके अनुसार काम करेंगे। जब उनसे चुनौतियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से हर काम में चुनौतियां होती हैं लेकिन चुनौतियों से डर नहीं लगता, डट कर सामना करना जानते हैं।

# कला जागरण ने किया 'महामानवी माता जानकी' नाटक का मंचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सुमन कुमार निर्देशित नाटक 'महामानवी माता जानकी' का मंचन राजधानी के प्रेमचंद रंगशाला में शनिवार को किया गया। कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के सौजन्य से कला जागरण के कलाकारों ने धार्मिक हिन्दी नाटक 'महामानवी माता जानकी' की प्रभावशाली प्रस्तुति की जिसका निर्देशन सुमन कुमार और नाटक की संरचना तथा सह निर्देशन डा.किशोर सिन्हा ने किया। नाटक के सह निर्देशक किशोर सिन्हा ने बताया कि इस नाटक का संगीत निर्देशन सरोज दास ने किया तथा महिमा, सौरव सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद सिन्हा, नीलेश्वर मिश्र, निशांत सिंह राजपूत, उमेश कुमार, विष्णुदेव कुमार, प्रीति कुमारी, मुस्कान शर्मा, धीरज



कुमार, अजीत गुज्जर, प्रिंस राज, अभिषेक कुमार, संजय साहनी, रंजन ठाकुर सहित अन्य कलाकारों ने मंच पर अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। इस प्रस्तुति में प्रकाश परिकल्पना का संयोजन राजीव कुमार ने किया। श्री सिन्हा ने बताया कि महामानवी माता जानकी एक नाट्य कथा है जो सीता के जीवन को देवी से भी बढ़कर एक अद्भुत, दृढ़ और साहसी महा मानवी के रूप में प्रस्तुत करती है। मिथिला की धरती की गोद में मां जानकी के चमत्कारिक जन्म से नाटक की कथा आरंभ होती है। बचपन से ही सीता सौम्यता, करुणा और धैर्य की प्रतिमूर्ति बनकर विकसित होती हैं। शिवधनुष भंग के बाद राम से उनका विवाह होता है और दोनों का जीवन आदर्श प्रेम व मर्यादा का प्रतीक बनता है। राजा दशरथ के निर्णय के बाद राम को 14 वर्ष का वनवास मिलता है और सीता सहर्ष उनके साथ जाने का निर्णय लेती हैं। वन में रावण उनका अपहरण करता है जिसके बाद उनकी सबसे कठिन परीक्षा का प्रारंभ होता है।

# बलात्कार मामले में आरोपित को बीस साल की कैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मधुबनी।** एडीजे कोर्ट सात ने शनिवार को रेप मामले में बड़ी फैसला सुनायी है। बलात्कारी सूरज साहनी को 20 वर्ष की सजा हुई है और 25 हजार जुर्माना भी लगाया गया। मालूम हो कि 28.1.24 को बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के रहने वाले सूरज साहनी शाम में स्वच्छ के लिए जा रही नाबालिक लड़की को पकड़ कर जबरन बलात्कार किया। इस घटना के बाद नाबालिक के द्वारा बेनीपट्टी थाना में आवेदन दिया गया। इसके उपरांत घटना की जांच कर मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया जहां शनिवार को अंतिम फैसला कोर्ट की आयी। विशेष लोक अभियोजक कुमारी मधु रानी के अनुसार धारा 323,376 आईपीसी चार पोक्सो में सजा हुई। 323 में एक वर्ष और 376 में 20 वर्ष अभियोजक कुमारी मधु रानी ने बताई कि नाबालिक लड़की स्वच्छ को लेकर शाम मे आम गाछी तरफ गयी थी जहां पहले से सूरज सहनी घात लगाए थे और उन्हें जबरन जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया। बतायी कि 20 वर्ष की सजा हुई है और 25 हजार जुर्माना लगा है, जुर्माना नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा।

# ऐतिहासिक होगा श्री राम जानकी विवाह महोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विवाह पंचमी के अवसर पर श्री राम जानकी विवाह महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संयोजक डॉ अजय प्रकाश, अध्यक्ष नारायण प्रकाश साह, संस्थापक महासचिव विकास कुमार मौड़ीवाल, कोषाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद गोयनका, कार्यकारी अध्यक्ष शिव प्रसाद मोदी, गजेन्द्र बूबना, ऊषा सिंह, चुन्नू चन्द्रवंशी, मोहित कुमार मौड़ीवाल, ज्ञान प्रकाश ने आज संयुक्त रूप से बताया कि श्री राम जानकी विवाह महोत्सव समिति द्वारा मैया सीता एवं श्री राम की भव्य विवाह मांगलिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पटना सिटी चौक स्थित श्री सनातन धर्म सभा भवन में विवाह महोत्सव के अंतर्गत



25 नवंबर मंगलवार को जनक नंदनी का भव्य स्वयंवर होगा जिसमें भगवान श्री राम द्वारा धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाते हुए धनुष भंग होगा। बारात के रूप में शोभायात्रा में भगवान श्रीराम रथ पर बैठकर आकर्षक झांकी एवं बैंड बाजे के साथ हजारों बाराती महिलाएं, पुरुष, श्रद्धालु गण नगर भ्रमण करते हुए बक्सी मोहल्ला स्थित सीता मंदिर में पहुंचेंगे जहां समधी मिलन का अद्भुत दृश्य देखने को मिलेगा। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने बारात के स्वागत की तैयारी की है। सीता मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जयमाला मिथिलानंदनी सीता मैया के साथ होगा जिसका प्रस्तुतीकरण अत्यंत विहंगम होगा। झांकी के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा, रात्रि में भव्य शुभ विवाह प्रकांड पंडितों के द्वारा की जाएगी।

# निवेशकों ने बिहार में फिल्म उद्योग में निवेश करने में गहरी रूचि दिखाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गोवा।** गोवा में आयोजित हो रहे 56वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के तीसरे दिन वेब्स फिल्म बाजार में बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम(कला, संस्कृति एवं युवा विभाग) का पवेलियन फिल्मकारों, कलाकारों, प्रोड्यूसर और फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना रहा है। निवेशकों ने बिहार में फिल्म उद्योग में निवेश करने में गहरी रूचि दिखाई है। इस मौके पर पेवेलियन का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, के सचिव सह बिहार फिल्म निगम के प्रबंध निदेशक



प्रणव कुमार, बिहार फिल्म निगम के महाप्रबंधक रूबी जानेमाने अभिनेता मनोज जोशी, आने वाली हिन्दी फीचर फिल्म 'तिया' के अभिनेता दर्शन कुमार, अभिनेत्री नीतू चंद्रा, अभिनेता विकास कुमार, इम्पा के अध्यक्ष अभय सिन्हा, प्रोड्यूसर सागर श्रीवास्तव, निर्देशक राव देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। बिहार फिल्म निगम के प्रबंध निदेशक प्रणव कुमार (आईएएस) ने कहा कि बिहार में शूट होने वाली फिल्मों को अनुदान के तौर पर प्रोत्साहन देने का प्रावधान है। साथ ही शूटिंग को आसान बनाने के लिए भी वन विंडो सिस्टम अपनाया गया है। बिहार कला और संस्कृति के क्षेत्र में अपार संभावनाओं वाला राज्य है और सरकार फिल्म, संस्कृति तथा रचनात्मक उद्योगों को मजबूत आधार देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि गोवा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव जैसे प्रतिष्ठित मंच पर बिहार की भागीदारी राज्य की सकारात्मक छवि को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ करती है। उद्घाटन के बाद अभिनेता मनोज जोशी ने बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड और कला संस्कृति विभाग की ओर से फिल्म उद्योग को विकसित करने की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार बहुत सुंदर है, और बिहार में ही मौर्य साम्राज्य की स्थापना हुई और वहीं से भारत का विस्तार हुआ और देश संगठित रूप में सामने आया। बिहार में शूटिंग करना निश्चित रूप से हर फिल्मकार को आकर्षित करेगा। बिहार चित्रिकरण के लिए बहुत उत्तम है। उन्होंने कहा कि वह बिहार में फिल्म उद्योग को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अभिनेता दर्शन कुमार ने बिहार में अपने शूटिंग के अनुभव को शेयर करते हुए कहा कि बाल्कमीकि नगर में 40 दिनों तक शूटिंग हुई थी, जो किसी जन्नत से कम नहीं है। यहां के लोग काफी प्यारे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में शूटिंग देखने आने वाले लोग अनुशासित रहते थे और पूरा सहयोग करते थे। हमने बहुत बड़ा सेट लगाया था, इसलिए भी लोग उसे देखने के लिए पहुंचते थे। उन्होंने कहा बिहार में शूटिंग करने का एक फायदा यह भी है कि आपको साफ आवोहवा में रहने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि यह लोगों का प्यार ही था कि वे हमारे लिए देशी अंडे और गाय का शुद्ध दूध लेकर आते थे। उन्होंने कहा कि बिहार में शूटिंग के दौरान जितना लोगों का प्यार मिला है, उसकी वजह से वह हर फिल्म की शूटिंग बिहार में ही करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में खूबसूरत लोकेशन की कमी नहीं है और आने वाले समय में फिल्मकार बिहार की ओर रुख करेंगे, क्योंकि यहां प्रशासन का पूरा सहयोग मिलता है और सारी सुविधाएं भी मिल रही हैं।

# महाराजगंज पैक्स का चुनाव 16 दिसंबर को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत महाराजगंज पंचायत के प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) का चुनाव आगामी 16 दिसंबर को होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी आदर्श कुमार नंदा ने बताया कि पैक्स चुनाव में नामांकन दाखिल करने के लिए तीन और चार दिसंबर की तिथि निर्धारित की गई है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के निर्देशानुसार सारी तैयारियां की जा रही है। मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची के प्रकाशन में त्रुटियों से संबंधित शिकायतों का निवारण किया जा रहा है। विदित हो कि विगत वर्ष 2024 के नवंबर माह में प्रखंड क्षेत्र के कुल बीस में से सोलह पंचायतों में पैक्स का चुनाव कराया गया था। समयावधि पूरी नहीं होने के कारण शेष चार पंचायत महाराजगंज, सूही, बलिया और भरौंधा में चुनाव प्रक्रिया संपन्न नहीं हो पाई थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि दिसंबर माह में महाराजगंज पंचायत का चुनाव कराया जाएगा और शेष तीन पंचायत में चुनाव कि समयावधि फरवरी माह में पूरी हो रही है परंतु उक्त पंचायतों में चुनाव संबंधित निर्णय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लिया जाएगा।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 176 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 23 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



अफ्रीका की धरती पर आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी

# बिहार में अपराधियों के लिए जगह नहीं : सम्राट चौधरी

## नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन को मजबूत करेंगे सम्राट चौधरी : शाहनवाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अपराधियों की अब खैर नहीं। बिहार से उन्हें बाहर जाना होगा। यह राज्य अपराधियों के लिए नहीं है। गृह विभाग के मंत्री सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दो टूक यह बात कही है। श्री सम्राट शनिवार को मीडिया से मुखातिब थे। इस दौरान बिहार में योगी मॉडल लागू करने के सवाल पर उन्होंने अपराधियों को स्पष्ट चेतावनी दे दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में सुशासन स्थापित किया। अराजकता और जंगलराज को समाप्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमें सुशासन की चिंता करनी है। सम्राट चौधरी गृह विभाग संभालने से पूर्व ही क्राइम कंट्रोल पर अपनी रणनीति स्पष्ट कर चुके हैं। वे अक्सर कहते रहे हैं कि अपराधी जेल में रहेंगे या कब्र में। ऐसे में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की



पॉलिसी की चर्चा होती है। योगी मॉडल में पुलिस को खुली छूट दी गई है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर अपराधियों को सजा दिलाने की व्यवस्था है। दंगाइयों की तस्वीरें सार्वजनिक करने, उनकी संपत्ति को निशाना बनाने, पुलिस को अपराधियों का टारगेट देने समेत कई अन्य बातें योगी मॉडल में शामिल हैं। कहा जाता है कि बिहार के नए गृह मंत्री सम्राट चौधरी के बयान और उनकी कार्यशैली योगी मॉडल से मिलते-जुलते हैं। इधर पूर्व मंत्री व भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने सम्राट चौधरी के गृह मंत्री बनने पर कहा कि अपराधियों सावधान, आ गए हैं सम्राट। नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन है। नीतीश के पथ पर चलकर सम्राट सुशासन स्थापित करेंगे। नीतीश जी ने जिस तरह गृह मंत्रालय चलाया, उसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सम्राट चौधरी की है। उनके पास बड़ा अनुभव भी है। योगी मॉडल की बात पर उन्होंने कहा कि योगी जी ने यूपी में सुशासन कायम किया है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में सम्राट चौधरी सुशासन को मजबूत करेंगे।

# नीतीश कैबिनेट की पहली बैठक 25 को, कई फैसलों पर लगेगी मुहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम आने और नई सरकार के गठन के बाद शुक्रवार को मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया। अब लोगों को नीतीश कैबिनेट की पहली बैठक का इंतजार है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार 25 नवंबर को नीतीश कुमार की नई कैबिनेट की पहली बैठक होगी। इस बैठक के दौरान मुख्यमंत्री कई अहम फैसले ले सकते हैं। नीतीश कुमार की नई कैबिनेट की पहली बैठक में सरकार सबसे पहला फैसला विधानमंडल का सत्र बुलाने को लेकर लेगी। विधानमंडल के सत्र में चुनकर आए विधायकों को उनके पद की शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही सरकार अनुपूरक बजट पेश करने को लेकर भी फैसला करेगी। बता दें कि नीतीश सरकार की इससे पहले की सरकार में सम्राट चौधरी वित्त मंत्री थे। लेकिन अब यह मंत्रालय जदयू के खाते में है और ऊर्जा और वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद अनुपूरक बजट पेश करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी नई कैबिनेट की पहली बैठक में महिलाओं और युवाओं को लेकर कई अहम फैसले ले सकते हैं। इनमें महिला रोजगार और युवाओं के पढ़ाई से संबंधित फैसले हो सकते हैं। इस बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जिस तरह से बिहार की जनता ने भरोसा दिखाया है उससे एक बात तो यह साफ है कि इस बार सीएम नीतीश कुमार को पहले से कहीं ज्यादा अपने वादों को पूरा करने का प्रेशर रहेगा। खासकर बिहार में रोजगार, पलायन, पढ़ाई और दवाई के साथ ही बिहार में निवेश लाने के मुद्दे पर उन्हें पहले की अपेक्षा ज्यादा काम करना होगा। वैसे भी नीतीश कुमार की छवि हमेशा से डिलीवर करने वाले नेताओं में रही है। उन्होंने अब तक जितने भी वादे किए है उसे पूरा किया है। चाहे बिहार में शराबबंदी करने का वादा रहा हो या बिहार के लोगों के लिए सस्ती बिजली का। इन सब वादों को नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री बनते ही पूरा किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैट्रिक परीक्षा का डमी एडमिट कार्ड जारी

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं के लिए डमी एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए गए इस डमी एडमिट कार्ड के माध्यम से विद्यार्थी अपने व्यक्तिगत विवरण, विषय, फोटो, नाम, माता-पिता के नाम सहित सभी सूचनाओं की सावधानीपूर्वक जांच सकते हैं। समिति ने त्रुटि सुधार के लिए 27 नवंबर तक की तिथि तय की है।

### शिक्षक की गोली मारकर हत्या

**सारण(नबिटा ब्यूरो)।** पहलेजा थाना क्षेत्र के खरिक बाजार के पास हुई, जहां प्राथमिक विद्यालय गंगाजल में पदस्थापित 45 वर्षीय शिक्षक सनोज कुमार को बाइक सवार दो अपराधियों ने सिर में गोली मारकर फरार हो गए। शिक्षक सनोज कुमार स्कूल से अपनी बाइक पर घर लौट रहे थे और घर से कुछ ही दूरी पर थे कि पीछे से आए दो अपराधियों ने उनपर ताबड़तोड़ गोली चलाई। गोली सिर के पीछे लगी और वह सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें गंभीर हालत में पटना ले गये जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### फरार हार्डकोर नक्सली देवीलाल टुडू गिरफ्तार

**जमुई (नबिटा ब्यूरो)।** चकाई थाना क्षेत्र में नक्सली घटना को अंजाम देने के बाद दो साल से फरार चल रहे हार्डकोर नक्सली देवीलाल टुडू को अरेस्ट कर लिया गया है। उसे बांका के जयपुर थाना क्षेत्र से पकड़ा गया और शनिवार को जमुई लाया गया। गिरफ्तार नक्सली की पहचान बांका जिले के कटोरिया प्रखंड अंतर्गत खैर कुट्टी निवासी देवीलाल टुडू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार देवीलाल टुडू जमुई के चकाई थाना क्षेत्र में हुई नक्सली घटना का मास्टरमाइंड था। उस पर नक्सली वारदात को अंजाम देने का आरोप है।

### मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी घायल

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** एसटीएफ और बेगूसराय पुलिस की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। इस कार्रवाई में पुलिस के साथ एनकाउंटर में एक कुख्यात अपराधी घायल हो गया है। बताया जाता है कि सर्च ऑपरेशन के दौरान अपराधियों ने पुलिस पर गोली चलाई थी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई जिसमें एक अपराधी घायल हो गया है। इस मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी शिवदत्त राय को जांघ में गोली लगी है। उसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# भभुआ निवासी हवलदार शिवपूजन पाल की गोली लगने से मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** देवघर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र स्थित जैप-5 कैंप के मैगजीन ड्यूटी में हवलदार शिवपूजन पाल (50) को संदिग्ध परिस्थिति में गोली लगी से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। एके-47 से कुल 6 गोलियां चलीं, जो हवलदार की गर्दन के ऊपर दाढ़ी के पास लगी। हालांकि,किस परिस्थिति में गोली चली, इसकी पड़ताल की जा रही है। घटना की सूचना पाकर पहले मोहनपुर थाना के गश्ती दल ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। एसपी सौरभ की क्राइम मीटिंग से निकलकर मोहनपुर थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार भी जैप-5 परिसर पहुंचे। रांची से फॉरेंसिक टीम घटनास्थल के लिए निकल गयी है। जैप-5 के समादेष्टा दीपक कुमार भी यहां नहीं थे। मामले की सूचना पाकर वह भी मौका-ए-वारदात पर पहुंच रहे हैं। मृतक हवलदार बिहार के भभुआ जिले के रहने वाले थे। हवलदार को 6 गोलियां लगी हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी इस संबंध में कोई कुछ नहीं बता रहा है। कहा जा रहा है कि हथियार की सफाई करते समय गोली चल गयी। बहरहाल,जांच के बाद ही गोली चलने के कारणों का पता चल पायेगा। मीडियाकर्मियों को गेट पर ही रोक दिया गया है। उन्हें अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। पता चला है कि शिवपूजन की ड्यूटी मैगजीन पर थी और आज ही वह एके-47 लेकर ड्यूटी पर तैनात हुए थे। समाचार लिखे जाने तक मोहनपुर थाना की पुलिस जांच में जुटी है। वहीं जैप-5 की आंतरिक जांच जारी है।

# खाली पड़े पदों पर बहाली जल्द : दीपक प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नीतीश सरकार के मंत्रियों ने अपनी कुर्सी संभालना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को विभागों का बंटवारा हो जाने के बाद शनिवार को कई मंत्री अपने कार्यालय पहुंचे और पदभार ग्रहण किया। इनमें सबसे आगे राष्ट्रीय लोक मोर्चा सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश रहे। इस दौरान विभाग के वरीय अधिकारी मौजूद रहे और विभागीय प्रक्रियाओं की जानकारी उन्हें दी गई। मंत्री ने कहा कि गांव-गांव में हर व्यक्ति तक लोकतंत्र की शक्ति पहुंचाना उनकी प्रतिबद्धता है और जरूरत पड़ने पर नई पहल भी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में उन्हें जो जिम्मेदारी



मिली है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पंचायती राज लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है और इसकी संस्थाओं को मजबूत बनाना उनका प्राथमिक लक्ष्य होगा। विभागीय कार्यों की जानकारी लेने और समीक्षा के बाद पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि जिला परिषद की संपत्ति चिह्नित की जाएगी और उनको विकसित किया जाएगा। इससे आंतरिक आय के स्रोत में वृद्धि के साथ स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार का सृजन होगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं के अनुश्रवण हेतु एक समिति का गठन किया जाएगा जिसमें राजनीतिक दल के सदस्य सम्मिलित होंगे। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन की पारदर्शिता बढ़ेगी। सभी रिक्त पदों को भरने के लिए नियुक्ति प्रकिया तेजी से पूर्ण की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे बखूबी से निभाया जाएगा। इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। मंत्री दीपक प्रकाश ने अधिकारियों के साथ बैठक की और विभाग के कामकाज की विस्तृत जानकारी ली।

# प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में शामिल होगा शीतलहर व पाला


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बाढ़-सुखाड़ की तरह शीतलहर और पाला को अब प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में शामिल किया जाएगा। इसके लिए आपदा प्रबंधन विभाग ने राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त को पत्र लिखा है। विभाग के प्रधान सचिव व्यास जी द्वारा लिखे पत्र में कहा गया है कि प्राकृतिक आपदा में शामिल होने से पीड़ितों को सरकार के प्रावधान के मुताबिक मुआवजा मिलने में आसानी होगी। उन्होंने इसके लिए कुछ प्रावधानों का भी जिक्र किया जिसके अनुसार शीतलहर और पाला की परिस्थिति को परिभााषित किया गया है। वैसे क्षेत्र जहां सामान्य न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक हो और यदि उस जगह का न्यूनतम तापमान सात डिग्री से कम हो जाए, वैसे क्षेत्र जिसका न्यूनतम तापमान 10 डिग्री या इससे कम हो और वहां यदि तापमान पांच डिग्री से कम हो तो ये क्षेत्र शीतलहर की चपेट में माने जाएंगे। किसी क्षेत्र का तापमान अचानक शून्य डिग्री पर पहुंच जाए या रबी अथवा खरीफ फसल के लिए असामान्य परिस्थिति उत्पन्न हो जाए तो उस क्षेत्र को पाला की चपेट में आना माना जाएगा। रबी अथवा खरीफ फसल के 50 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त होने पर एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के प्रावधानों के मुताबिक किसानों को मुआवजा मिलेगा। इसके पहले केंद्रीय टीम द्वारा क्षति का आकलन भी किया जाएगा।

# बिहार के सभी बीएलए-वन को सम्मानित करेगी भाजपा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विधानसभा चुनाव में 89 सीटें जीतकर बिहार में सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी भाजपा सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के बीएलए-1 को 29 नवंबर को सम्मानित करेगी। भाजपा चुनाव प्रबंधन विभाग की बैठक में शनिवार को इसका निर्णय लिया गया। विभाग के प्रदेश संयोजक राधिका रमण के अनुसार पार्टी के प्रदेश कार्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन होगा। चुनाव के दौरान बीएलए-1 के कार्यों के महत्व को देखते हुए उन्हेंसम्मानित का निर्णय लिया गया है। बैठक में विभाग के प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, कुमार सचिन, एसके बरियार, राम तुजब सिंह, जितेंद्र राय, अनूप पांडेय आदि उपस्थित रहे। दरअसल, चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार में मतदाता गहन पुनरीक्षण कराया। उसके बाद हुए पहले चुनाव में एनडीए को प्रचंड जीत मिली तो विपक्षी राजद और कांग्रेस की करारी हार हुई। भाजपा 89 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।



# कूरियर कंपनी की आड़ में 2709 लीटर विदेशी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिंद थाना पुलिस ने शनिवार को एक बड़े शराब तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक पार्सल पिकअप वाहन से 2709 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान दो तस्करों को मौके से गिरफ्तार भी किया गया। मामला पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस के अनुसार तस्कर कूरियर कंपनी के नाम और लोगो का इस्तेमाल कर शराब को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचा रहे थे, ताकि किसी को शक न हो। बिंद थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि शेखपुरा से होकर बेनार मोड़ के रास्ते भारी मात्रा में शराब बिंद की तरफ लाई जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद फोरलेन चौराहा के पास भट्ठा पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। बेनार मोड़ की ओर से आ रहे एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोका गया। वाहन पर 'ब्लू डार्ट डाक पार्सल' लिखा हुआ था, जिससे यह एक साधारण कूरियर गाड़ी जैसा दिख रहा था। लेकिन तलाशी के दौरान पुलिस दंग रह गई। वाहन से 'मेड इन अरुणाचल प्रदेश 999 गोल्ड प्रीमियम व्हिस्की' के 301 कार्टन बरामद हुए। प्रत्येक कार्टन में 750 एमएल की 12 बोतलें थीं। कुल बोतलें: 3612, कुल शराब: 2709 लीटर।




बरामद की गई शराब की कीमत बाजार में लाखों रुपये आंकी गई है। पुलिस ने चालक और उपचालक दोनों को गिरफ्तार कर लिया। चालक उदय कुमार पासवान उर्फ हुलेश्वर पासवान (28), निवासी – डुमरी गांव, हंटरगंज थाना, चतरा (झारखंड) उपचालक: मिंटू कुमार (23), निवासी – घोरहरी गांव, चंडी थाना, नालंदा पिकअप वाहन को जब्त कर उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि यह तस्करी का एक संगठित नेटवर्क प्रतीत होता है, जिसमें कई राज्यों के लोग जुड़े हो सकते हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि इस अवैध धंधे से जुड़े अन्य लोगों और मास्टरमाइंड का पता लगाया जा सके। बिंद थाना पुलिस की इस कार्रवाई को जिले की अब तक की सबसे बड़ी शराब बरामदगी में से एक माना जा रहा है।

## जनता दरबार में आए दो मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। मुख्यालय स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शनिवार को अंचलाधिकारी के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस मौके पर अंचल नाजिर शिव शंकर कुमार भी मौजूद रहे। अंचलाधिकारी ने बताया कि बीते 20 सितंबर से पूर्व प्रत्येक शनिवार को रैयती जमीनी विवाद के निराकरण को लेकर थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया जाता था। किंतु विभागीय आदेश के बाद अब प्रत्येक शनिवार को अंचल कार्यालय परिसर में ही जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस बार अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में रजौली क्षेत्र के अंधरबारी एवं चौथा गांव से जमीन संबंधी दो मामले आए थे,जिसमें अंधरबारी गांव के परमेश्वर प्रसाद व दिनेश चौधरी एवं चौथा गांव के धीरेन्द्र प्रसाद व उमेश प्रसाद के बीच जमीन के स्वामित्व और दखल को लेकर विवाद था।अंचलाधिकारी ने कहा कि दोनों मामलों में दोनों पक्षों की मौजूदगी में मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। अंचलाधिकारी ने आमलोगों से अपील किया कि वे जमीन विवाद को लेकर आपस में लड़ाई-झगड़ा नहीं करें,बल्कि अंचल कार्यालय में आयोजित होने वाले जनता दरबार में आकर विवादों का निराकरण करवाएं। इस मौके पर अंचल गार्ड समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# लोक अदालत की सफलता हेतु थाना प्रभारियों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के मार्गदर्शन में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा सुश्री शिल्पी सोनी राज के निर्देशानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर 2025 को सफलतापूर्वक आयोजन हेतु आज 22 नवंबर 2025 को लाईब्रेरी हॉल, व्यवहार न्यायालय, नवादा में जिले के सभी थाना अध्यक्षों/प्रभारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सचिव धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सभी थाना अध्यक्षों को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए निर्गत नोटिसों के तामिला के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नोटिसों का शत-प्रतिशत तामिला सुनिश्चित करें तथा पंचायत एवं ग्राम स्तर पर सक्रियता दिखाते हुए अधिक से अधिक पक्षकारों को उपस्थिति हेतु



जागरूक व प्रेरित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि लोक अदालत की सफलता निर्गत नोटिसों के तामिला एवं पक्षकारों की उपस्थिति पर निर्भर करती है, अतः सभी थानों से त्वरित, सटीक एवं अधिकतम तामिला प्रतिवेदन उपलब्ध कराना अनिवार्य है। बैठक के दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि संबंधित थानों में भेजे गए नोटिसों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक सुलहनीय वादों का निस्तारण आपसी समझौते के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके। बैठक में नगर थाना नवादा, मुफस्सिल, नारदीगंज, हिसुआ, सिरदला, रजौली, अकबरपुर, काशीचक, मेसकौर, वारिसलीगंज, रोह, पकरीबरामा, गोविन्दपुर, कौवाकोल, कादिरगंज, सीतामढ़ी, थाली, नेमदारगंज, रूपौ, धमौल, शाहपुर, बुंदेलखंड एवं यातायात थाना सहित जिले के सभी थाना अध्यक्ष/प्रभारी एवं स्थायी लोक अदालत नवादा के पेशकार राकेश कुमार उपस्थित थे।

# विजेता और उप विजेता रग्बी व खो खो खिलाड़ियों को नालंदा कॉलेज की प्राचार्या ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जेएनएल खगौल पटना में आयोजित पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय (पीपीयू) इण्टर कॉलेज खेल प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता रही नालंदा कॉलेज की रग्बी और खो खो टीम के खिलाड़ियों को प्राचार्या प्रो सुनीता सिन्हा ने शनिवार को सम्मानित किया। उन्होंने प्रथम स्थान पर रहने वाली रग्बी खिलाड़ी चुनचुन कुमारी और द्वितीय स्थान पर रहने वाली रेशम कुमारी और आशा कुमारी को सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने उप विजेता खो खो टीम के कप्तान सौरभ कुमार एवं खिलाड़ी यश चौहान, संजीत कुमार, आलोक कुमार, विश्वजीत कुमार, नीरज कुमार, रिशु कुमार, शंकर कुमार, सिंटू कुमार, सोनू कुमार साहिल, सोनू कुमार को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्पोर्ट्स टीचर एवं कोच दिलीप कुमार पटेल के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते




हुए प्राचार्या ने कहा कि विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उनकी तैयारी और प्रशिक्षण की विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के प्रयासों की मेहनत की प्रशंसा की। इस अवसर पर कोच दिलीप कुमार पटेल, डॉ मृत्युंजय सिंह एवं विनय कुमार भी मौजूद थे।

## दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के मानडीह गांव से पुलिस बलों ने दो वांछित वारंटियों को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में दो लोगों को थाना के पदस्थापित एएसआई संजय कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार लोगों की पहचान मानडीह गांव निवासी स्व. दहन भोक्ता के पुत्र रामोतार भोक्ता एवं रामोतार भोक्ता के पुत्र मुन्ना भोक्ता के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों गिरफ्तार वारंटियों को शनिवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करवाकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# बेरोजगार युवाओं को सरकार देगी टूल किट और स्टडी किट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बेरोजगार और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं के लिए नालंदा से राहत भरी खबर आई है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिले के प्रशिक्षित युवाओं को टूल किट और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को स्टडी किट उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 10 दिसंबर तक जिला नियोजनालय कार्यालय में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी वक्कास ने बताया कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे युवाओं को रोजगार




स्थापित करने और पढ़ाई जारी रखने में यह योजना बड़ी मदद साबित होगी। योजना का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी की पारिवारिक वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम होनी चाहिए। इसके अलावा आवेदक का छह महीने पहले जिला नियोजनालय में निबंधन होना अनिवार्य है। बिना निबंधन के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सरकार द्वारा शुरू की गई यह योजना उन युवाओं के लिए बेहद उपयोगी है जिन्होंने किसी तकनीकी क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। टूल किट निम्नलिखित ट्रेड वाले युवाओं को दी जाएगी— इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल रिपेयर, फिटर, प्लम्बर, घरेलू उपकरण मरम्मत, ब्यूटीशियन, सिलाई मशीन ऑपरेटर तथा अन्य व्यावसायिक ट्रेड। प्रत्येक पात्र युवा को उसके प्रशिक्षण के अनुरूप उपकरणों और औजारों की संपूर्ण किट प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपना स्वरोजगार शुरू कर सकें। वहीं सरकार ने ऐसे युवाओं की मदद का भी निर्णय लिया है जो आर्थिक कारणों से महंगी अध्ययन सामग्री खरीदने में सक्षम नहीं हैं। स्टडी किट में शामिल होंगी। यूपीएससी, बीपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें व मार्गदर्शिकाएं। स्टडी किट के लिए अभ्यर्थी के पास इंटरमीडिएट या स्नातक की डिग्री होना अनिवार्य है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पात्र युवा केवल एक ही किट के लिए आवेदन कर सकते हैं। टूल किट और स्टडी किट दोनों के लिए एक साथ आवेदन मान्य नहीं होगा।

## एक नजर

### एसपी ने की गांव पहुंचकर मामले की जांच

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव निवासी पवन कुमार के साथ हुई मारपीट मामले की जांच एसपी अभिनव धीमान ने की। घटना के संबंध में बताया गया कि 20 नवंबर की रात 8 बजे पकरीबरावां थाना को सूचना प्राप्त हुई कि सिमरिया गांव के पवन कुमार पिता स्व. राधेश्याम सिंह के साथ गांव के बाहर मारपीट की गई है। सूचना के बाद अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू की गई। पकरीबरावां के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार भास्कर के नेतृत्व में कांड के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी टीम का गठन किया गया है। बताया गया कि अनुसंधान के दौरान मारपीट की घटना प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है ना कि दो विशेष पक्षों के बीच मनमुटाव एवं मारपीट की घटना प्रतीत हो रहा है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। आमलोगों से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें।

### छोटी बच्ची से दुर्व्यवहार मामले में शिक्षक निलंबित

**रजौली**। मुख्यालय स्थित डीएवी स्कूल में बीते तीन दिनों पूर्व एक शिक्षक पर स्कूल में पढ़नेवाली छोटी बच्ची पर दुर्व्यवहार का आरोप उसकी मां द्वारा लगाया गया था। इस मामले में स्कूल प्रबंधन ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बीते 18 नवंबर को स्कूल से घर जाने के बाद शाम में अपनी मां को बताई कि उसके शरीर में दर्द हो रहा है। पीड़ित मां द्वारा पहले सामाजिक प्रयास किया गया, किंतु जब समस्या का समाधान नहीं हो पाया, तो थाना में इसकी मौखिक शिकायत की गई। शिकायत मिलने के बाद 19 नवंबर की रात्रि को पुलिस ने आरोपी शिक्षक को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ किया। अगले दिन पीड़ित परिजनों और स्कूल के शिक्षकों के साथ साथ पुलिस बलों के बीच घंटों तक बहसबाजी चलती रही। इस दौरान देर शाम तक पीड़ित बच्ची की मां ने थाने को लिखित शिकायत देकर अग्रतर कानूनी कार्रवाई से मना कर दी।पुलिस को लिखित आवेदन नहीं मिलने के बाद, हिरासत में रहे आरोपी शिक्षक को थाना से आवश्यक निर्देश देकर छोड़ दिया गया। इस बाबत डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल पी. शाहा ने बताया कि आरोपी शिक्षक को स्कूल प्रबंधन द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

### धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया को प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने हेतु बैठक

**नवादा**। 22 नवंबर 2025 को समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी पैक्स अध्यक्षों व मिल संचालकों से विस्तृत चर्चा करते हुए धान अधिप्राप्ति से जुड़ी समस्याओं एवं आवश्यक सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इस वर्ष जारी लक्ष्य के अनुरूप जिले में अधिकतम मात्रा में धान अधिप्राप्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को उचित एवं लाभकारी मूल्य प्राप्त हो सके। जिला पदाधिकारी ने कहा कि गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान अधिप्राप्ति के समतुल्य सीएमआर की गुणवत्ता पूर्व वर्ष की भांति उच्च स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप राइस मिलरों द्वारा अग्रिम सीएमआर उपलब्ध कराने के बाद ही पैक्स के माध्यम से धान की आपूर्ति की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने अधिप्राप्ति कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने और इसे पारदर्शी, व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित मिल संचालकों को भी गुणवत्ता सुनिश्चित करने, निर्धारित मानकों के अनुरूप ही चावल उपलब्ध कराने तथा प्रक्रिया को नियमबद्ध रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए।



# सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। वेना थाना क्षेत्र के वेना बाजार स्थित पुल के पास शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे बने करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक बाजार से ट्रैक्टर लेकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान वेना बाजार के पास पुल के निकट वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया। बताया जाता है कि जैसे ही ट्रैक्टर असंतुलित हुआ चालक ने कूदकर खुद को बचाने की कोशिश की लेकिन दुर्भाग्यवश ट्रैक्टर का चक्का उसके ऊपर चढ़ गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान वेना




थाना क्षेत्र के कमलबीघा गांव निवासी दिनेश राम के 35 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार के रूप में की गई है। सूचना मिलते ही वेना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। वेना थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है। इधर हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया।

## निःशुल्क टाई, बेल्ट एवं पहचान पत्र मिलने से बच्चे हुए खुश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां प्रखण्ड की धमौल पंचायत के प्राथमिक विद्यालय तुर्कवन में प्रधान शिक्षक मो. महताब आलम ने अपने खर्च से बच्चों के लिए टाई, बेल्ट एवं पहचान पत्र बनाए। प्रधान शिक्षक ने बताया कि बच्चे स्कूल के यूनिफॉर्म में आते हैं। बच्चों ने उनसे कहा कि टाई, बेल्ट एवं आईडी कार्ड रहता तो अच्छा रहता। इस पर प्रधान शिक्षक ने बच्चों को आश्वासन दिया था कि वे बच्चों के लिए टाई, बेल्ट एवं परिचय पत्र बनवाएंगे। बच्चों को ये सामग्रियां निःशुल्क दी गई। बच्चों से कहा गया कि प्रतिदिन वे विद्यालय के पोशाक एवं टाई, बेल्ट पहनकर तथा परिचय पत्र लगाकर आएं। निःशुल्क समाग्री मिलने पर बच्चों के चेहरे पर काफी खुशी देखी गई।

# भाजपा के दो कार्यकर्ताओं की मौत से शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। भारतीय जनता पार्टी की नालंदा जिला इकाई के लिए शनिवार का दिन बेहद दुखद साबित हुआ। चंद घंटों के भीतर पार्टी ने अपने दो प्रमुख कार्यकर्ताओं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष निशा कश्यप और पूर्व जिला महामंत्री सियाशरण आर्य को खो दिया। दोनों के निधन की खबर से संगठन में शोक की लहर दौड़ गई। गाजीपुर, पावापुरी की रहने वाली निशा कश्यप का प्रसव के दौरान बिहारशरीफ सदर अस्पताल में स्थिति गंभीर हो गई थी। डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। निशा कश्यप ने एक बेटे को जन्म दिया, लेकिन नवजात को छोड़कर वह इस दुनिया से विदा हो गई। वह भाजपा महिला मोर्चा की सक्रिय जिलाध्यक्ष थीं और माधवलाल कश्यप की धर्मपत्नी थी। इसी बीच हिलसा, गंज निवासी और भाजपा नालंदा के पूर्व जिला महामंत्री सियाशरण आर्य




के निधन की खबर ने कार्यकर्ताओं को गहरे सदमे में डाल दिया। स्वर्गीय सीताराम के पुत्र सियाशरण आर्य बचपन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे और लंबे समय तक संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। भाजपा जिला कार्यालय मेहनौर में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने निशा कश्यप को श्रद्धांजलि दी। नम आंखों के बीच उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर बिदाई दी। इस दौरान उनके पति माधवलाल कश्यप और परिजनों को ढांढस बंधाया गया। दिवंगत नेताओं की आत्मा की शांति के लिए 23 नवंबर को दोपहर 12 बजे भाजपा जिला कार्यालय मेहनौर में शोक सभा आयोजित की जाएगी। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि कुछ ही घंटों के अंतराल में दो सक्रिय पदाधिकारियों को खोना अत्यंत पीड़ादायक है। यह नुकसान पार्टी के लिए अपूरणीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा परिवार इस कठिन समय में दोनों परिवारों के साथ खड़ा है और हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# प्रतियोगी छात्रों के लिए निःशुल्क पुस्तकालय व आइटी लैब की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा के रूप में संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय, नवादा में नियोजन-सह-मार्गदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत कैरियर इंफॉर्मेशन सेंटर संचालित किया जा रहा है। इस केंद्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए 2000 से अधिक पुस्तकों वाली आधुनिक पुस्तकालय व्यवस्था उपलब्ध है। सीआईसी में आईटी लैब की सुविधा भी विकसित की गई है, जहां 11 कंप्यूटर संचालित हैं। यहां एनसीएस (राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल) पर पंजीकृत अभ्यर्थी निःशुल्क पुस्तकालय एवं आइटी लैब की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से उन युवाओं के लिए उपयोगी है जो बाहर महंगे शिक्षण संसाधनों पर



व्यय करने में असमर्थ हैं। प्रतिभागी सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक पुस्तकालय एवं आईटी लैब का उपयोग कर सकते हैं। इस पुस्तकालय में युवाओं के लिए निःशुल्क वाई-फाई, शांत एवं अनुकूल अध्ययन कक्ष सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे वे बेहतर तरीके से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। इस पुस्तकालय का लाभ लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को जिला नियोजनालय, नवादा में एनसीएस पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन कराना आवश्यक है। पंजीकरण के लिए एक पासपोर्ट आकार की फोटो, एक मान्य पहचान पत्र तथा उच्च शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा।

# मंत्री श्रवण कुमार के गृह प्रखंड में उड़ा गुलाल, बंटी मिठाइयां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नूरसराय (बिहारशरीफ)**। श्रवण कुमार को पुनः मंत्री बनाए जाने की खबर मिली। खबर सुनते ही नूरसराय वासियों घर से बाहर निकल आए और एक दूसरे को बधाइयां देने लगे। यही नहीं इस दौरान दिन के उजाले में ही होली और दीपावली का एक साथ नजारा देखने को मिला। वेन प्रखंड के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन कार्यालय नूरसराय में एनडीए कार्यकर्ताओं के द्वारा 10 वीं मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के पश्चात एनडीए नेताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं व



समर्थसकों ने कहा कि जिलेवासियों में काफी हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने पुनः श्रवण कुमार को मंत्री मंडल में शामिल करायें जानें को लेकर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार और धन्यवाद प्रकट किया। श्रवण कुमार हमेशा कार्यकर्त्ताओं व क्षेत्रवासियों के दुःख सुख में शामिल होते हैं तथा मान और सम्मान की हमेशा रक्षा करते हैं। गरीबों वंचितों के विकास को हमेशा तत्पर रहते हैं। उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान कराने को मजबूती से लगे रहते है। "नालन्दा के सभी वर्गों ने जिस उमंग के साथ लोकतंत्र में आगे आए,उससे पूरे जिले में सकारात्मक माहौल बना। नालन्दा की जनता सीएम नीतीश कुमार व मंत्री श्रवण कुमार को दिल से शुक्रिया अदा करते हैं।" बिहार वासियों एवं जिलेवासियों को विशेष हमलोग धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने पुनः जनप्रिय नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पुनः अपार स्नेह प्यार और आशीर्वाद दिया व उनके चेहरे पर विश्वास किया। न्याय के साथ विकास और सुशासन नीतीश मांडल पर अपनी मुहर लगा दी।ये जीत समाज के गरीबों,वंचितों, शोषितों की जीत है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा कहते हैं बिहार की जनता ने हमें खिदमत करने के लिए अपना आशीर्वाद दिया और यही हमारा प्राथमिक लक्ष्य रहा है। इस अवसर पर छात्र जदयू नेता सन्नी महतो रोहित कुमार प्रिंस शर्मा समर राज गणेश कुमार संजीत कुमार विरवल कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीतामढ़ी मेला महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर डीएम ने की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में सीतामढ़ी मेला महोत्सव-2025 के सफल आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी मेसकौर को निर्देश दिया कि वे पूर्व में मेला आयोजित करने वाले प्रमुख आयोजकों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र बैठक आयोजित करें, ताकि मेला संचालन के पारंपरिक स्वरूप एवं आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला प्रारंभ होने से पूर्व स्थल की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी मेला स्थानीय संस्कृति व परंपराओं का प्रतीक है, इसलिए स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता देते हुए सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जाए, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को जिला स्तरीय पहचान मिल सके। इसके लिए एक सुव्यवस्थित सांस्कृतिक कार्यक्रम सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन के लिए पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सीय सहायता तथा सुरक्षा जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मेले में आने वालों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। बैठक के अंत में उन्होंने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने तथा समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया, ताकि इस वर्ष का सीतामढ़ी मेला महोत्सव सुरक्षित, भव्य एवं सफल रूप से संपन्न हो सके। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी नवादा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी मेसकौर एवं अन्य उपस्थित थे।

# इ-शिक्षा कोष पोर्टल पर फर्जी आंकड़े अपलोड हुए तो नपेंगे प्रधानाध्यापक व कर्मी

## प्रत्येक कार्य दिवस के दिन चार बजे से पहले पोर्टल पर एमडीएम की रिपोर्ट करनी होगी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** मध्याह्न भोजन योजना की निगरानी को लेकर इसे और अधिक सुचारू व पारदर्शी बनाने के लिए बिहार शिक्षा विभाग के निदेशक मध्याह्न भोजन विनायक मिश्रा ने डीइओ व डीपीओ एमडीएम को निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में निदेशक ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के बाद भेजी गयी रिपोर्ट को मान्य नहीं किया जायेगा और ऐसे विद्यालयों को परिवर्तन मूल्य (कन्वर्जन कॉस्ट) का भुगतान भी नहीं किया जायेगा। साथ ही जारी निर्देश में कहा है कि विद्यालयों को प्रतिदिन भोजन पकने, वितरण होने, लाभान्वित बच्चों की संख्या, उपस्थिति तथा अन्य संबंधित गतिविधियों की सही-सही प्रविष्टि करनी है। विभाग का कहना है कि इस व्यवस्था से न केवल भोजन वितरण की वास्तविक स्थिति की निगरानी आसान होगी, बल्कि विद्यालयवार उपस्थिति और भुगतान प्रक्रिया भी समय पर पूरी की जा सकेगी। निदेशक ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि कोई विद्यालय गलत प्रविष्टि करता है, स्कूल को जानबूझकर बाधित दिखाता है या फर्जी आंकड़ा अपलोड करता है तो संबंधित प्रधानाध्यापक व जिम्मेदार कर्मियों पर कार्रवाई की जायेगी। रिपोर्टिंग में लापरवाही को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। निदेशक ने जारी निर्देश में कहा है कि इ-शिक्षा कोष पर प्राप्त दैनिक रिपोर्ट की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की जाती है। समीक्षा बैठक में यह पाया गया कि कई विद्यालय समय पर रिपोर्ट नहीं भेजते, अधूरी जानकारी दर्ज करते हैं या देर रात के बाद (कई बार आधी रात के बाद) भी डेटा अपलोड करते हैं। देर से रिपोर्ट भेजे जाने के कारण भोजन वितरण की वास्तविक स्थिति और भुगतान प्रक्रिया प्रभावित होती है। ऐसे में योजनाओं के संचालन की पारदर्शिता और प्रभावशीलता दोनों पर असर पड़ता है। इन समस्याओं को दूर करने और मध्याह्न भोजन योजना को बेहतर तरीके से लागू करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने रिपोर्टिंग समय का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। निदेशक ने सभी सरकारी स्कूलों से अपील की है कि वे इस दिशा में गंभीरता दिखाएं तथा पोर्टल पर रोजाना समय पर अपडेट दें, ताकि बच्चों को समय पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा सके और योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित रहे।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबंध में डीपीओ एमडीएम शंभू प्रसाद सिंह ने बताया कि मध्याह्न भोजन निदेशक द्वारा जारी पत्र के आलोक में जिले के सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया गया है कि चार से पहले एमडीएम से संबंधित आंकड़े शिक्षा कोष पोर्टल पर दर्ज कर दें, नहीं तो कन्वर्जन कॉस्ट का भुगतान नहीं किया जायेगा, साथ ही संबंधित प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की जायेगी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने मंडल कारा का निरीक्षण किया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) के सचिव सुमन सौरभ ने शनिवार को भभुआ मंडल कारा का निरीक्षण किया। कारा निरीक्षण के दौरान सचिव ने विचाराधीन कैदियों और बंदियों से उनकी समस्याओं के संबंध में बातचीत की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी बंदी को कानूनी प्रतिनिधित्व के अभाव में जेल में न रहना पड़े और पात्र व्यक्तियों को मुफ्त विधिक सहायता प्रदान की जा रही है या नहीं। निरीक्षण दल ने जेल की विभिन्न बैरकों, रसोईघर, अस्पताल और पुस्तकालय का भी अवलोकन किया। कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# अधौरा में प्रतिबंधित सांभर को तस्करों ने गोली मारकर उतारा मौत के घाट

## ढाई सौ किलो के मृत सांभर के साथ वन विभाग ने तेज धार हथियार व स्कॉर्पियो किया बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** अधौरा के गढ़वा जंगल में वन्यजीव तस्करों ने शिकार के लिए प्रतिबंधित सांभर की गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक कुख्यात पशु तस्कर को पकड़ लिया है जबकि उसके साथ रहे अन्य पांच तस्कर मौके से भाग निकले। वन विभाग ने इस दौरान सांभर की मौत के बाद मांस काटने में उपयोग किया जानेवाला धारदार हथियार, काफी मात्रा में बोरा और एक स्कॉर्पियो जब्त किया है। सांभर मारने में धराया पशु तस्कर अधौरा गांव निवासी कमरुद्दीन मियां का बेटा शकील अहमद बताया जाता है। पकड़े जाने के बाद पशु तस्कर को वन विभाग के कार्यालय लाया गया जहां से शनिवार को मेडिकल जांच कराने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है जबकि मौके से फरार हुए पांच अन्य तस्करों की पहचान कर वन विभाग उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कैमूर डीएफओ संजीव रंजन ने बताया कि बीते शुक्रवार की रात डेढ़ बजे के करीब वन विभाग की टीम द्वारा अधौरा वन क्षेत्र में सघन गश्त की जा रही थी। इसी क्रम में करर और ताला के बीच सड़क किनारे लावारिस हालत में खड़े एक बाइक को देख वन विभाग की टीम आसपास मौजूद लोगों को ढूंढ़ने लगी, लेकिन जब कोई दिखायी नहीं दिया तो वन विभाग के पुलिसकर्मी बाइक को ले जाने लगे, तभी झाड़ियों के बीच से धराया तस्कर निकला और लघुशंका करने की बात पुलिसकर्मियों को बतायी। लेकिन, आधी रात के समय काफी देर तक ढूंढ़ने के बाद मिले व्यक्ति द्वारा लघुशंका की बात कहने पर पुलिसकर्मियों को शक हुआ और जब उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की और जंगल के अंदर वन विभाग की पुलिस गयी, तो अंधेरे में कुछ लोगों के भागने की आवाज आयी। इसके बाद सर्च अभियान चलाया गया तो करर और ताला गांव के बीच विशालकाय सांभर गिरा हुआ मिला। डीएफओ ने बताया कि तस्करों ने उसे दो गोली मारी थी, जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। सांभर मारने के बाद मांस को बोरे में ले जाने की थी तैयारी डीएफओ ने बताया कि वन विभाग के पुलिसकर्मियों की कार्रवाई के दौरान एक तस्कर को पकड़ने के साथ साथ मांस काटने का धारदार हथियार और काफी संख्या में बोरे जब्त किये गये।

# सम्राट चौधरी के गृह मंत्री बनने से अपराधियों में बढ़ी बेचैनी : मनीष पंकज मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार के नव नियुक्त उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यभार संभालते ही राज्य में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का बिगुल बजा दिया है। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि बिहार में अब अपराध और अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अपराध करने से पहले हर अपराधी को सौ बार सोचना पड़ेगा, क्योंकि कानून की पकड़ अब पहले से कहीं अधिक कठोर और तेज होगी। बताया जा रहा है कि बेगूसराय में काउंटर एक्शन की शुरुआत ने राज्य को यह मजबूत संकेत दिया है कि बिहार में ''योगी मॉडल'' या ''उत्तर प्रदेश मॉडल'' जैसी त्वरित और कठोर कार्रवाई लागू की जाएगी। सरकार का फोकस कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, अपराधियों में भय का वातावरण बनाने और आम जनता में सुरक्षा की भावना को पुनः स्थापित करने पर है। इस संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ.



मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में गृह विभाग की सक्रियता से बिहार में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि अब राज्य में अपराधियों को राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण का रास्ता बंद हो चुका है। सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है–अपराध मुक्त बिहार। डॉ. मिश्रा ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि कठोर कानून व्यवस्था और त्वरित कार्रवाई से बिहार में शांति और विकास की राह और मजबूत होगी तथा लोग निडर होकर अपना जीवन जी पाएंगे। उन्होंने इसे बिहार के लिए एक निर्णायक बदलाव की शुरुआत बताया।

# दीक्षांत समारोह को लेकर कुलसचिव ने छात्र संगठनों संग की महत्वपूर्ण बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय में आगामी दीक्षांत समारोह को सफल, सुचारु और गरिमामय बनाने के उद्देश्य से कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक छात्र संगठनों के नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण वार्ता कुलसचिव कक्ष में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समारोह के दौरान शांति, अनुशासन और सहयोग सुनिश्चित करना था। बैठक में शामिल सभी छात्र नेताओं ने उत्साहपूर्वक विश्वविद्यालय प्रशासन का सहयोग करने और पूरे आयोजन के दौरान शांति एवं अनुशासन बनाए रखने का आश्वासन दिया। कुलसचिव प्रो. मंगलम ने सभी छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों को आगामी दीक्षांत समारोह में सम्मानपूर्वक शामिल होने का व्यक्तिगत आमंत्रण भी



दिया। इस अवसर पर प्रो. मंगलम ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन सभी छात्र संगठनों के सकारात्मक रवैये का स्वागत करता है और आशान्वित है कि संयुक्त प्रयासों व रचनात्मक सहयोग से दीक्षांत समारोह इतिहास की दृष्टि से एक भव्य और मर्यादित आयोजन के रूप में स्थापित होगा। बैठक में छात्र जनता दल यूनाइटेड से यश वर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से सूरज सिंह, एआईएसएफ से रविंद्र कुमार, छात्र राजद से संतोष कुमार, एनएसयूआई से सोनू कुमार और इंकलाबी छात्र संगठन से कमलेश कुमार सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रेलवे लाइन पर मिली युवक की लाश, हत्या की प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**परैया।** थाना क्षेत्र के रामडीह गांव के युवक विवेक पासवान की मौत के बाद शनिवार को परिजनों ने हत्या की प्राथमिकी थाने में दर्ज करायी है। गौरतलब हो कि परैया और गुरारू रेलवे स्टेशन के बीच जमालपुर रेल गुमटी के पास बुधवार की रात रामडीह गांव के युवक विवेक पासवान का शव देखा गया था जिसकी सूचना गेट मैन ने स्थानीय थाना को दिया। उस समय मृतक के परिजन शव मिलने के बाद पोस्टमार्टम कराने से इन्कार करते हुए शव अपने घर ले गये जबकि सुबह होते ही परिजनों ने हंगामा शुरू करते हुए हत्या की आशंका जतायी जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम कराया गया। थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी ने बताया कि युवक की मौत को लेकर परिजनों ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी है जिसमें चार लोगों को नामजद किया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बलथरी कांड के तीसरे आरोपित की तलाश जारी, हड़ताल समाप्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** 19 नवंबर को बलथरी गांव स्थित पंचायत भवन में घुसकर महिला कार्यपालक सहायक से बदसलूकी व अभद्र टिप्पणी करने के अलावा पंचायत सचिव के साथ मारपीट के बाद कथित तौर पर उन्हें निर्वस्त्र कर पूरे गांव में घुमाने के मामले में नामजद तीसरे आरोपित अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। हालांकि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने इस मामले में नामजद दो आरोपित बृजबिहारी राय के पुत्र राजा बाबू राय व सुदेश्वर पांडेय के पुत्र रंजीत कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि तीसरे आरोपित लक्ष्मण कुशवाहा के पुत्र सचिता कुशवाहा की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि इस कांड में फरार चल रहे तीसरे आरोपित की गिरफ्तारी शीघ्र ही की जायेगी या फिर पुलिस दबिश से तंग आकर उसे न्यायालय में आत्मसमर्पण करना पड़ेगा। गौरतलब हो कि गत 19 नवंबर को बलथरी पंचायत भवन में घुसकर गांव के तीन युवकों ने महिला कार्यपालक सहायक पूजा कुमारी से बदसलूकी की थी। वहीं, पंचायत सचिव सुरेंद्र कुमार पासवान से मारपीट कर उन्हें निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया था। उसी दिन घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। हालांकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस मामले में पंचायत सचिव के बयान पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू की थी। इधर प्रखंड स्तरीय कर्मचारियों ने 21 नवंबर को कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी। इसके बाद बीडीओ चंद्रभूषण गुप्ता, आरओ रवींद्र सिंह, थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने धरना दे रहे कर्मचारियों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग काम पर वापस नहीं लौटे। बीडीओ चंद्रभूषण गुप्ता ने बताया कि शनिवार से प्रखंडस्तरीय सभी कर्मचारी हड़ताल से वापस अपने काम पर लौट आये हैं। इधर, सचिव से मारपीट का वायरल वीडियो होने से सरकारी कर्मी डरे-सहमे हैं।

# लंबे समय से फरार चल रहा आरोपित अजय कुमार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** धोखाधड़ी और चेक बाउंस के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी अजय कुमार को शेरघाटी पुलिस ने चिताप कला गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि अजय कुमार ने चेक के माध्यम से लेनदेन किया था, लेकिन भुगतान के समय चेक बाउंस हो गया जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने अदालत की शरण ली। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ वारंट जारी किया था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को गांव में दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आर्थिक लेन देन से जुड़े मामलों में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से लोगों में हड़कंप है।

# वैश्विक क्रॉसवर्ड: एरिक और मैथ्यू का दबदबा कायम

## पहला चरण समाप्त, बेंगलुरु में होगा अंतिम मुकाबला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अमेरिका के कैनसस सिटी के एरिक एगार्ड और उनके हमवतन पोर्टलैंड के मैथ्यू मार्कस ने वैश्विक इंडियन क्रॉसवर्ड लीग के 13वें संस्करण में अपना दबदबा बरकरार रखा है। प्रतियोगिता के प्रारंभिक चरण के 10वें और अंतिम ऑनलाइन राउंड में, एरिक पहले स्थान पर रहे, जबकि मैथ्यू उनके ठीक पीछे दूसरे स्थान पर रहे। दिलचस्प बात यह है कि अगले दो स्थान भी विदेशी खिलाड़ियों ने हासिल किए हैं - कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया के फिलिप कूट और न्यूपोर्ट न्यूज़, अमेरिका के नेविल फोगार्टी, क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर। 10वें राउंड के अंत के साथ अंतिम संचयी लीडरबोर्ड तैयार हो गया है। इसमें भी मैथ्यू और एरिक क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं। चेन्नई के रामकी कृष्णन जो छह बार के चैंपियन हैं, संचयी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। संचयी बोर्ड में शीर्ष 30 और 10 ऑनलाइन राउंड में से किसी एक का विजेता बेंगलुरु में होने वाले ऑफलाइन ग्रैंड फिनाले के लिए क्वालीफाई करेगा। बहरीन के मनामा की सौम्या रामकुमार छठे स्थान पर और थाईलैंड के बानचांग के वसंत श्रीनिवासन 25वें स्थान पर शीर्ष 30 में शामिल अन्य दो विदेशी खिलाड़ी हैं। हालांकि कूटे और फोगार्टी अंतिम स्टैंडिंग में क्रमशः 39वें और 63वें स्थान पर हैं। आयोजकों के पास प्रदर्शन में निरंतरता के आधार पर खिलाड़ियों को ग्रैंड फिनाले में वाइल्ड कार्ड एंट्री देने का विवेकाधिकार है। बौद्धिक गतिविधियों को प्रदर्शित करने और संरक्षित करने के लिए नागरिक समाज की पहल एक्स्ट्रा-सी द्वारा संचालित, एक दोहरे चरण की प्रतियोगिता है, जिसमें दुनिया भर के शीर्ष क्रॉसवर्ड खिलाड़ी प्रतिष्ठित क्रॉसवर्ड चैंपियन ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

# दो पक्षों में मारपीट, दोनों तरफ से प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम आंती में दो पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट को लेकर विवाद सामने आया है। शराब के नशे में हुए इस विवाद के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया है। ग्राम आंती निवासी उपेंद्र कुमार, जो स्व. बिनोद भगत के पुत्र हैं, ने थाने में आवेदन दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि 18 नवंबर को राजीव कुमार (पिता स्व. जगन्नाथ सिंह) ने शराब के नशे में उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। वहीं, दूसरे पक्ष से राजीव कुमार की पत्नी वीणा देवी ने भी उपेंद्र कुमार के खिलाफ अलग से शिकायत दर्ज कराई है। वीणा देवी का आरोप है कि उपेंद्र कुमार ने उनके पति के साथ गाली-गलौज और मारपीट की है। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने शनिवार दोपहर 2:30 बजे घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# बीज वितरण में धांधली, किसानों से वसूले जा रहे मनमाने पैसे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** गुरुआ प्रखंड में बीज वितरण को लेकर गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं। किसानों का आरोप है कि कृषि विभाग द्वारा अनुदानित दर पर उपलब्ध कराए जाने वाले गेहूं बीज के वितरण में दुकानदार मनमानी कर रहे हैं और निर्धारित कीमत से अधिक पैसे वसूल रहे हैं। किसानों के अनुसार 40 किलो गेहूं बीज का सरकारी मूल्य 1000 रुपये तय है, लेकिन स्थानीय स्तर पर उनसे 1140 रुपये तक वसूले जा रहे हैं तो वही चना निर्धारित मूल्य 42 रुपए प्रति किलोग्राम पर किसानों से 45 प्रति किलोग्राम उगाही की जा रही है तो मटर 213 रुपए में 8किलोग्राम देना है पर 290 रुपए किसानों से लिया जा रहा है। इतना ही नहीं कई किसानों को बीज के बदले रसीद भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है जिससे अनियमितता और बढ़ जाती है। किसानों का कहना है कि यदि सरकारी व्यवस्था में इसी तरह खुलेआम मनमानी होगी, तो वे उचित लाभ और सुविधाओं से वंचित रह जाएंगे जब इस विषय में प्रखंड कृषि पदाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि ऐसी शिकायतें मिल रही हैं तो पूरे मामले की जांच की जाएगी और दोषी दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पौरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय की चहारदीवारी नहीं होने से हो रही परेशानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चांद।** प्रखंड अंतर्गत कुड्डी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पौरा में विद्यालय की चहारदीवारी नहीं होने के चलते काफी परेशानी होती है। कई बार विद्यालय का ताला तोड़कर चोरों द्वारा चोरी की घटना को भी अंजाम दिया गया है। विद्यालय तक जाने का रास्ता खराब होने के चलते शिक्षक अपनी बाइक को बरसात होने की स्थिति में सड़क पर ही खड़े कर देते हैं जहां से बाइक चोरी की भी समस्या बनी रहती है। विद्यालय में चहारदीवारी नहीं होने के चलते विद्यालय के जमीन पर धीरे-धीरे अतिक्रमण भी बढ़ते जा रहा है। इस स्थिति में बच्चों को खेलने कूदने में काफी परेशानी होती है। इसके लिए विद्यालय स्तर से कई बार प्रखंड तथा जिला प्रशासन को तथा शिक्षा विभाग को आवेदन दिया गया, परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पायी जिससे काफी परेशानी हो रही है। चहारदीवारी नहीं रहने के चलते विद्यालय बंद होने के बाद भी गांव के बच्चे शौचालय का दुरुपयोग करते हैं और उसमें मिट्टी, कंकड़ आदि डाल कर जाम कर देते हैं जिससे शौचालय बार-बार खराब हो जाता है। साथ ही पेयजल की व्यवस्था को भी बार-बार खराब कर देते हैं। इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सविता कुमारी ने बताया कि चहारदीवारी नहीं होने के चलते विद्यालय बंद होने के बाद शरारती बच्चे व असामाजिक तत्व के लोग यहां गंदगी कर देते हैं और तोड़ फोड़ करते हैं। साथ ही पढ़ाई के दौरान बच्चे बीच में ही भाग जाते हैं। विद्यालय की चहारदीवारी हो जाती तो बहुत अच्छा होता। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चांद प्रकाश कुमार ने बताया कि इसकी सूचना प्रपत्र में भरकर दो माह पहले जिला शिक्षा विभाग को भेजा गया है।

# मगध विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं समाज विज्ञान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हुआ जिसमें विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद के अध्यक्ष और इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रकाश मणि त्रिपाठी व दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास के प्रोफेसर व राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद के महामंत्री प्रो रामजीव लोचन मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप जला और सभी प्रमुख अतिथियों के स्वागत सत्कार से हुई। कार्यक्रम के आरंभ में राजनीति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर मो. एहतेशाम खान ने औपचारिक स्वागत भाषण दिया। विशेष अतिथि त्रिपाठी ने अपने भाषण में भारतीय प्राचीन ऋषि मनीषियों और आचार्यों के समय से वेद, स्मृति, आरण्यक आदि से अब तक के अनुसंधान को बताते हुए भारतीय ज्ञान के समग्र विकास को दर्शाया। उन्होंने बताया कि ज्ञान वह है, जो वर्जनाओं से मुक्त करता है। उन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया कि मगध की धरती एक साथ ज्ञान भूमि, ध्यान भूमि व अनुसंधान भूमि भी है। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा की विशेषता संवेदनशीलता, समन्यवयवादिता और सहयोग है और ये तीनों मनुष्यता के उदात्त लक्षण है जिससे ज्ञान परंपरा आगे बढ़ती है। भारतीय ज्ञान परंपरा का विशेष लक्षण है कि इसमें ज्ञानी व्यक्ति के बजाय विवेकी व्यक्ति को ज्यादा महत्व दिया जाता है। अर्थात, वह व्यक्ति, जो ज्ञान का समुचित उपयोग भी करना जानता हो। आधुनिक समय में जिस सतत विकास की बात की जा रही है, उसका सूत्र हम ईशावास्योपनिषद का प्रथम मंत्र में प्राप्त कर सकते हैं। हम प्रकृति से उतना ही प्राप्त करें, जितना हमारे लिए आवश्यक है। उसके उपभोग के साथ हम सृजन भी करें व अपने आगे की पीढ़ी के लिए भी छोड़ कर जाएं। उन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया कि वर्तमान समाज को भारतीय ज्ञान परंपरा को आज पुनः अवगमन करने की आवश्यकता है।

**राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान परिषद का जिक्र**

कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलसचिव डॉ विनोद कुमार मंगलम ने नालंदा, तक्षशिला और विक्रमशीला के ज्ञान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महायान बौद्ध धर्म प्रगतिशील होने के कारण अधिक आगे बढ़ा, लेकिन हीनयान बौद्ध धर्म कट्टरपंथी रहा और आगे नहीं बढ़ पाया। इस दौरान प्रो मुकेश कुमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा को एकीकृत भारत के निर्माण में योगदान को रेखांकित किया। अतिथि वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो अमरजीव लोचन ने गौतम बुद्ध के उपदेश में मगही की महत्ता को बताया व राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान परिषद का भी जिक्र किया। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसपी शाही के संरक्षण में डॉ अंजनी कुमार घोष ने कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम में सचिव डॉ शमशाद अंसारी, डॉ मुकेश कुमार, डॉ एकता वर्मा, डॉ ममता मेहरा, प्रो डॉ मिनाक्षी, डॉ अंजनी कुमार घोष, डॉ निर्मला कुमारी, डॉ श्रद्धा ऋषि, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ दिव्या मिश्रा व अविनाश कुमार के साथ शोधार्थी प्रिया सलोनी, आरती कुमारी, अर्चना कुमारी, अविनाश, कुंदन, अशोक कुमार के साथ अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**

**e-Procurement Tender Notice**

e-Tender Ref No- 10/RCD/Daltonganj/2025-26/ 1051 Dated: 20.11.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | हाथी खाना गोदाम परिसर में अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, डालटनगंज के आवास एवं कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, मेदिनीनगर के कार्यालय भवन निर्माण का कार्य। (वर्ष 2025–26) |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 1,93,87,155.00 (Rupees One Crore Ninety Three Lacs Eighty Seven Thousand One Hundred Fifty Five Rupees) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 3,88,000.00 (Rupees Three Lacs Eighty Eight Thousand) Only. |
| 4. | Time of Completion | 12 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 29.11.2025, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 20.12.2025, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 22.12.2025, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 366794 District (25-26)_D

संपादकीय

# हादसा : मौत की तीर्थ यात्रा !

सउदी अरब के मक्का मदीना में उमरा के लिए गए 45 भारतीय जायरीनों की हादसे में दर्दनाक मौत वाकई दिल दहलाने वाली है। इस भयंकर हादसे में एक परिवार की तो तीनों पीढ़ियां खत्म हो गईं। केवल एक जायरीन शोएब बच पाया, जो ड्राइवर के पास बैठा था और समय रहते बस से कूद गया। 16 व 17 नवंबर की दरमियानी रात को हुई यह भीषण घटना कई लोगों की रूह कंपा गई। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय तीर्थ यात्रियों से भरी ये टूरिस्ट बस मक्का से मदीना जाते समय एक डीजल टैंकर से टकरा गई। ये टक्कर इतनी जोरदार थी कि पूरी बस जलकर राख हो गई। कई यात्री तो सोते में ही मर गए। मरने वाले में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर हैदराबाद के थे। वैसे कुल 54 लोग काबा ए शरीफ गए थे। इन लोगों ने प्राइवेट टूर ऑपरेटरों के जरिए बुकिंग करवाई थी। सभी की वापसी 23 नवंबर को होनी थी। लेकिन उससे पहले ये दुर्घटना हो गई। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समय के मुताबिक रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का मौका भी नहीं मिला। सिर्फ वो नौ लोग बच पाए, जो इस बस के बजाए कार से अलग जा रहे थे। इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर ने शोक व्यक्त किया है। इस बीच खबर है कि ज्यादातर मृतकों का अंतिम संस्कार सउदी अरब में किया जा जाएगा, क्योंकि सभी शव बुरी तरह जल गए हैं। तेलंगाना सरकार भी मृतकों के परिजनों की मदद कर रही है। जो परिजन सउदी अरब जाना चाहते हैं, उनके जाने की व्यवस्था की जा रही है। इस बीच इस हादसे की जांच की मांग और जिम्मेदारों को सजा की मांग भी परिजनों ने की है।

तेलंगाना सरकार के मुताबिक, हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से दो लोगों को सऊदी अरब भेजा जाएगा। वहां से शव भारत न लाकर सऊदी में ही धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार दफनाया जाएगा। मृतकों के परिवारों को 5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। जेद्दा में भारतीय दूतावास ने भी हेल्पलाइन जारी की है। दूतावास ने एक कंट्रोल रूम भी बनाया है। लेकिन इस दर्दनाक हादसे ने धार्मिक स्थलों पर बढ़ती भीड़ और यात्रियों की सुरक्षा के मुद्दे को नए सिरे से रेखांकित कर दिया है। मक्का और मदीना के बीच 450 किमी की दूरी है। यह कॉरीडोर हज और उमरा यात्रियों के लिए बेहद व्यस्त मार्ग माना जाता है। पूरे सऊदी अरब में इस रास्ते पर सड़क दुर्घटनाएं लंबे समय से एक बड़ी चुनौती रही है। यह हाई वे बेहद लंबा और रेतीला है। ऐसे में दुर्घटनाओं का जोखिम ज्यादा रहता है। रास्ता लंबा होने के कारण कई बार ड्राइवरों को भी नींद आने पर या आलस की वजह से एक्सीडेंट होने का खतरा रहता है। सउदी अरब में बड़ी संख्या में तेल टैंकर गुजरते रहते हैं। इसलिए दुर्घटना का खतरा हमेशा बना रहता है। भारतीय यात्री जिस उमरा के लिए सउदी अरब गए थे, उसे छोटी हज भी कहा जाता है। मुसलमानों की मान्यता है कि उमरा इंसान को अल्लाह के करीब ले जाता है। यह एक विशेष प्रकार की इबादत है, जिसे मुसलमान मक्का की पवित्र धरती पर जाकर अदा करते हैं। हालांकि उमरा हज की तरह फर्ज नहीं है। इसके तहत मुसलमान काबा शरीफ़ के पास कुछ निश्चित अरकान (रिवाज़) अदा करते हैं ताकि अल्लाह से माफी माँग सकें और रूहानी सुकून हासिल कर सकें। लेकिन भारतीय यात्रियों के लिए यह मौत की यात्रा साबित हुई।

# बीएमसी चुनाव में कांग्रेस के अकेले होने के मायने

**मुंबई जैसे आर्थिक और राजनीतिक रूप से अत्यंत प्रभावशाली शहर में जहां हर सीट का महत्व है, वहां कांग्रेस का यह कदम पूरी राजनीति की रफ़्तार बदल सकता है। मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने यह मांग लंबे समय से उठाई थी कि पार्टी को बीएमसी जैसे विशाल मंच पर अपनी स्वयं की पहचान को सामने रखना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में गठबंधन राजनीति ने कांग्रेस के लिए उम्मीद से कम परिणाम दिए, विशेषकर स्थानीय निकायों में। वर्ष 2017 के बीएमसी चुनाव में कांग्रेस 31 सीटें लेकर तीसरे स्थान पर रही थी, जबकि भाजपा 82 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। लेकिन इस बार समीकरण बिल्कुल बदल चुके हैं और यही कारण है कि कांग्रेस ने यह दांव खेला है। पार्टी के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने भी स्पष्ट कर दिया कि स्थानीय इकाई ने जबरदस्त उत्साह से यह मांग की, और नेतृत्व ने उनका मत स्वीकार किया।**

**अजय कुमार**



मुंबई की राजनीति में वह क्षण एक बार फिर सामने है, जब चुनाव सिर्फ एक स्थानीय निकाय का नहीं, बल्कि पूरे राज्य की दिशा तय करने वाला माना जाता है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के दिसंबर-जनवरी में प्रस्तावित चुनावों को लेकर इस बार सबसे बड़ा राजनीतिक धमाका तब हुआ, जब कांग्रेस ने महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में बने रहने के बावजूद अकेले चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय ले लिया। यह फैसला जितना साहसिक दिखाई देता है, उतना ही यह संकेतों और संदेशों से भरा हुआ भी है। मुंबई जैसे आर्थिक और राजनीतिक रूप से अत्यंत प्रभावशाली शहर में जहां हर सीट का महत्व है, वहां कांग्रेस का यह कदम पूरी राजनीति की रफ़्तार बदल सकता है। मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने यह मांग लंबे समय से उठाई थी कि पार्टी को बीएमसी जैसे विशाल मंच पर अपनी स्वयं की पहचान को सामने रखना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में गठबंधन राजनीति ने कांग्रेस के लिए उम्मीद से कम परिणाम दिए, विशेषकर स्थानीय निकायों में। वर्ष 2017 के बीएमसी चुनाव में कांग्रेस 31 सीटें लेकर तीसरे स्थान पर रही थी, जबकि भाजपा 82 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। लेकिन इस बार समीकरण बिल्कुल बदल चुके हैं और यही कारण है कि कांग्रेस ने यह दांव खेला है। पार्टी के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने भी स्पष्ट कर दिया कि स्थानीय इकाई ने जबरदस्त उत्साह से यह मांग की, और नेतृत्व ने उनका मत स्वीकार किया।

कांग्रेस का यह फैसला यूं ही नहीं हुआ। बिहार विधानसभा चुनावों में जिस तरह गठबंधन का हिस्सा होकर कांग्रेस को उम्मीद से कम सीटें मिलीं, उससे पार्टी कार्यकर्ताओं में यह विश्वास पैदा हुआ कि स्वतंत्र लड़ाई अधिक फायदेमंद साबित हो सकती है। कई विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस अगर बिहार में अकेले लड़ती, तो वह कम से कम छह सीटें जीत सकती थी और उसका वोट प्रतिशत 12 से 14 प्रतिशत तक जा सकता था। लेकिन गठबंधन की मजबूरी ने कांग्रेस को वह अवसर नहीं दिया। कार्यकर्ताओं और जमीनी नेताओं का उत्साह लगातार घट रहा था, और यही हताशा मुंबई में बड़े बदलाव का कारण बनी।मुंबई में कांग्रेस की स्थिति बिहार जितनी कमजोर नहीं है। यहां उसका परंपरागत वोट बैंक अभी भी काफी स्थिर है मुस्लिम वोटर लगभग 20-22 प्रतिशत, दलित 10-12 प्रतिशत और दक्षिण भारतीय समुदाय 8-10 प्रतिशत। यह तीनों समूह लंबे समय से कांग्रेस के कोर सपोर्टर रहे हैं। 2017 के चुनावों में जिन इलाकों में मुस्लिम बहुलता थी, वहां कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया था। आज भी मुंबई के दक्षिण और मध्य इलाकों तथा बांद्रा, अंधेरी, वर्ली जैसे क्षेत्रों में कांग्रेस का संगठन मजबूत माना जाता है। यही नहीं, पार्टी ने हाल के वर्षों में 50,000 से अधिक नए सदस्य जोड़े हैं और 1000 से अधिक टिकट आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह संगठनात्मक ऊर्जा कांग्रेस को अकेले मैदान में उतरने का आत्मविश्वास देती है।

लेकिन कांग्रेस की इस चाल के पीछे सिर्फ आत्मविश्वास ही नहीं, बल्कि राजनीतिक रणनीति भी है। पार्टी को सबसे अधिक असहजता एमएनएस से बढ़ती नज़दीकियों को लेकर थी। जब उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच हाल के महीनों में सहयोग के संकेत मिले मतदाता सूची में गड़बड़ियों के विरोध में हुई संयुक्त रैली इसका उदाहरण है तो कांग्रेस की चिंता गहराने लगी। राज ठाकरे की राजनीति पर कांग्रेस हमेशा सवाल उठाती रही है, खासकर 'मराठी मानूस' और प्रवासी-विरोधी अभियानों के कारण। वर्षा गायकवाड़ ने खुलकर कहा कि कांग्रेस कभी भी एमएनएस के साथ हाथ नहीं मिला सकती। यदि यह गठबंधन और मजबूत होता, तो न सिर्फ कांग्रेस को कम सीटें मिलतीं बल्कि उसका सेक्युलर वोट बैंक भी बिखर सकता था।उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस के अकेले लड़ने के फैसले पर कहा कि हर दल को अपने निर्णय लेने की स्वतंत्रता है और शिवसेना (यूबीटी) भी उसी तरह स्वतंत्र है। यह बयान दिखाता है कि एमवीए में सतही शांति के बावजूद अंदरूनी तनाव मौजूद है। कांग्रेस का मानना है कि यदि शिवसेना और एमएनएस मिलकर एक मजबूत मराठी फ्रंट बनाते हैं, तो कांग्रेस को सिर्फ 50-60 सीटें मिल सकती थीं, जबकि वह कम से कम 100 से अधिक सीटों पर लड़ने का दावा रखती है। कांग्रेस को यह भी आशंका है कि 'मराठी बनाम अन्य' की राजनीति में वह 'आउटसाइडर' बन जाएगी, जिससे उसके कोर वोटर्स दूर हो सकते हैं। कांग्रेस की रणनीति में यह पहलू बेहद महत्वपूर्ण है कि अकेले लड़ने से उसे मुस्लिम और दक्षिण भारतीय वोटों का और अधिक एकजुट समर्थन मिल सकता है। एमएनएस के साथ शिवसेना की नजदीकी बढ़ने से मुस्लिम वोटर असहज हो सकते थे, और कांग्रेस इसी भावना का लाभ उठाकर स्वयं को एकमात्र मजबूत सेक्युलर विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना चाहती है। यह कांग्रेस के लिए सिर्फ वोटों की राजनीति नहीं, बल्कि अपनी वैचारिक स्थिति का भी बयान है। हालांकि इस फैसले से सबसे अधिक लाभ भाजपा को होने की आशंका है। भाजपा 2017 से अब तक बीएमसी में सबसे बड़ी ताकत रही है। यदि विपक्ष विभाजित होकर लड़ता है, तो भाजपा को बहुत फायदा मिल सकता है। लेकिन कांग्रेस का तर्क है कि 'कब तक हम अपनी कीमत पर दूसरों का फायदा कराते रहेंगे?' पार्टी का मानना है कि एमवीए में उसकी भूमिका लगातार छोटी होती जा रही थी, और अब उसे अपनी ताकत और कमजोरी का आकलन खुद करना होगा। मुंबई कांग्रेस के दो लाख से अधिक सक्रिय कार्यकर्ता, वर्षों से सड़कों पर सक्रिय पार्षद और मजबूत बूथ संरचना कांग्रेस के फैसले को वजन देती है। यह सिर्फ चुनाव लड़ने का नहीं, बल्कि अपना खोया हुआ राजनीतिक आधार पुनः हासिल करने का मौका है। मुंबई जैसे शहर में जहां हर समुदाय की राजनीतिक समझ अलग होती है, कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह इस विविधता के भीतर अपनी जगह दोबारा बनाए। लेकिन अगर उसका वोट बैंक एकजुट हो गया, तो अकेले लड़ने का यह दांव उसके लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

बहरहाल, यह फैसला कांग्रेस के लिए जोखिम और अवसर दोनों लेकर आया है। मुंबई की बीएमसी का बजट 40,000 करोड़ रुपये से अधिक है देश की किसी भी नगरपालिका से बड़ा। यहां की राजनीति सिर्फ वार्डों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि राज्य और राष्ट्रीय राजनीति तक असर डालती है। कांग्रेस ने इस चुनाव में अपने भविष्य को दांव पर लगा दिया है। अगर यह दांव सफल रहा, तो महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस की वापसी की कहानी लिखी जाएगी; लेकिन अगर यह असफल हुआ, तो पार्टी को गहरे संगठनात्मक पुनर्विचार की जरूरत पड़ेगी। मुंबई की राजनीति अब एक नए मोड़ पर है एक तरफ शिवसेना का अपना अस्तित्व बचाने का संघर्ष, दूसरी तरफ भाजपा की आक्रामक रणनीति, और अब कांग्रेस का अपने पैरों पर खड़े होने का ऐलान। यह चुनाव सिर्फ एक निकाय का नहीं, बल्कि मुंबई की पहचान, उसकी राजनीति, और महाराष्ट्र की सत्ता संतुलन का भी फैसला करेगा। कांग्रेस ने अपनी चाल चल दी है, अब जनता की बारी है कि वह तय करे कि क्या यह आत्मविश्वास मुंबई में नई राजनीति का द्वार खोलेगा या फिर विपक्ष को और ज्यादा विभाजित कर देगा।

अध्यात्म

## सेवा सदैव निस्वार्थ भाव से करें

जरूरतमंद लोगों की सेवा करते समय ये नहीं सोचना चाहिए कि इससे लाभ मिलेगा या नहीं, तभी मन को शांति मिल सकती है। अगर सेवा के बदले हम प्रतिफल के बारे में सोचेंगे तो मन शांत नहीं रहता है। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में किसी नदी के किनारे एक संत रहते थे। उनके आश्रम के आसपास लंबी-लंबी घास उग आई थी। संत उस घास से टोकरी बनाने की कला जानते थे। एक दिन संत ने आश्रम की सफाई की और उस घास से एक टोकरी बना दी। संत को घास से टोकरी बनाना अच्छा लगता था। टोकरी बनाने के बाद संत ने सोचा कि इस टोकरी की मुझे कोई जरूरत नहीं है, इसे नदी में बहा देता हूं। किसी जरूरतमंद के काम आ जाएगी। संत ने टोकरी नदी में बहा दी।

अगले दिन संत ने फिर एक टोकरी बनाई और नदी में बहा दी। इस काम से उनका समय कट जाता था। इसीलिए काफी दिनों वे ये काम करते रहे। संत रोज एक टोकरी बनाते और नदी में बहा देते थे। सेवा के भाव से किए गए इस काम से संत को शांति मिलती थी।

एक दिन संत ने सोचा कि मैं व्यर्थ ही ये काम कर रहा हूं। घास की टोकरी बनाकर नदी में बहा देता हूं, इससे किसी को लाभ नहीं मिलता है। अगर मैं ये टोकरियां किसी को दे देता तो यह किसी के काम आ सकती थी।

ये बात सोचकर संत ने अगले दिन से घास की टोकरियां बनानी बंद कर दी। कुछ दिन बाद संत नदी के किनारे टहलने निकले। आगे जाकर उन्होंने देखा कि एक वृद्ध महिला नदी किनारे बैठी थी। वह दुखी दिख रही थी। संत ने महिला के दुख का कारण पूछा तो उसने बताया कि मेरा इस दुनिया में कोई नहीं है। मैं अकेली हूं।

कुछ दिनों पहले तक नदी में रोज घास से बनी सुंदर टोकरी बहकर आती थी, जिसे बेचकर मैं अपना गुजारा कर लेती थी, लेकिन अब टोकरियां आना बंद हो गई हैं। इसलिए मैं दुखी हूं। महिला की बात सुनी तो संत को अपनी गलती का अहसास हुआ। अगले दिन से संत फिर से घास की टोकरियां बनाकर नदी में बहाने लगे।

इस प्रसंग की सीख यह है कि निस्वार्थ भाव से किसी की मदद के लिए कोई काम किया जाए तो उससे मिलने वाले लाभ के बारे में नहीं सोचना चाहिए। ऐसे काम हमारे पुण्यों में बढ़ोतरी करते हैं और दूसरों को इससे लाभ मिलता है। हमारा मन शांत रहता है।

# नशामुक्ति के खिलाफ पाँच वर्ष

**भारत में नशामुक्ति के खिलाफ विगत पांच वर्षों से बड़ा अभियान भारत सरकार दवरा चलाया जा रहा है. सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय की यह कोशिश है कि नशे से हमारे देश को मुक्ति मिले. सुखद यह है कि 8.09 करोड़ युवाओं और 5.49 करोड़ महिलाओं सहित 23.74 करोड़ से अधिक लोगों को जागरूक बनाया गया, ऐसा सरकारी दावा है. इस भागीरथ प्रयास में लगे 17 लाख से अधिक शिक्षण संस्थानों की भागीदारी कोई आम बात नहीं रही है।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

नशामुक्ति उपचार चाहने वाले व्यक्तियों की संख्या में 427 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज़ की गयी. 2020-21 में 1.86 लाख से 2024-25 में 7.98 लाख व्यक्तियों ने नशे से मुक्ति की या तो इच्छा व्यक्त की या तो वे खुद छोड़ने के लिए उचित तलाश किए हैं. इसमें से 5.72 लाख लोग ठीक हुए यानि उन्हें नशा से मुक्ति मिल गयी और सबसे अहम् बात यह है कि ये ठीक हुए व्यक्ति अब अभियान में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं. सरकार ने 20,000 से अधिक समर्पित मास्टर स्वयंसेवक तैयार किया और नशामुक्ति सुविधाएं 490 से बढ़कर 780 तक बढ़ाया इससे भी हमारे देश के लगभग 6 करोड़ लोग नशे से मुक्ति पा सके हैं. निःसंदेह आध्यात्मिक संगठनों के साथ सहयोग दिया और केवल आध्यात्मिक संगठनों के सहयोग का आकलन किया जाए तो उनके माध्यम से यह अभियान 3.37 करोड़ व्यक्तियों तक पहुंचा. देश की टोल-फ्री हेल्पलाइन 14446 व दूसरे उपक्रमों का भी इसमें बड़ा योगदान माना जा रहा है.

वस्तुतः यह जो सफलता भारत सरकार को मिली है इसके पीछे प्रधान एमएममंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प-संदेश काम किया है और साथ ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार व सचिव अमित यादव के श्रेष्ठ प्रयास ने का यह परिणाम है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं. भारत में आज के समय में नशे की चंगुल में फंसी आबादी को निकाल पाना बहुत आसान नहीं है. सब प्रयास विफल हो जाते हैं जब एक बार नशे से निकला हुआ व्यक्ति दुबारा नशे में धुत मिलता है. लेकिन बार-बार कोशिश के बाद यह जो 6 करोड़ लोगों को नशे से निकालने में सफलता मिली है वह बड़े प्रयास के बाद संभव हो सका है. किसी भी राष्ट्र के लिए यह बड़ी दुखद खबर होती है कि उसकी नई पीढ़ी नशे की शिकार होती जा रही है. इससे सभी सहमत होंगे की इस नशे की आगोश में आने वाली आबादी से केवल उसका नुकसान नहीं होता अपितु देश का सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व आध्यात्मिक नुकसान होता है. परिवार व समाज इससे परेशानी में आ जाते हैं. देश में स्ट्रेस के सबसे बड़े कारण ये नशेड़ी बन जाते हैं.

पंजाब में नशे की समस्या बहुत गंभीर है. ड्रग्स को लेकर पागल हुई युवा आबादी आज पंजाब सरकार को चुनौती दे रही है. देश को चुनौती दे रही है. जो दिमाग, हाथ-पांव देशहित में कार्य करते वे नशे में बेहोश हैं और किसी काम के नहीं हैं. ऐसे में सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय ने जो अमृतसर में यह पांच वर्ष की सफलता के अपने आँकड़े के साथ अपनी उपस्थिति दी है, उससे बहुत बड़ा मैसेज पंजाब में गया है और जो नशे में धुत लोग यह सोचते थे कि वे नशा नहीं त्याग सकते वे यह अब समझेंगे कि लगभग छः करोड़ लोगों ने यदि नशामुक्ति पायी है तो वे भी पा सकते हैं.

अमृतसर में पांच वर्ष पूर्ण होने पर नशामुक्ति के खिलाफ जो भारी लोगों की संख्या एकत्रित हुई वह अद्भुत रही. नशा मुक्त भारत अभियान एक



शक्तिशाली जन आंदोलन के रूप में उभरकर सामने आया है. नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को समूल खत्म करने के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता के बारे में कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार का अपना मत और इसमें सम्मिलित हुए लोगों की यदि इच्छा बलवती बनी रही तो निश्चय ही देश में जड़ें जमा चुकी नशाखोरी की समस्या से भारत मुक्ति पा सकेगा. सभी जानते हैं कि यह अभियान उस कलंक के खिलाफ है जो भयानक अँधेरे में डूब चूका है. इस अभियान में उम्मीद की किरणे हैं जो भारत की नई पीढ़ी के लिए ज़रूरी हैं. स्वस्थ, नशा मुक्त भारत अगर नहीं बना तो हम विकसित भारत का सपना देखते रहें, कुछ भी होने-जाने वाला नहीं है. ऐसे में, डॉ. वीरेन्द्र कुमार व डॉ. अमित यादव की ओर से जो बड़े पैमाने पर स्वस्थ व सुन्दर पीढ़ी तैयार करने का यत्न है, उसमें देश के सेवाभावी स्वयंसेवी संगठन, मानवतावादी संगठन व जागरूक समाज की कोशिश जुड़ना अब ज़रूरी है. यदि सभी मिलकर देश से नशामुक्ति के खिलाफ कार्य करेंगे तब ज्यादा सफलता मिलेगी. हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के कोथल खुर्द गांव की साहसी सरपंच रोशनी देवी ने पंचायत के सदस्यों और गांव की महिलाओं को शराब की लत के खिलाफ अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया और गांव में शराब की एक दुकान को बंद करवा दिया ताकि पुरुष शराब पीकर ऐसी आदतों पर पैसा बर्बाद न करें. बाद में कई गैर सरकारी संगठन भी उनके इस आंदोलन में शामिल हुए. उनके संयुक्त अभियान ने हरियाणा के आबकारी विभाग को दुकान बंद करने के लिए मजबूर कर दिया. तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटील, जो हमेशा शराब पीने को पारिवारिक जीवन को नष्ट करने वाली सामाजिक बुराइयों में से एक मानती रहीं, उनके उल्लेखनीय कार्य से प्रभावित हुईं और उन्होंने महिलाओं के पूरे समूह को राष्ट्रपति भवन बुलाया और उनके प्रयासों की सराहना की. पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने 11 जुलाई, 2009 को राष्ट्रपति भवन में उन्हें सम्मानित किया. सरकार को चाहिए कि ऐसे ग्रुप, व्यक्ति व व्यवस्था को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करे. डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है. पंजाब पीरों की धरती है. पंजाब आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों की धरती है. पंजाब खिलाड़ियों की धरती है. पंजाब जोश से भरे हुए युवाओं की धरती है....देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं युवा हमारे देश का भविष्य है. हमारे देश की लगभग 65 प्रतिशत। 878 आबादी युवा है और युवा अगर ठान लेते हैं तो ऐसा कोई काम नहीं है जो वो कर नहीं सकते हैं. बुराइयों के लिए भी खत्म करने के लिए जब हमारा देश का युवा निकलेगा तो नशा मुक्त भारत अभियान जो है ना, नशा मुक्त भारत अभियान भी सफल होगा. मैं आप सब से इसी आशा और विश्वास के साथ में कार्यक्रम के अंत में जब हमारा शपथ का कार्यक्रम होगा तो हम जब शपथ लेकर जाएंगे एक नई सोच के साथ में नई उम्मीद के साथ में कि हमारे इर्दगर्द हमारे आसपास हमारे मित्र जो भी मार्ग से भटक गए हैं उनको सही मार्ग पर लेकर हमको आना है। बस इसे समझने व आत्मसात कर लेने की ज़रूरत है और सरकार का यह दायित्व है कि वे ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें सम्मानित व प्रोत्साहित करें तो परिणाम और अच्छे आएंगे और भारत बन सकेगा नशामुक्त भारत।

## आज का कार्टून

नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद की 10 वीं बार शपथ लेकर बनाया रिकॉर्ड




## राशिफल

### मेष
आज पूरी एकाग्रता के साथ सभी कार्य करेंगे। मेहनत का लाभ मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। उच्च अधिकारियों के साथ सम्बन्ध अच्छे रखें।

### वृषभ
पिछले काफी समय से जिस कार्य में फँसे थे वह आज पूर्ण हो सकता है। कारोबार में बड़ी पार्टनरशिप कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको भाग-दौड़ करनी पड़ेगी।

### मिथुन
व्यवसाय में आपको प्रबन्धन दुरुस्त रखना होगा। ऑनलाइन शॉपिंग में छूट मिल सकती है। कार्यक्षेत्र का वातावरण बहुत ही शान्त और सहयोगात्मक रहेगा।

### कर्क
परिजनों के साथ डिनर पर जा सकते हैं। तकनीक शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी होगी। वैवाहिक सम्बन्धों में अनबन हो सकती है।

### सिंह
परिवार में एकता का वातावरण रहेगा। रियल एस्टेट में निवेश करने की सम्भावना है। आप नये कार्यों में अत्यधिक रुचि ले सकते हैं।

### कन्या
सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। उपलब्धियों पर अधिक अहंकार न करें। महिलाओं को शॉपिंग करते समय सावधानी रखनी चाहिये।

### तुला
आपके कार्य की प्रशंसा होगी। व्यवहार में नरमी और सौम्यता का भाव रखें। व्यापार की परेशानियों का निवारण होगा। अनुभवी लोगों से आपको मार्गदर्शन मिलेगा।

### वृश्चिक
आज आपको किसी से झूठ नहीं बोलना चाहिये। पैरों में सूजन और दर्द की शिकायत हो सकती है। छोटी-मोटी बातों को नजरअन्दाज न करें।

### धनु
व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ मिलने की प्रबल सम्भावना है। दूसरों के मामलों में दखल देने से बचना चाहिये। घर का वातावरण बहुत ही शान्त रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई पर अत्यधिक ध्यान देंगे।

### मकर
कारोबार में बढ़ोत्तरी होने के योग बन रहे हैं। शुभ कार्यों में अत्यधिक धन खर्च कर सकते हैं। कला की ओर आप आकर्षित रहेंगे। रुके हुये कार्य पुनः प्रारम्भ होंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

### कुंभ
कार्यक्षेत्र के माहौल में थोड़ी कड़वाहट हो सकती है। छात्रों को शिक्षा में थोड़ी अड़चनों का सामना करना पड़ेगा। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।

### मीन
पारिवारिक सदस्य से झगड़ा हो सकता है। अनैतिक कार्यों से धन कमाने की कोशिश न करें। सही शब्दों का चयन करें। धार्मिक यात्रा में कठिनाई हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा विधायक ने दी श्रद्धांजलि



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अथमलगोला के जमालपुर में स्वर्गीय कपिलदेव शर्मा की 8वीं पुण्यतिथि पर बाढ़ विधायक डॉ सियाराम सिंह ने माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ में पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह, डॉ सीमा शर्मा, डॉ बीपी सिंह ,जदयू जिलाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी, प्रो शंकर सिंह, परमानंद सिंह, मृगेंद्र, मंटू सिंह, हेमंत राज, आशुतोष कुमार ,अमित, प्रिय रंजन कुमार ,रवि कुमार, पंकज सिंह, राजीव सिंह, चंदन सिंह, बलराम सिंह, नमोनारायण आदि मौजूद रहे।

### शराब विनष्टीकरण

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर थाना के परिसर में पूर्व के जब्त किए गए देशी व विदेशी शराब को मद्य निषेध विभाग के इंस्पेक्टर मनोज कुमार और मजिस्ट्रेट अमरेंद्र बहादुर सिंह के देखरेख में विनष्टीकरण किया गया। इस संबंध में मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि 164 लीटर अंग्रेजी व 268 लीटर देशी शराब का विनष्टीकरण किया गया। मौके पर एसआई विक्की आनंद, अफसर अली सहित चौकीदार बजरंगी कुमार आदि मौजूद थे।

### दो रेलवे बुकिंग क्लर्क के बीच ड्यूटी को लेकर कहा-सुनी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर बुकिंग कार्यालय में काम करने वाले कुकिंग क्लर्क के बीच ड्यूटी समय पर आने को लेकर कहा सुनी और गाली गलौज एवं धक्का मुक्की हो गई। इसके बाद करणवीर पासवान नामक बुकिंग क्लर्क ने रेल थाना पहुंचकर गाली गलौज करने वाले उत्तम कुमार सिन्हा के खिलाफ जाति सूचक गाली देने की लिखित शिकायत की है। करणवीर पासवान ने बताया कि यह चौथी घटना है जिसमें उत्तम ने उन्होंने बार-बार धमकी और गाली गलौज देने का काम किया है । घटना की छानबीन करने में रेल पुलिस जुट गई है लेकिन रेल पुलिस को घंटे भर इंतजार करना पड़ा हालांकि रेलवे के कई स्टाफ बीच बचाव करने के मूड में नजर आए लेकिन अपमान सहने वाला कर्मवीर अपने बात पर अड़े हुए थे।

### जविप्र दुकान बंद रहने से ग्राहकों को हो रही परेशानी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड के सकसोहरा पूर्वी पंचायत के जन वितरण व्यवस्था का बुरा हाल है हालत यह है कि सामान का आवंटन हो जाने के बाद भी दुकानदार नोटिस बोर्ड पर बिना कुछ लिखे हुए दुकान बंद रखते हैं जिसको लेकर ग्राहकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शनिवार के दिन पंचायत के गोपाइचक गांव के जन वितरण दुकानदार पूनम कुमारी का दुकान दोपहर 1:00 बजे के आसपास बंद पाया गया। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि एक तो प्रति पांच किलो की जगह 4 किलो अनाज दिया जाता है और अक्सर दुकान बंद रहता है दुकानदार 2 दिनों के भीतर सारे सामान को हटाकर अपने काम में लग जाते हैं। जिसके चलते कई ग्राहकों को गांव से दूर दूसरे गांव में जाकर अनाज उठना पड़ता है। वही सक्सोहरा बाजार स्थित विकास कुमार का भी दुकान बंद पाया गया। उसके दुकान के गेट पर फल की दुकान लगी हुई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि संजोग से ही दुकान खुलता है। बाकी बाहर के दुकान किराए पर लगा दिए गए हैं, मामले पर जब मार्केटिंग ऑफिसर से बात करने का प्रयास किया गया तो उन लाख प्रयास के बाद भी मोबाइल को नहीं रिसीव किया। ग्राहकों ने एसडीओ से जाकर शिकायत करने की बात कही है।

### बीज वितरण में दुकानदार की धांधली, परेशान रहे किसान

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय स्थित कृषि विभाग के द्वारा सरकारी मूल्य पर इलाके के किसानों को समय पर बीज मुहैया कराने का वादा तो किया जाता है लेकिन दुकानदार की मनमानी के चलते शनिवार के दिन पूरे दिन किसानों को भूखे प्यासे बीज वितरण का इंतजार करना पड़ा। शनिवार को भटगांव ,बेढना पूर्वी और नदामा पंचायत के किसानों को गेहूं का बीज वितरण करना था लेकिन दुकानदार धीरज कुमार सिंह के द्वारा किसानों को बताया गया की बीज खत्म हो चुका है लेकिन जब कार्यालय पहुंचे किसानों ने हंगामा करने की बात कही तो आखिरकार छुपा कर रखे हुए गेहूं के बीज को वितरण करना पड़ा। जिसको लेकर और भी किसान नाराज हो गए और इसकी शिकायत एसडीओ से करने की बात कही है। कुछ किसानों का कहना है कि चेहरा देखकर बीज वितरण किया जाता है। इसकी जांच होनी चाहिए वही दुकानदार अपने आप को बेकसूर बता रहे हैं मामले पर जब कृषि पदाधिकारी से बात की तो उन्होंने कोई भी बात स्पष्ट रूप से नहीं बताया।

### राष्ट्रीय खिलाड़ी रूपक कुमार ने बिहार की नई खेल मंत्री श्रेयसी सिंह से की शिष्टाचार मुलाकात

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के नए खेल मंत्री पद की शपथ लेने के बाद बुधवार की सुबह राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी (लोजपा आर) खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव सह उत्तर प्रदेश प्रभारी तथा राष्ट्रीय खिलाड़ी रूपक कुमार ने खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की. रूपक कुमार बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के लाइजनिंग ऑफिसर होने के साथ-साथ राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी और अंतरराष्ट्रीय



बेसबॉल खिलाड़ी भी हैं. मुलाकात के दौरान उन्होंने नई खेल मंत्री को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं और बिहार में खेल विकास को लेकर सकारात्मक उम्मीद जताई. रूपक कुमार के साथ इस अवसर पर विभिन्न खेलों से जुड़े कई खिलाड़ी भी मौजूद थे. बैडमिंटन से अभिजीत कुमार, बेसबॉल से प्रमोद कुमार, सॉफ्टबॉल से संजीत कुमार, क्रिकेट से रविन्द्र मोहन और शिवम् कुमार, कराटे से अमन पुष्पराज तथा एथलेटिक्स से आदित्य कुमार और मनीष कुमार समेत कई खिलाड़ियों ने खेल मंत्री से भेंट की और उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं. 34 वर्षीय श्रेयसी सिंह जमुई विधानसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतकर बिहार विधानसभा पहुंची हैं. वह अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रसिद्ध निशानेबाज हैं और निशानेबाजी की डबल ट्रैप स्पर्धा में 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण एवं 2014 में रजत पदक सहित कई उपलब्धियां हासिल कर चुकी हैं. खिलाड़ियों ने उम्मीद जताई कि श्रेयसी सिंह के नेतृत्व में बिहार में खेल संरचना और सुविधाओं में तेजी से सुधार होगा और राज्य को खेल के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी.

# पार्टी मनाने घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

## भाई घायल, गुस्साए लोगों ने कई वाहनों में की तोड़फोड़, घंटेभर हंगामा

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना से मोटरसाइकिल पर अपने छोटे भाई के साथ जन्मदिन की पार्टी मनाने गांव गौरीचक लौट रहे युवक अमन की शुक्रवार देर रात जीरो माइल के पास संपतचक पटनाझगया रोड पर दर्दनाक मौत हो गई. तेज रफ्तार और रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक ने दोनों भाइयों को जोरदार टक्कर मारते हुए कुचल दिया. दुर्घटना में बड़ा भाई राहुल कुमार सिंह उर्फ अमन कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा भाई रजनीश गंभीर रूप से घायल हो गया.घटना के तुरंत बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई. गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दी और घंटों हंगामा किया. भीड़ ने कई बसों अन्य वाहनों के शीशे तोड़ दिए और ट्रैफिक पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पटनाझगया रोड पर देर रात ट्रक और बसें अक्सर गलत दिशा में तेज रफ्तार से दौड़ती हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती, जिसके चलते ऐसी दुर्घटनाएं आम हो गई हैं. पचरुखिया गौरीचक थाना क्षेत्र के अशफा बाली निवासी अवधेश सिंह का बड़ा बेटा था अमन कुमार सिंह. परिवार के लोगों ने बताया कि पटना में आदित्य विजन में काम करने के बाद दोनों भाई वापस गांव लौट रहे थे. सूचना मिलने पर अगमकुआं थाना, जीरो माइल ट्रैफिक थाना और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने बताया कि ट्रक की पहचान कर ली गई है और चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. साथ ही मृतक के परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अमन कुमार अपने जन्मदिन पर परिवार से मिलने गौरीचक स्थित घर लौट रहा था. जैसे ही दोनों भाई जीरो माइल के पास पहुंचे, विपरीत दिशा से रफ्तार में आ रहे ट्रक ने बाइक को सामने से कुचल दिया. टक्कर इतनी भीषण थी कि अमन सड़क पर गिरते ही ट्रक की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घायल भाई को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया. मृतक अमन कुमार की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है. परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग करते हुए दोषी चालक पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है. अमन के जन्मदिन की रात, जिसे खुशियों से भर जाना चाहिए था, एक लापरवाह बस चालक की वजह से मातम में बदल गई. राहुल कुमार सिंह के घर जन्मदिन की पार्टी की तैयारी चल रही थी. जन्मदिन की खुशी उस वक्त मातम में और चीख पुकार में बदल गए जब उसके घर ऊष्फा बाली पचरुखिया गौरीचक में सड़क हादसे में उसकी मौत की सुचना मिली. परिवार और गांव में जन्मदिन की तैयारी चल रही थी, लेकिन रात होते-होते खुशियों की जगह चीख-पुकार गूंजने लगी. अमन अपने छोटे भाई के साथ बाइक से पटना से गांव लौट रहा था ताकि घर पहुंचकर अपना जन्मदिन परिवार संग मना सके. लेकिन बैरिया बस स्टैंड के पास संपतचक पटना-गया रोड में रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार आ रही बस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे अमन की मौके पर ही मौत हो गई. उसका छोटा भाई बाल-बाल बच गया. स्थानीयों का आरोप है की बसें और ट्रक लगातार रॉन्ग साइड से दौड़ते हैं.लोगों ने बताया कि बैरिया बस स्टैंड इलाके में यह समस्या आम है. बड़े वाहन खासकर बसें- अक्सर रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार में गुजरते हैं. आश्चर्य की बात यह है कि बस स्टैंड के परिसर में ही पटना सदर-2 डीएसपी का कार्यालय है, और मुख्य मार्ग पर पुलिस तैनात रहती है, फिर भी रॉन्ग साइड पर दौड़ रही बसों पर किसी तरह की रोक-टोक नहीं होती. हादसे के बाद सड़क पर अफरातफरी का माहौल हो गया था.112 टीम पहले पहुँची, लेकिन आक्रोशित भीड़ ने उन्हें खड़ेड कर लौटा दिया.काफी देर बाद पटना सदर-2 डीएसपी रंजन कुमार सिंह के साथ एसडीओ मौके पर पहुंचे और लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया.प्रशासन के सामने लोगों की मांगें रखी गयी जिनमे रॉन्ग साइड पर बस और ट्रक चलाने वालों पर तुरंत कठोर कार्रवाई की जाए.फरार बस चालक की तत्काल गिरफ्तारी हो. मृतक परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए. बैरिया-संपतचक-गया रोड पर स्थायी पुलिस प्वाइंट की व्यवस्था की जाए.

# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे महामहिम राज्यपाल



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का नवम् दीक्षांत समारोह 2025 इस वर्ष विशेष महत्व रखने वाला है. समारोह में महामहिम राज्यपाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे और विभिन्न संकायों के सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे. विश्वविद्यालय के इस शैक्षणिक सत्र में कुल 29,955 विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों और संबद्ध संस्थानों से सफलता प्राप्त की है. इनमें से 2,076 विद्यार्थियों ने दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है, जिनमें 1,154 छात्राएँ और 922 छात्र शामिल हैं. पंजीकरण के आंकड़े विश्वविद्यालय में बढ़ती हुई महिला भागीदारी और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाते हैं. इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 63 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे. इनमें 47 छात्राएँ और 16 छात्र शामिल हैं. गोल्ड मेडल के चयन का आधार विभिन्न संकायों में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम, नवाचार, शोध कार्य और कुल अकादमिक प्रदर्शन है. प्रशासन का कहना है कि यह सम्मान विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा और गुणवत्ता का प्रतीक है. शोध एवं अकादमिक गतिविधियों के क्षेत्र में भी इस वर्ष विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. संबद्ध संस्थानों के मेडिकल, इंजीनियरिंग, सोशल साइंस और शिक्षा संकायों में किए जा रहे शोध कार्यों के परिणामस्वरूप 67 शोधार्थियों ने अपना ढ.ऊ शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया है. इन शोधार्थियों को भी समारोह में सम्मानित किया जाएगा. कुलपति और विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि संस्थान के विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं. दीक्षांत समारोह छात्रों के लिए सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके करियर निर्माण का महत्वपूर्ण पड़ाव है.

# दानापुर में अतिक्रमण पर चला नप प्रशासन का बुलडोजर



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर दूसरे दिन शनिवार को नप प्रशासन ने हाथी खाना मोड़ से सगुना मोड़ तक बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग हाथी खाना मोड़ से सगुना मोड तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. घंटों तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है. अतिक्रमणकारियों से 4800 रुपए जुमार्ना वसूला गया है. अभियान नप के प्रशिक्षु आईएएस विग्नेश टीए व नप ईओ (व्यवस्था) रवि कुमार के नेतृत्व में चलाया गया. अभियान में नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार व पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ हाथी खाना मोड़ से सगुना मोड़ तक सड़क के किनारे से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया. उन्होंने बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर अस्थायी रूप से झोपडी व गुमटी लगाकर अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए नप प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

# 22.54 करोड़ न देने पर रुक्मणी बिल्डटेक की संपतियां होंगी कुर्क








## न्यायालय ने 28 नवंबर की अंतिम तारीख तय की

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने मेसर्स रुक्मणी बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए 22,54,59,110 रुपये की अवार्ड राशि 28 नवंबर 2025 तक हर हाल में जमा करने का अंतिम आदेश पारित किया है. अदालत ने साफ चेतावनी दी है कि यह अंतिम मौका है. तय समयसीमा में राशि जमा न होने पर कंपनी और उसके जिम्मेदार अधिकारियों की चलझअचल संपत्तियों की कुर्कीझजप्ती तथा अटैचमेंट वारंट जारी किए जाएंगे. यह आदेश क्रियान्वयन वाद संख्या 58/2023 में जमीन मालिक एवं डिक्री होल्डर नागेश्वर सिंह स्वराज की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित हुआ. अदालत ने पाया कि रुक्मणी बिल्डटेक ने डेवलपमेंट एग्रीमेंट की शर्तों का पालन नहीं किया. शेयर वितरण से जुड़े दस्तावेजों में बड़े पैमाने पर हेराफेरी, अनुबंध उल्लंघन और जमीन मालिक को वर्षों तक परेशान एवं प्रताड़ित करने की बात सामने आई. न्यायालय ने पूर्व में ही बिल्डर शेयर वाली संपत्तियों के खरीदझबिक्री और अन्य गतिविधियों पर रोक लगा रखी है. इसके बावजूद भुगतान नहीं करने पर अदालत ने इस बार कठोर टिप्पणी की और कंपनी की कार्यप्रणाली को गंभीर त्रुटिपूर्ण माना. अदालत ने याद दिलाया कि पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल द्वारा नियुक्त सोल आर्बिट्रेटर, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी. एन. सिन्हा के दिनांक 1 दिसंबर 2022 के अवार्ड के अनुसार यह भुगतान अनिवार्य था, लेकिन बिल्डर समूह ने अब तक राशि अदा नहीं की. अदालत ने विशेष रूप से रुक्मणी बिल्डटेक प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक अजीत आजाद, निदेशक मानव कुमार सिंह, अमित कुमार चौबे, राजीव कुमार ठाकुर, रेणु आजाद, अशोक कुमार सिंह, अभिषेक अशोक कुमार सिंह तथा प्रबंधक सह अकाउंटेंट कमलेश कुमार की भूमिकाओं को त्रुटिपूर्ण और जिम्मेदार ठहराया. पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता सत्यप्रकाश नारायण ने कहा कि यह फैसला उन सभी जमीन मालिकों के लिए महत्वपूर्ण नजीर है जो बिल्डरों की धोखाधड़ी और दबाव का सामना करते हैं. न्यायालय ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून से बड़ा कोई नहीं, और रजिस्टर्ड डेवलपमेंट एग्रीमेंट की शर्तें ही व्यवस्था की नींव हैं. यह निर्णय रियल एस्टेट विवादों में अदालतों के सख्त रुख का एक बड़ा उदाहरण माना जा रहा है.

### धनबाद रेल मंडल में चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह टिकट चेकिंग अभियान सुनियोजित कार्यक्रम के तहत दिन-रात चलाया गया ` इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप 840 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 04,70,300 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच किया जा रहा है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा। टिकट जांच अभियान के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटर पर यात्रियों की काफी भीड़ देखी गई।

# दिल्ली-हरियाणा की तर्ज पर खेत में पलारी जलाकर पर्यावरण को किया जा रहा जहरीला



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के कई इलाकों में धान की फसल कटाई के साथ ही लोग जल्दबाजी में अपने खेत को साफ कर उसकी जुताइ घर के नए फसल लगाने को लेकर किसान अपने खेत में खरपतवार को जला देने में भलाई समझते हैं। जिसका नतीजा होता है कि पूरा वातावरण वायु प्रदूषण से प्रदूषित हो जाता है और इसका सीधा असर बिहार के लोगों पर पड़ता है लेकिन कृषि विभाग इसके प्रति सचेत नहीं है। शनिवार के दिन बेलछी प्रखंड के सकसोहरा पूर्वी पंचायत के सड़क किनारे दयाल चक और गोपाइचक गांव में किस बड़े पैमाने पर खरपतवार जलते नजर आए। मामले पर जब इलाके किसान सलाहकार प्रेमचंद कुमार से बात की तो उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि कोई किसी की बात नहीं सुनते हैं । सरकारी योजना से वंचित कर देने को कहते हैं कभी-कभी तो झगड़ा की नौबत उत्पन्न हो जाती है। वही जब कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार पांडा से बात की गई तो उन्होंने हाल के दिनों में नए इलाके में आने की बात बताई और जल्द ही मामले पर संज्ञान लेने की बात कही है। जानकारों का कहना है कि इसी तरह बड़े पैमाने पर पर्यावरण को प्रदूषित किया गया तो दिल्ली से भी खराब हवा इलाके की हो जाएगी।

### वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में पुनः रियायत की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को धनबाद कोर्ट के अधिवक्ता प्रभाकर प्रसाद ने जदयू पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो तथा हाजीपुर के जोनल सदस्य पिंटू कुमार सिंह को ज्ञापन सौंप कर रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा में पुनः रियायत दिलाने का मांग किया है। अधिवक्ता श्री प्रसाद ने बताया कि कोविड-19 महामारी के समय से वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा में मिलने वाली रियायत बंद कर दिया गया है। जिससे वरिष्ठ नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ नागरिक उक्त सरकारी सुविधा से पिछले कई वर्षों से वंचित है। उन्होंने राज्यसभा सांसद श्री खीरु महतो तथा हाजीपुर जोन का जोनल सदस्य पिंटू कुमार सिंह से वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा में मिलने वाली रियायत फिर से चालू कराने की दिशा में आवश्यक पहल करने का मांग किया है।

# स्त्रीरोग एंडोस्कोपी की आधुनिक तकनीकों और महिला नेतृत्व पर केंद्रित राष्ट्रीय सम्मेलन






**एम्स पटना में 'ईव एंडोस्कोपी 2025' पाटलिपुत्र' का भव्य आगाज**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईव एंडोस्कोपी 2025 पाटलिपुत्र का भव्य उद्घाटन 22 नवंबर को एम्स ऑडिटोरियम, पटना में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ. यह राष्ट्रीय सम्मेलन भारतीय एसोसिएशन ऑफ गायनेकोलॉजिकल एंडोस्कोपिस्ट्स तथा एम्स पटना के प्रसूति एवं स्त्रीरोग विभाग द्वारा आईएजीई (इंडियन एसोसिएशन ऑफ गायनेकोलॉजिकल एंडोस्कोपिस्ट्स) के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य स्त्रीरोग एंडोस्कोपी में अत्याधुनिक तकनीकों, सुरक्षित शल्य प्रक्रियाओं, नवाचार और महिला विशेषज्ञों के नेतृत्व को बढ़ावा देना है. कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत, बुके प्रस्तुति और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद वंदना का आयोजन किया गया. आयोजन अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अनीता सिंह और मुख्य संरक्षक ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) प्रो. (डॉ.) राजू अग्रवाल, ईडी-कम-सीईओ, एम्स पटना ने उद्घाटन भाषण देते हुए सम्मेलन की प्रासंगिकता और स्वास्थ्य क्षेत्र में एंडोस्कोपी की बदलती भूमिका पर प्रकाश डाला. मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुधा टंडन, डॉ. पूनम प्रसाद भदानी, डॉ. संगम झा (संयुक्त सचिव) और डॉ. मोनिका आनंद (कोषाध्यक्ष) उपस्थित रहीं. सम्मानित अतिथि डॉ. कल्याण बमार्डे और डॉ. रेखा कुरियन ने एंडोस्कोपिक शल्य-क्रियाओं में चल रहे वैश्विक अनुसंधानों, सुरक्षित तकनीकों और मरीज-हितैषी दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा किए. मुख्य अतिथि, विश्व-प्रसिद्ध की-होल सर्जन और गाइनेकोलॉजी के आइकन डॉ. प्रकाश त्रिवेदी ने अपने प्रेरक व्याख्यान शून्य से पुण्य तक- आओ बनाएं अपना भविष्यः डॉ. प्रकाश त्रिवेदी की न्यूमेरोलॉजी के संग में चिकित्सा शिक्षा, सकारात्मक सोच तथा सर्जिकल उत्कृष्टता के विकास पर विशेष जोर दिया. आयोजन सचिव डॉ. मुक्ता अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया. उद्घाटन सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके बाद पहले दिन का कार्यक्रम सांस्कृतिक प्रस्तुति और डिनर के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. उद्घाटन दिवस की शैक्षणिक गतिविधियों में आयोजित प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप्स में फाइब्रॉइड, एडेनोमायोसिस और एंडोमेट्रियोसिस पर गहन प्रशिक्षण दिया गया. हाइस्टेरोस्कोपिक सेप्टल रिसेक्शन, लैप सिस्टेक्टॉमी, उर्वरता-संरक्षण शल्य, लैप मयोमेक्टॉमी, टीएलएच और हाइस्टेरोस्कोपिक मयोमेक्टॉमी जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं का लाइव प्रशिक्षण देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ— डॉ. अनीता सिंह, डॉ. अरुणा टंटिया, डॉ. माला राज, डॉ. मंजुला आनागानी, डॉ. मुक्ता अग्रवाल सहित शीर्ष स्त्रीरोग एंडोस्कोपिस्ट्स द्वारा दिया गया. आईएजीई के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, पूर्व अध्यक्षों तथा मैनेजिंग कमेटी की सक्रिय एवं सार्थक भागीदारी ने सम्मेलन को और प्रभावशाली बनाया. एम्स पटना ने कहा कि तेजी से आधुनिक होती स्त्रीरोग एंडोस्कोपी के क्षेत्र में यह सम्मेलन पूर्वी भारत के उभरते डॉक्टरों के लिए सीख, अनुसंधान और महिला एंडोस्कोपिस्ट्स के नेतृत्व को सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा.

# नवनिर्वाचित विधायक स्नेहलता कुशवाहा की तिलौथू प्रखंड में जनसंवाद यात्रा आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** सासाराम विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित आरएलएम पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक स्नेहलता कुशवाहा का स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत आज यानि 23 नवंबर को आभार सह संवाद यात्रा कार्यक्रम के जरिये क्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया। इस संबंध में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष कपिल कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार अपने क्षेत्र के लोगों से मिलने एवं उनका आभार व्यक्त करने के लिए स्नेहलता कुशवाहा अपने क्षेत्र में आ रही हैं और पूरी सम्भावना है कि उनके साथ आरएलएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा भी आ सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि जिस तरह से इस विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र के लोगों ने अपना अपार जनसमर्थन देकर स्नेहलता जी को विधायक बनाया है उससे वह काफी प्रसन्न हैं। इसी के मद्देनजर रखते हुए आज अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को आभार प्रकट करने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि जिस जनता ने अपना अपार जनसमर्थन दिया है उसी तरह इस क्षेत्र का विकास भी होगा। बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत निमियाडी चौक से 10:30 बजे होगी। उसके बाद हुरका गांव से होते हुए सेवही, चोरिकप, चन्दनपुरा चौक पर 1:00 दिन में बजे पहुंचेंगी। उसके बाद वहां से बाबूगंज गांव पहुंचेंगी जहां लोगों से संवाद करेंगी और उनके समस्याओं को सुनेंगी। उसके वहां से तिलौथू उत्तरपटी होते हुए जरहा, विक्रमबिगहा और मलाबिगहा 4:00 बजे पहुंचेंगी जहां उनका कार्यक्रम की समाप्ति होगी। उनके इस क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम से जहां एक तरफ एनडीए कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है वही दूसरी तरफ क्षेत्र के आमलोग विकास की आस लगाए बैठे हैं कि हमारे क्षेत्र का भरपूर विकास हो क्योंकि सासाराम विधानसभा से पहली बार महिला विधायक स्नेहलता बनी जिनसे लोगों को काफी उम्मीद है कि इस तिलौथू क्षेत्र का विकास जरूर होगा। बता दें कि अक्सर ऐसा देखा जाता है कि सासाराम विधानसभा क्षेत्र का जो विधायक होता है वह केवल विपक्ष में ही बैठता है, लेकिन इस बार इस विधानसभा क्षेत्र से ऐसा विधायक बनी है जो नई सरकार में शामिल है। इसलिए इस विधानसभा क्षेत्र के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस नई नवेली सरकार में इस विधानसभा क्षेत्र का भरपूर विकास होगा। बहरहाल आने वाला समय बताएगा कि इस पांच वर्षों में इस क्षेत्र का विकास कितना होता है।

## नीतीश कुमार को 10वीं बार मुख्यमंत्री बनने पर शालिनी सिंह पटेल ने अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भभुआ।** जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 10वीं बार मुख्यमंत्री बनने पर पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पहुंच कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया। 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। मुख्यमंत्री ने भी स्नेहपूर्वक आए हुए सभी आगंतुकों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। मौके पर जेडीयू कैमूर आईटी सेल सह मुख्य प्रवक्ता अतुल पटेल, जिला प्रवक्ता डॉ सुशील जायसवाल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## मछुआरे की संदिग्ध स्थिति में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कंचन नगर में एक मछुआरे का शव मिला। बताया जाता है कि मृतक मोहित बल्ला रोज की तरह अपने दोस्तों के साथ सुवरा नदी में मछली मारने गया था। सुबह काफी देर बाद भी वापस नहीं पहुंचा तो घर वाले खोजबीन शुरू किए। नदी में महाजाल लगाया गया तब मोहित का शव बरामद हुआ। मोहित के दोस्त राम बच्चन मल्लाह जो साथ में मछली मारने उसके साथ गया था, उसने बताया कि सभी मिलकर नदी में मछली मार रहे थे रात को हम घर आ गए उस समय मोहित पारस किसी बात पर झगड़ रहे थे फिर क्या हुआ हमें पता नहीं। भभुआ नगर सभापति विकास उर्फ बब्लू तिवारी ने बताया मेरे वार्ड 15 के रहने वाले मोहित बल्ला थे जो रात को मछली मारने नदी में गए थे। आज उनकी मौत हो गई।

## जदयू नेता कृष्णा पटेल ने श्रवण कुमार को दी बधाई, बुके देकर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** जदयू के वरिष्ठ नेता और पटेल समाज के लोकप्रिय चेहरा माने जाने वाले श्रवण कुमार को 8वीं बार विधायक एवं मंत्री बनाए जाने पर जदयू नेता कृष्णा पटेल ने उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्र के कई कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद रहे। कृष्णा पटेल ने कहा कि श्रवण कुमार सिर्फ जदयू के कद्दावर नेता ही नहीं बल्कि हम सभी कार्यकर्ताओं के गार्जियन हैं। उन्होंने कहा कि पटेल समाज के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देने का श्रेय श्रवण कुमार जैसे नेतृत्वकर्ता को जाता है। उन्होंने आगे कहा कि श्रवण कुमार पटेल समाज की शान हैं और जदयू कार्यकर्ताओं के लिए ऑक्सीजन की तरह हैं। उनके नेतृत्व में विकास की रफ्तार और तेज होगी। कार्यकर्ताओं ने मंत्री बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से जिले और पूरे प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। इस मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने श्रवण कुमार को दीर्घायु और शानदार कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## टीम डिहरियन्स के संयोजक ने किया पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** ग्रीन सिटी और क्लीन सिटी के तर्ज पर पूर्व सैनिक कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं टीम डिहरियन्स के संयोजक आर के सिंह तथा अजय कुमार द्वारा डालमिया नगर खेल मैदान में पौधारोपण शनिवार को किया गया। अपने सहयोगियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और उनका संरक्षण सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। शहर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने का प्रण लिया। श्री सिंह के अनुसार पौधारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा, स्वच्छ और स्वस्थ शहर का निर्माण कार्यक्रम में उपस्थित सभी को यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयास से ही शहर को ग्रीन एवं क्लीन बनाया जा सकता है।

## एक नजर

### राज्यस्तरीय नशा मुक्ति दिवस का लाइव स्ट्रीमिंग डीआरडीए सभागार में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** राज्य सरकार द्वारा नशामुक्त समाज की दिशा में व्यापक जनजागरण अभियान के तहत 26 नवंबर 2025 को 'नशा मुक्ति दिवस' के अवसर पर अधिवेशन भवन, पटना में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रस्तावित अभिभाषण का लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग रोहतास जिला समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में किया जाएगा। इस संबंध में संयुक्त आयुक्त, मद्य निषेध, पटना के प्राप्त पत्र के आलोक में लाइव प्रसारण को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रबुद्ध वर्ग, आम नागरिकों एवं पत्रकार बंधुओं को आमंत्रित किया जाता है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने स्तर से अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंच सके और समाज को नशा मुक्त बनाने के अभियान को मजबूती मिल सके। कार्यक्रम में भाग लेकर लोग नशे के दुष्परिणामों और इससे मुक्त होने के संकल्प को और अधिक प्रभावी बनाएंगे।

### विभिन्न कांडों के 16 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 16 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अपहृत नाबालिग को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। एक आरोपित ने बिक्रमगंज न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में एनडी पीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट व वारंटी शामिल है। उन्होंने बताया कि शादी की नीयत से इंद्रपुरी थाना क्षेत्र अपहृत 19 वर्षीय नाबालिग को बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि दिनारा थाना के नौवा निवासी एक कांड के आरोपित सतेंद्र कुमार ने पुलिस दबिश के कारण बिक्रमगंज न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है।

### ग्रामीणों ने घर में चोरी करते चोर को पकड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला।** स्थानीय थाना क्षेत्र के छपरा गांव में बीती रात ग्रामीणों ने एक चोर को घर में चोरी करते रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि छपरा गांव निवासी अभिषेक कुमार सिंह के घर में छत के रास्ते देर रात चोर घुस कर चोरी कर रहे थे। तभी घर के कमरे से कुछ गिरने की आवाज सुनाई मिली तो गृस्वामी की नींद खुल गई और कमरे में गये तो देखा कि एक अंजान युवक कुछ समान निकाल रहा है। देखते ही बाहर से कमरे की दरवाजा बन्द कर दिया और गृहस्वामी शोर मचाना शुरु किया। शोर की अवाज सुन ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और उक्त चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चोर छपरा ब्रह्मा टोला निवासी पाण्डेय पासवान बताया गया।

### खाते से 38 लाख की निकासी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर थाना में सासाराम थाना क्षेत्र के कबीरगंज मुहल्ला निवासी राकेश कुमार ने बैंक खाता से 38 लाख रुपये की निकासी करने की प्राथमिकी किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डीडीसी ने की मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक

### मनरेगा मजदूरों का आधार ऑथेंटिकेशन 30 नवंबर तक पूर्ण करें : डीडीसी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** उप विकास आयुक्त, रोहतास विजय कुमार पाण्डेय द्वारा डीआरडीए, सभागार में शनिवार को महात्मा गांधी नरेगा योजना की समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, कनीय अभियंता मनरेगा, पंचायत तकनीकी सहायक मनरेगा एवं निकृष्ट प्रदर्शन करने वाले पंचायत रोजगार सेवक ने भाग लिया गया। बैठक में निदेश दिया गया कि सभी मनरेगा मजदूरों का आधार ऑथेंटिकेशन 30 नवम्बर 2025 तक पूर्ण कराने का निदेश दिया गया ताकि एनएमएमएस ऐप के माध्यम से मजदूरों का दैनिक उपस्थिति पारदर्शी तरीका से दर्ज किया जा सके। जिला के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना से 168 खेल मैदान में स्पोर्ट फेसिलिटीज विकसित करने का कार्य प्रारंभ किया गया था जिसमें से 152 कार्यों को पूर्ण करा लिया गया है। शेष 16 योजनाओं को एक माह के अंदर पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण की योजनाओं में वनपोषक के रूप में जीविका के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को तैनात करने एवं पौधों की देखभाल करने के एवज में नियमित रूप से प्रत्येक माह मजदूरी भुगतान करने का निदेश दिया गया। मनरेगा योजना अंतर्गत मानव दिवस सृजन में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति की भागीदारी बढ़ाने का निदेश दिया गया। मनरेगा योजना अंतर्गत जल-जीवन-हरियाली अभियान से तालाब, आहर, पइन का जीर्णोद्धार कराने एवं चेक डैम, छत वर्षा जल संचयन संरचना, सोख्ता का निर्माण कराने का निदेश दिया गया।

## नव निर्वाचित विधायक राजीव रंजन ने मां दुर्गा मंदिर में टेका माथा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा के नवनिर्वाचित युवा एवं ऊर्जावान विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने बारह पत्थर पहुंचकर मंदिर में मां दुर्गा जी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए शांति, समृद्धि, अमन-चैन और जनकल्याण की मंगलकामनाएं कीं। पूजा के बाद विधायक सोनू सिंह ने बारह पत्थर में आयोजित एक भव्य तिलक समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक को सम्मानित करते हुए पंकज कुमार गुप्ता ने उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा आज मेरे भतीजे अंकुश के तिलक समारोह में विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने इस पावन अवसर को और भी विशेष, शुभ और यादगार बना दिया है। उनकी मौजूदगी से परिवार तथा सभी उपस्थित लोगों को अपार गर्व और हर्ष का अनुभव हुआ। विधायक सोनू सिंह ने भी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे डिहरी विधानसभा के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में बिहार विधान परिषद सभापति के जिला प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी, क्षेत्र के सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी तथा समाज सेवा से जुड़े कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सह गीता जयंती का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गीता घाट आश्रम सासाराम और इसके अध्यक्ष महंत स्वामी कमलानंद जी महाराज के नेतृत्व में श्रीमद् भागवत कथा सह गीता जयंती के अवसर पर विशाल दिव्य एवं भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभा यात्रा का आयोजन गीता घाट आश्रम सासाराम से होकर गीता घाट कॉलोनी, फैजलगंज, काली स्थान होते हुए बेदा के सूर्य मंदिर पर जाकर जलभरी किया गया। पुनः गीता घाट आश्रम पहुंचकर इसका समापन हुआ। आज शनिवार से 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं गीता पर विशेष चिंतन एवं गुरुदेव के ग्रंथों पर विशेष चर्चा और सुबह में आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का सत्र चलेगा। इस विशेष आयोजन में भारतवर्ष के संत महापुरुष एवं भक्तों का आगमन हो चुका है जो इसका विशेष लाभ लेंगे इसमें सभी धर्म अनुरागियों से विशेष आग्रह है कि इसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठाएंगे। कार्यक्रम में स्वामी प्रेमानंद जी महाराज, स्वामी भगवताचार्य हरिद्वार, स्वामी अमरेंद्र आनंद जी द्वारका, स्वामी भारत आनंद जी, स्वामी अर्जुनानंद जी, विद्यासागर जी, आरएसएस से क्षितिज सिंह, विनीत कुमार राय, हिंदू जागरण मंच से जिला के सहसंयोजक कुमार श्वेतांशु, राकेश श्रीवास्तव, हरिओम जी, गोविंद जी, सूरज कुमार, आयुष, राष्ट्र सेविका समिति से आरती केसरी, पूनम देवी, सोनी सिंह, दीपा गुप्ता, संगीता जी, रेखा देवी, शोभा देवी आदि की गरिमामयी उपस्थित रही और सभी ने इस शोभा यात्रा में बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

## आईसीएसई राजेंद्र विद्यालय, सासाराम में मॉक निर्वाचन प्रक्रिया का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** राजेंद्र विद्यालय, सासाराम में आज लोकतांत्रिक जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से मॉक इलेक्टोरल प्रोसेस एवं मॉक चुनाव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रथम चरण के रूप में किया गया जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ चुनाव प्रक्रिया की हर गतिविधि को व्यावहारिक रूप से सीखा और निभाया।




**छात्र बने प्रतिनिधि, उम्मीदवार और चुनाव अधिकारी**

चुनाव को वास्तविक स्वरूप देने के लिए छात्रों ने प्रतिनिधि उम्मीदवार, पुलिस बल, प्रेसीडिंग ऑफिसर, इलेक्शन ऑफिसर तथा पीओएलएस-1, 2, 3 की जिम्मेदारियां निभाईं। छात्रों में मान्या, जसप्रीत, प्रगति, शिवम, अर्णव, चंद्रशेखर, अनुष्का और शाश्वत, आर्यन, आदित्य, अधिवेश, साहिल, वैष्णवी, अगाथा ने विशेष भूमिकाएं निभाकर पूरा चुनावी माहौल जीवंत कर दिया।

**वोटर आइडी, ईवीएम, मतदान केंद्र और स्याही की प्रक्रिया भी की गई वास्तविक**

चुनाव प्रक्रिया को वास्तविकता देने के लिए छात्रों ने स्वयं वोटर आइडी कार्ड तैयार किए। विद्यालय परिसर में रजिस्ट्रेशन बूथ, पोलिंग बूथ, ईवीएम मशीन और इंक मार्किंग जैसी सभी अनिवार्य व्यवस्थाएं स्थापित की गईं। इसी के साथ छात्रों ने क्रमबद्ध पंक्ति में खड़े होकर मतदान, नाम सत्यापन, चुनाव चिह्न पहचान और मत डालने की संपूर्ण प्रक्रिया को समझा।

**विभिन्न पार्टियों का प्रचार-प्रसार हुआ आकर्षण का केंद्र**

बच्चों ने अपनी-अपनी पक्षधरताओं के अनुसार चुनाव प्रचार भी किया। पार्टियों के चुनाव चिह्न आकर्षक और रचनात्मक थे। डोरेमोन, पेन, कप, तलवार, दिया, रेनबो, चश्मा और बुक छाप। छात्रों ने पोस्टर, नारे, घोषणाएं और जनसंपर्क द्वारा अपने-अपने दल का प्रचार किया जिससे विद्यालय में वास्तविक चुनावी वातावरण बन गया। छात्रों ने सीखा लोकतंत्र कैसे चलता है। इस गतिविधि के माध्यम से छात्रों ने जाना कि चुनाव आयोग कैसे कार्य करता है, वोटर आईडी किस प्रकार बनता है, मतदान की पूरी प्रक्रिया क्या होती है। ईवीएम का उपयोग कैसे किया जाता है और किस प्रकार शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराया जाता है। विद्यालय के शिक्षक और आयोजक मंडल ने बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों के लिए जीवनोपयोगी नागरिक ज्ञान का मजबूत आधार साबित होगा।

**प्रधानाचार्य, चेयरपर्सन और सचिव के प्रेरणादायक विचार**

प्रधानाचार्य नवेंदु विश्वास ने कहा मॉक इलेक्शन जैसे कार्यक्रम छात्रों को केवल लोकतंत्र की जानकारी ही नहीं देते, बल्कि उनमें जिम्मेदारी, अनुशासन और नेतृत्व की भावना भी विकसित करते हैं। विद्यालय ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करता रहेगा। चेयरपर्सन गीता सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा बच्चों को व्यावहारिक रूप से लोकतांत्रिक प्रक्रिया समझाना आज के समय की आवश्यकता है। इस तरह के आयोजन उन्हें जागरूक नागरिक बनाते हैं तथा भविष्य में राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए तैयार करते हैं। सचिव अमित प्रकाश ने कहा कि मॉक चुनाव बच्चों में प्रायोगिक ज्ञान और भागीदारी की भावना बढ़ाते हैं। इससे वे समझते हैं कि चुनाव आयोग क्या करता है और मतदान की प्रत्येक प्रक्रिया क्यों महत्वपूर्ण है। परिणाम घोषित 'तलवार' दल को मिली जीत। ईवीएम से मतदान होने के बाद परिणाम घोषित किए गए। परिणाम इस प्रकार रहे। तलवार-19 सीटें, डोरेमोन-16 सीटें, पेन-13 सीटें, दीया-13 सीटें, बुक-11 सीटें, कप -9 सीटें ,स्पेक्टैकल्स-9 सीटें, रेनबो-5 सीटें। सबसे अधिक 19 सीटें जीतकर तलवार दल विजयी घोषित हुआ। विजयी दल के छात्रों में विशेष उत्साह देखा गया। यह मॉक चुनाव कार्यक्रम छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ जिसने उन्हें न केवल लोकतंत्र का ज्ञान दिया बल्कि व्यवहारिक समझ और जिम्मेदारी की शिक्षा भी प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय शिक्षकों लावण्या कुमारी, श्वेता कुमारी, चांदनी कुमारी, फ्लोरीन फ्रांसीसी, आशिका पाणी, कामाख्या मिश्र, जागृति कुमारी, मानसी कुमारी के पी राव आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**न्यायालय उप समाहर्त्ता भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर, पलामू**

**नोटिस**

**भू–हदबंदी वाद सं0–18/2002–03**

**(मुरारी तिवारी – आवेदक बनाम धनश्याम तिवारी वगै0 – विपक्षी)**

**नोटिस बनाम :–**

1. श्री मुरारी तिवारी,पिता–स्व0 शंखपति तिवारी, ग्राम– लहलहे, पो0–झाबर, थाना–डालटनगंज – आवेदक/प्रियम्पटर
2. श्री धनश्याम तिवारी पिता–स्व0 गुप्तेश्वर तिवारी, ग्राम– लहलहे, पो0–झाबर, थाना–डालटनगंज– क्रेता/विपक्षी
3. श्री जनेश्वर शुक्ला पिता स्व0–देवनन्दन शुक्ला,ग्राम–हनुमार, थाना – सतबरवा, जिला–पलामू – विक्रेता/विपक्षी
4. श्रीमती कालिंदी देवी पति श्री कृष्ण कुमार तिवारी,ग्राम–लहलहे पो0–झाबर,थाना–डालटनगंज जिला पलामू – दानप्राप्त कर्ता।
5. श्री यतिन्द्र तिवारी,पिता – स्व0 गुप्तेश्वर तिवारी – गवाह।
6. श्री अभिमन्यु तिवारी पिता – यतिन्द्र तिवारी – गवाह।
7. श्री धर्मदेव तिवारी पिता – चन्द्रमान तिवारी – गवाह।
8. दीनानाथ तिवारी पिता – स्व0 सत्यदेव तिवारी – गवाह।
9. उपेन्द्र तिवारी पिता – स्व0 शिवशंकर तिवारी – गवाह।
10. सिनेश्वर तिवारी पिता – स्व0 अखिलेशवर तिवारी – गवाह।
11. श्री विनोद कुमार तिवारी – पिता स्व0 केशव तिवारी – गवाह

**क्रमांक – 5 से 13 सभी ग्राम–लहलहे पो0–झाबर,था0–सतबरवा जिला–पलामू।**

आप सभी को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित करना है कि भू–हदबंदी अपील वाद सं0–XV/19/2008 एव XV/20 /2008–09 (भू–हदबंदी वाद सं0–18/2002–03 के विरूद्व दायर) में माननीय उपायुक्त पलामू द्वारा पारित ओदेश के आलोक में मूल भू–हदबंदी वाद सं0–18/2002–03 में आवेदक द्वारा प्रस्तुत गवाहों शपथ पत्र कर्ताओं का प्रतिपरिक्षण कराने एवं वाद की सुनवायी के लिए तिथि दिनांक 27.11.2025 निर्धारित की गयी है।

अतः आप सभी को निदेश दिया जाता है कि आप सभी निर्धारित तिथि 27.11.2025 को 27.11.2025 बजे पूर्वाहन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अपने अधिवक्ता के साथ सुनवायी एवं शपथकर्ताओं की प्रतिपरिक्षण कराने के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

इसे सख्त ताकिद जानें।

उप समाहर्त्ता,
भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर।

PR.NO.366830 District(25-26):D

**कार्यालय, नगर पचांयत, छत्तरपुर (पलामू)**
पताः–अनुमंडल कार्यालय, छतरपुर के पिछे, झारखण्ड–822113,
[E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

**आम सूचना**

**प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) के तहत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों से संबंधित अति–महत्वपूर्ण सूचना :–**

निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1708/राँची, दिनांक–23.12.2024 एवं पत्रांक–1509/राँची, दिनांक–11.11.2025 के प्राप्त निदेश के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के पुराने स्वीकृत लंबित पड़े आवासों को दिनांक–31.12.2025 तक पूर्ण कराने का निदेश प्राप्त है। उक्त के आलोक में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले लाभुकों को सूचित करना है कि विभाग द्वारा निर्धारित समय–सीमा दिनांक–31.12.2025 के अंदर अपने–अपने आवासों को पूर्ण कर ले तथा संबंधित प्रतिनियुक्त कार्यालय कर्मियों तथा कार्यालय को सूचना देकर ससमय जियो टैगिंग कराते हुए किस्त की राशि प्राप्त कर एक सजग एवं जागरूक नागरिक का परिचय दें। साथ ही कोई समस्या हो तो संबंधित कार्यालय कर्मियों अथवा कार्यालय को सूचित किया जाय।

उक्त निर्धारित समय–सीमा दिनांक–31.12.2025 को अंदर आवास पूर्ण करने की सम्पूर्ण जबाबदेही लाभुकों की होगी। उक्त अवधि के बाद लाभुकों को अपने संसाधनों से आवास को पूर्ण करना पड़ सकता है। उक्त अवधि तक आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने की स्थिति में विभाग/कार्यालय द्वारा किसी भी प्रकार की राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।

विषयः– अति–महत्वपूर्ण।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छत्तरपुर

PR 366792 (District)25-26*D

# सड़क हादसे में महिला की मौत, घटना में नवजात बालिका बची सुरक्षित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले में सड़क हादसा का सिलसिला लगातार बढ़ता ही जा रहा है। ताजा घटना रतनी ब्लॉक के पास की है, जहां बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। सड़क हादसे में मारी गई मृतका की पहचान पटना जिले के धनरुआ थाना क्षेत्र के महादेव बिगहा गांव निवासी सुजीत कुमार की पत्नी नीभा कुमारी, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह अपने मायके काको थाना क्षेत्र से सातनपुर से अपने चचेरे भाई के साथ मोटरसाइकिल से कुर्था में आयोजित सत्संग में शामिल होने जा रही थी। बताया जाता





है कि रतनी ब्लॉक के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में निभा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के दौरान साथ में बाइक पर मौजूद नवजात बच्ची पूरी तरह सुरक्षित बच गई, जिसे देखकर परिजनों ने थोड़ी राहत की सांस ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए। घटना के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

## विद्युत चोरी मामले में प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज के चरकावां उपरिडीह भुइयां विगहा गांव में विद्युत चोरी के विरुद्ध विद्युत विभाग द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। गांव के विजय साव को 9511 एवं रफीगंज शहर के न्यू एरिया के वीरेंद्र राम को 47257 फाइन करते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस सम्बंध में विद्युत विभाग के सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज ने बताया कि उक्त दोनों जगह छापामारी किया गया। पूर्व में वैध कनेक्शन था। जिसपर विपत्र बकाया होने के कारण विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था। बावजूद अवैध रूप से अपने घरेलू परिसर में विद्युत का उपयोग कर रहे थे। जिन्हें फाइन करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि दो लोगों पर प्राथमिकी की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में विद्युत कर्मी दीपक कुमार भारती सुभाष कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।

# खरीफ मौसम वर्ष 2025-26 के अगहनी धान फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। उपेन्द्र कुमार, उप निदेशक(सांख्यिकी), मगध प्रमंडल, गयाजी के द्वारा बिहार राज्य फसल सहायता योजनान्तर्गत खरीफ मौसम वर्ष 2025-26 के अगहनी धान फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण जहानाबाद जिले के मोदनगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम गोबिन्दपुर (थाना सं0 538), खसरा सं0 2843, रेणु देवी पति0 स्व0 विन्देश्वर कुमार वर्मा के खेत में किया गया। सांख्यिकी के एस.एस.एस सेंपलिंग पद्धति से 10X5 मीटर के क्षेत्रफल में सीसीई ऐप के अंतर्गत किये गये फसल कटनी प्रयोग में कुल हरा दाना वजन 28 किलो 850 ग्राम प्राप्त हुआ, जिसके आधार पर प्रति हेक्टेयर 57.000 क्विंटल उपज का आकलन किया गया। उक्त उपज दर के आधार पर भारत सरकार एवं बिहार सरकार के द्वारा खाद्य योजना से संबंधित नीति तैयार की जाती है।



साथ ही उपज दर बढ़ाने हेतु नये-नये वैज्ञानिक एवं तकनीकि विधि का सृजन किया जाता है। उप निदेशक (सांख्यिकी) मगध प्रमंडल, गया जी द्वारा किसानों को जागरूक किया गया कि धान एक बिमित फसल है, बिहार राज्य फसल सहायता योजना अंतर्गत बीमा कराई गई फसलों की क्षति की स्थिति में किसानों को इसका मुआवजा दिया जाता है। फसल कटनी प्रयोग किसान सलाहकार सुर्यदेव नारायण द्वारा किया गया जिसमें पवन कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, बिनोद कुमार, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, एवं जिला तथा प्रखंड के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित थे।

# कुश्ती प्रतियोगिता में जहानाबाद के दीपक को स्वर्ण एवं भरत को मिला रजत पदक

**राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय खेल प्रतियोगिता में बिहार की ओर से पदक का दावा पेश करेंगे दीपक**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2025 -26 का आयोजन जिला स्तर, प्रमंडल स्तर एवं राज्य स्तर पर कराई जा रही है। बांका जिले के खेल भवन में आयोजित कुश्ती के अंडर 17, अंडर 14 श्रेणी में जहानाबाद के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मेडल अपने नाम किया। अंडर 17 बालकों के 60 किलो ग्राम भार वर्ग में दीपक कुमार, पिता उमेश यादव, ग्राम -फतेहपुर, प्रखंड मखदुमपुर को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। इस सफलता के साथ ही दीपक राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले विद्यालय खेल प्रतियोगिता में बिहार की ओर से प्रतिभागिता करने के लिए क्वालीफाई कर गए हैं। अंडर-14 के 44 किलो ग्राम भार वर्ग में भरत



कुमार जो की ग्राम रायपुरा, काको प्रखंड के निवासी हैं को रजत पदक प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम, सह वरीय खेल पदाधिकारी, तेज नारायण राय ने विजेता युवा खिलाड़ियों से भेंट कर उनके सफलता पर उन्हें बधाई दी। युवा खिलाड़ियों के उनकी सफलता पर जिला पदाधिकारी, अलंकृता पाण्डेय के द्वारा भी बधाई एवं आगामी राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं।

# पांच वर्ष बाद पीड़ित को न्यायालय के आदेश पर मिला चोरी का सामान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। पांच वर्ष पूर्व जहानाबाद जिले के रतनी प्रखंड अंतर्गत नारायणपुर गांव से चांदी के बर्तन चोरी के मामले में न्यायालय में चले लंबे समय के मुकदमे के बाद शुक्रवार को चोरी की घटना में पीड़ित परिवार के मुखिया सत्येंद्र सिंह को पुलिस ने बरामद चांदी के बर्तन सौंप दिया। बताया जाता है कि इस संबंध में मामले के सूचक सत्येंद्र सिंह ने बरामद चांदी के बर्तन को न्यायालय से वापस दिलाने की गुहार लगाई थी। इस पर संबंधित न्यायालय ने 4 नवंबर को ही पुलिस के पास जब्त चांदी के बर्तन को उसके वास्तविक हकदार को लौटाने का आदेश दिया था। चोरी के इस पूरे वारदात की जानकारी देते हुए मामले के सूचक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि 2 जुलाई 2020 को उनके घर से चांदी का एक थाली, लोटा, ग्लास जिसका वजन 8 सौ 56 ग्राम था चोरी हो गई थी, संदेह के आधार पर जब उन्होंने शकूराबाद बाजार स्थित मां शारदे ज्वेलर्स दुकान में दबिश दी तो वहां से चोरी गए चांदी के बर्तन पुलिस ने बरामद कर लिया। चोरी के इस मामले में सूचक सत्येंद्र सिंह के बयान पर 4 जुलाई 2020 को अज्ञात व्यक्तियों पर शकुराबाद थाना में केस संख्या- 63/20 दर्ज की गई। पुलिस अनुसंधान और सूचक के निशानदेही पर चोरी के सामान खरीदने के आरोप में मां शारदे ज्वेलर्स के संचालक चंदन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बाद में पूछताछ करने पर नारायणपुर गांव की ही एक महिला और एक युवक की संलिप्तता चोरी के मामले में सामने आई थी। चोरी के मामले में तीनों आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था बाद में आरोपी जमानत पर रिहा हो गए हैं। बताया जाता है कि इस मामले में न्यायालय में अभी सुनवाई चल रहा है।

# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के कासमा रोड़ स्थित रानी ब्रजराज उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को दोपहर प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को तकनीक आधारित विषयगत शिक्षण



और विद्यालय में उपलब्ध टीएलएम (शैक्षणिक सामग्री) के प्रभावी उपयोग से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान लेखपाल पवन मिश्रा ने बताया कि मध्य विद्यालयों के शिक्षकों को यह बताया गया कि उपलब्ध संसाधनों और तकनीक का उपयोग कर पढ़ाई को कैसे रोचक और प्रयोगात्मक बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि परियोजना आधारित शिक्षण से बच्चों में समझ, रचनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान का विकास होता है। कार्यक्रम में प्रखंड संसाधन केंद्र के लेखापाल पवन मिश्रा, मुख्तार अहमद साबरी, रामकुमार प्रसाद, जिला प्रशिक्षक चंद्रशेखर कुमार साहू, तकनीकी समूह सदस्य यशवंत कुमार सिंह, दीपक कुमार, जानवी पांडेय, बुलबुल कुमारी सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। साथ ही शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार, प्रदीप कुमार, आनंद कुमार, शिक्षिका रानी सुंदरम कुमारी, वंदना कुमारी, निधि गोस्वामी, रिचा कुमारी, सुनंदा प्रज्ञा, सोनी कुमारी, रेखा कुमारी और सभी मध्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं गणित- विज्ञान शिक्षकों ने भी सहभागिता की।

# विद्युत चोरी मामले में छह लोगों पर मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मदनपुर (औरंगाबाद)। विद्युत चोरी के ख़िलाफ़ मदनपुर थाना क्षेत्र में चलाएं गए अभियान के फलस्वरूप छह लोगों को पकड़ा गया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के गुलाब बिगहा निवासी कैलाश यादव के घर पर की गई। जहां मीटर बाईपास कर चोरी मामले में 7920 रूपये जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह शिवकुमार यादव पर 13159 रूपये, मंदीप यादव पर 9721 रूपये जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा झिकटिया गांव निवासी अजय चौधरी पर 4436 रूपये, मेतरी देवी पर 4861 रूपये, विशुनगंज महुरांव निवासी रवीन्द्र कुमार पर 5602 रूपये जुर्माना लगाया गया है। साथ ही अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।



छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे विधुत कनीय अभियंता राकेश कुमार राम ने बताया कि अवैध रूप से चोरी कर विद्युत उर्जा का उपयोग करने वाले लोगों के विरुद्ध छापेमारी दल का गठन किया गया है। दल में सारणी पुरुष सुबोध कुमार सिंह, मानव बल चितरंजन कुमार सिन्हा, दिनेश कुमार यादव शामिल थे। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि विधुत चोरी मामले प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है जिसमें अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# विद्यालय वाहनों की लापरवाही से घट रही दुर्घटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले में स्कूली वाहनों की दुर्घटनाओं की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। प्रशिक्षित न होने के बावजूद कई चालक स्कूल बस और वैन चला रहे हैं। इन वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर यात्रा कराई जा रही है। इसके अलावा वाहनों की फिटनेस मानकों पर खरे नहीं उतरने के बावजूद स्कूल प्रबंधन ऐसे वाहनों और अप्रशिक्षित चालकों से संचालन करवा रहा है। सड़क पर चलाने के लिए योग्य नहीं होने वाले चालक विद्यालय के वाहनों को चला रहे हैं। परिवहन विभाग की उदासीनता के कारण चालकों के लाइसेंस की जांच भी नहीं हो रही है। बच्चों को सुरक्षित माहौल देने की जिम्मेदारी जिस व्यवस्था पर है। वहीं लापरवाह बनी हुई है। पुरानी घटनाओं से सबक न लेना




स्कूली वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाओं के बावजूद विद्यालय प्रबंधन और परिवहन विभाग के अधिकारी कोई सबक नहीं ले रहे हैं। उदाहरण के लिए 23 फरवरी 2025 को एनएच 139 पर रिसियप थाना क्षेत्र के दोमुहान के पास एक स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त हुई जिसमें एक युवक की जान चली गई। इससे पहले 23 फरवरी 2024 को नबीनगर में डीएवी स्कूल का वाहन पलट गया था जिसमें लगभग 20 छात्र-छात्राएं घायल हुए थे। चालक मौके से फरार हो गया था। इसी तरह एक नवंबर 2023 को जीटी रोड रतनुआ गांव के पास और 24 फरवरी 2020 को फेसर थाना क्षोत्र के उंथू के पास भी स्कूली वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुए थे। इन घटनाओं के बावजूद स्कूल प्रबंधन और संबंधित विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।

**बच्चों के लिए बना है जान का खतरा**

इन दुर्घटनाओं से स्पष्ट है कि जिले में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। स्कूल प्रबंधन केवल औपचारिकताओं तक सीमित है और परिवहन विभाग भी नियमों का पालन कराने में असफल है। यदि जिम्मेदार अधिकारी और प्रबंधन अब भी सचेत नहीं हुए तो भविष्य में किसी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित चालकों को नियुक्ति, नियमित फिटनेस जांच और सख्त निगरानी अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षित चालक की नियुक्ति केवल ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर नहीं बल्कि विशेष प्रशिक्षण के बाद होनी चाहिए। वाहनों की फिटनेस जांच नियमित रूप से होनी चाहिए और प्रदूषण जांच अनिवार्य होनी चाहिए।

# मारपीट में प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखण्ड के कजपा गांव में मारपीट के मामले में नीतीश कुमार ने अपने चाचा नंदलाल मेहता, बगल के शशि रंजन एवं इनके मां को नामजद आरोपित बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उलेख्य किया है कि अपने घर के पास मिट्टी गिराया था। जिसे अपने घर में ले जा रहे थे। उक्त लोगों ने आकर यह कहते हुए रोका कि तुम रास्ते में मिट्टी क्यों गिराये।अब नहीं उठाने देंगे। मिट्टी जब उठाने लगे तो गली गलौज करते हुए मारपीट किया।जिससे घायल हो गये। हंगामा सुनकर गांव के लोग आये तो ये लोग भाग गये। किसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज आकर ईलाज कराया और बेहतर इलाज के लिए यहां से रेफर होगया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

## 1.08 किमी विद्युत तार की चोरी, प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखण्ड के दनई पुल नहर से सिंघी पुल नहर के पास तार चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बंध में गया जिला चंदौती थाना कुजापी ओमनगर निवासी संवेदक अभय कुमार शर्मा ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेख किया है कि दनई पुल नहर से सिंघी नहर के पास तक 11 केवी 3.02किमी तार लगाया था। जिसमें 1.08 किमी तार काट कर चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गयी है। जिसका कीमत लगभग पांच लाख पचासी हजार है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि प्राथमिक के दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# दो कमरों के सहारे चल रहा इंटर विद्यालय भरुब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। सरकारी विद्यालयों में संसाधन का घोर अभाव है। विद्यालय में कमरों का अभाव है। दो कमरे में इंटर विद्यालय भरुब चल रहा है। विद्यालय में कमरे कम होने से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में परेशानी होती है। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है परंतु कमरा कम होने के कारण वे बगैर पढ़ाई किए घर चली जाती हैं। बता दें कि विद्यालय में हिंदी के एक भी शिक्षक नहीं हैं। छात्रा प्रियंका कुमार व छात्र मंटू कुमार ने बताया हिंदी विषय की पढ़ाई नहीं होती है। विद्यालय में दो कमरे हैं जिसमें चार वर्ग तक की पढ़ाई होती है। विद्यालय में वर्ग नौ, 10, 11



एवं 12वीं के छात्र-छात्रा पढ़ते हैं। प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार सिंह ने विद्यालय में संसाधन की कमी की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई है। विद्यालय में लिपिक की बहाली 2014 के बाद नहीं हुई है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय में लिपिक की बहाली हुई है परंतु पहले के विद्यालय में नहीं भेजा गया है। भरुब पंचायत के पूर्व मुखिया अंबिका पांडेय बताते हैं कि सरकार शिक्षा पर ध्यान नहीं देती है। उनके द्वारा 1956 में विद्यालय खोला गया था। पूर्व मुखिया ने बताया कि मैंने विद्यालय बनाने के लिए जमीन दान दिया था। बदहाल स्थिति देखकर रोना आता है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि नामांकित छात्रों की संख्या 420 के आसपास है। 350 से अधिक छात्र-छात्रा नियमित विद्यालय आते हैं। अगर विद्यालय में कमरे की संख्या बढ़ाई जाए तो छात्र-छात्राओं की संख्या दोगुना हो जाएगी। किसी तरह विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। यहां तक की विद्यालय में आदेशपाल की जरूरत है। जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि जिस विद्यालय में कमरे का अभाव है वहां निर्माण कराया जाएगा। इंटर विद्यालय भरुब में कमरों की सूचना मिली है। जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

## रेलवे ट्रैक के पास मिला युवक का शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। चंडी थाना क्षेत्र के अनथपुर गांव में शनिवार को रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान अनथपुर गांव निवासी शिव कुमार (41 वर्ष), पिता – रामप्रवेश बिंद के रूप में की गई है। मृतक के भाई ने बताया कि सुबह गांव के उप मुखिया ने उन्हें सूचना दी कि रेलवे ट्रैक के पास एक शव पड़ा है। मौके पर पहुंचकर उन्होंने देखा कि वह उनके भाई शिव कुमार का ही शव है। परिजनों ने आशंका जताई है कि शिव कुमार की मौत करंट लगने से हुई है।

# परसा गणेश से नबीनगर रोड स्टेशन जाने वाली सड़क की स्थिति बदहाल

**पांच वर्षो में भी सड़क की नहीं हुई मरम्मति**
**सड़क निर्माण के प्रति अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का नहीं है ध्यान**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नबीनगर (औरंगाबाद)**। नबीनगर विधानसभा अंतर्गत सिमरी धमनी पंचायत के परसा गणेश से नबीनगर रोड स्टेशन जाने वाली सड़क की स्थिति इन दिनो काफी बदहाल हो गई। वहीं सड़क की पांच वर्षो से अबतक मरम्मति नहीं कराई गई है। सड़क की स्थिति बदहाल होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। बारिश के दिनों में सड़क की स्थिति और ही बदतर हो जाती है। सड़क पर



चलना मुश्किल हो जाता है। सड़क पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो गई है। वहीं बच्चे विद्यालय भी विद्यालय इसी रास्ते से होकर जाते हैं। बच्चे अक्सर गिरकर घायल होते रहते हैं। जब भी गांव में किसी की तबीयत खराब होती है तो चारपाई पर ले जाने की नौबत आ जाती है। ग्रामीण किसी तरह मरीज को लेकर अस्पताल पहुंचते हैं। बता दें कि परसा गणेश महादलित टोला पचास घरों की बस्ती है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का ध्यान सड़क के निर्माण के प्रति नहीं है।

# प्राथमिक विद्यालय उच्छाहल बिगहा की छत जर्जर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। सरकारी विद्यालयों में संसाधन का अभाव है। अधिकांश विद्यालय भवन जर्जर अवस्था में है। जिससे कोई देखने वाला नहीं है। यह तो यह है कि जर्जर होने के कारण बच्चे विद्यालय आने से डरते हैं। भवन का छत कब गिर जाए कहा नहीं जा सकता। बता दें कि हसपुरा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय उच्छावल बिगहा के दो कमरे में चलता है। कमरे की छत इतनी जर्जर है कि कब गिर जाए कहा नहीं जा सकता। वैसे बाहर से विद्यालय देखने में चकाचक लगता है। अंदर जाने पर पता चलता है कि छत कई जगह गिर चुकी है। कई जगहों पर दरार है। प्रधानाध्यापक अर्जुन कुमार ने बताया कि दो कमरे में विद्यालय चलता है जिसमें एक कमरा आंगनबाड़ी केंद्र का है। एक कमरे में कार्यालय के साथ वर्ग एक से लेकर पांच तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं। बच्चे बरामदा में बैठकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। वर्षा के दिनों में छत से पानी टपकता है। बच्चे कहां बैठेंगे उन्हें जगह नहीं मिलती है। विद्यालय के भवन की स्थिति की जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी गई है परंतु अबतक भवन के मामले में काई आदेश प्राप्त नहीं है। छत गिरने का डर शिक्षक एवं बच्चों दोनों को है। खुले छत के नीचे मध्याह्न भोजना बनाना मुश्किल होता है। विद्यालय में शौचालय व बिजली तो है परंतु पेयजल की समस्या गंभीर है। पानी पीने बच्चे अपने घर चले जाते हैं। विद्यालय की चाहरदीवारी जर्जर है। छत जर्जर होने के कारण अभिभावक अपने बच्चों को इस विद्यालय में भेजना नही चाहते हैं। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में प्रर्याप्त कमरे का निर्माण कराने की जरूरत है। एक कमरे में विद्यालय चलता है वह भी जर्जर है।

# राजकीयकृत देववंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज में विस्तृत निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक सेंटअप परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बारुण प्रखंड के राजकीयकृत देवबंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज में विस्तृत निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। निरीक्षण कार्य का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक डा. राकेश कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक डा. निरंजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के क्रम में परीक्षा केंद्र पर उपस्थित छात्रों की उपस्थिति, प्रवेश व्यवस्था, परीक्षा कक्षों की निगरानी व्यवस्था और समिति द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन की स्थिति का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। प्रश्न-पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित भंडारण, वितरण और वापसी से संबंधित गोपनीय प्रावधानों की भी समीक्षा की गई। परीक्षा केंद्र पर साफ-सफाई, शौचालय और बैठने की व्यवस्था सहित अन्य सभी आधारभूत सुविधाएं संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित होती पाई गई। सभी कक्षों में प्रतिनियुक शिक्षकों की विधिवत उपस्थिति और परीक्षार्थियों पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित रही। किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि या नकल का कोई मामला सामने नहीं आया। परीक्षा नियंत्रक डा. निरंजय कुमार के द्वारा परीक्षा में शुचिता एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष बल देते हुए परीक्षा कर्मियों को यह निर्देशित किया गया कि परीक्षा अवधि में सतर्कता किसी भी परिस्थिति में कम नहीं होनी चाहिए। परीक्षा संचालन में गोपनीयता एवं निष्पक्षता सर्वोच्च वरीयता पर रहेगी। परीक्षा नियंत्रक डा. निरंजय कुमार ने प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता से संबंधित प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सभी शिक्षकों से यह अपेक्षा की कि वे समिति के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण निष्ठा एवं पेशेवर दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों द्वारा विद्यालय प्रबंधन तथा परीक्षा कर्मियों की व्यवस्थाओं की सराहना की गई। आगामी परीक्षाओं को भी इसी प्रकार शुचिता, अनुशासन एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया। परीक्षा नियंत्रक चिकित्सक निरंजय कुमार ने बताया कि इंटरमीडिएट और मैट्रिक सेंटर परीक्षा में अनुपस्थित परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर शिवम कुमार, संजय मेहता, संतोष कुमार, अरुण कुमार, रश्मि मिश्रा, सुशील कुमार, रवि रंजन कुमार, गौतम जायसवाल सहित उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी को एचआर एक्सीलेंस में प्लैटिनम एवं प्रशिक्षण में गोल्ड पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** एनटीपीसी बरौनी को ऐपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित अपैक्स इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड्स में दो प्रतिष्ठित पुरस्कार में एक्सीलेंस कैटेगरी में प्लैटिनम अवार्ड तथा ट्रेनिंग एक्सीलेंस कैटेगरी में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार समारोह उदयपुर में शुक्रवार को आयोजित किया गया। यह सम्मान एनटीपीसी बरौनी की मानव संसाधन दिशा में की जा रही उत्कृष्ट पहलों, सकारात्मक कार्य-संस्कृति को बढ़ावा देने, प्रतिभा संवर्द्धन तथा कर्मचारियों के सतत कौशल विकास के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। एचआर प्रक्रियाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नवाचार आधारित प्रशिक्षण मॉडल और संगठनात्मक विकास को गति देने वाले प्रयासों के लिए इस उपलब्धि को विशेष सराहना मिली। एनटीपीसी बरौनी की ओर से गौरव चक्रवर्ती, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) ने दोनों पुरस्कार एचआर एक्सीलेंस में प्लैटिनम और ट्रेनिंग एक्सीलेंस में गोल्ड ग्रह्ण किए। बरौनी परियोजना प्रमुख श्री घोष ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर संपूर्ण एनटीपीसी बरौनी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार संगठन में उत्कृष्ट मानव संसाधन प्रबंधन और उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण तंत्र को मजबूत बनाने हेतु किए जा रहे निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने टीम से आह्वान किया कि कार्य-संस्कृति, सुरक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में उत्ष्टता बनाए रखने के लिए सभी इसी समर्पण के साथ आगे भी कार्य करते रहें।

## जनता दरबार का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें एक नये मामले सुनवाई हेतु दर्ज किये गए। पूर्व से लंबित 7 मामले का निष्पादन किया गया।दर्ज मामले में नीरपुर गांव के वार्ड नंबर 11 के गीता देवी पति स्वर्गीय रामोतार राम बनाम गुनेश्वर राम पे स्वर्गीय गोविंद राम के बीच रैयती भूमि विवाद है। वही 7 निष्पादित मामले में हसनपुर बगर के रामदेव सहनी व हीरा लाल सहनी, समसा की लाल परी देवी व राम धानुक, रजाकपुर के मोहम्मद सैदल व सुरेंद्र महतो, मंझौल कुमहारसो के अभय कुमार व प्रकाश पंडित, हसनपुर बागर के मीना देवी व मोहम्मद नाथो एवं मोहम्मद तहलिम बगैरह, हसनपुर बागर के मोहम्मद महबूब व मोहम्मद अफगान एवं नावकोठी के सुनील रजक व विपिन महतो का मामला है।

# भिखारी ठाकुर जयंती पर होगा भिखारी ठाकुर रंग जलसा-2025, राह बाबा पूजा की होगी प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** स्थानीय पटेल बस पड़ाव आरा में स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर भिखारी ठाकुर जयंती समारोह की तैयारी के लिए एक संक्षिप्त बैठक हुई। अध्यक्षता लोक कलाकार भगवती राम, संचालन भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के अध्यक्ष पत्रकार नरेन्द्र सिंह ने की। इस बैठक में कार्यक्रम की प्राथमिक रूपरेखा तैयार की गई। इस साल भिखारी ठाकुर जी के जयंती समारोह का नाम भिखारी ठाकुर रंग जलसा-2025 दिया गया। भोजपुरी भाषा और भिखारी ठाकुर के प्रति समर्पित संस्था भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान द्वारा एक दिवसीय रंग जलसा में भिखारी ठाकुर की अमर



कृति 'विदेशीय' का मंचन चर्चित रंगकर्मी/नाटककार/निर्देशक साधना श्रीवास्तव के निर्देशन में होगा। इसके अलावा डोमकच, झिझिया, झूमर, पवरियाँ, हरफ़ौरी, गोंड नाच आदि को भी प्रस्तुत किया जायेगा। रंगमंच के इतिहास में पहली बार 'राह बाबा पूजा' का नाट्य प्रस्तुति मंच पर होगी। भोजपुरी भाषा में शास्त्रीय संगीत और नृत्य की प्रस्तुति नृत्य गुरु बक्शी विकाश और उनके शिष्यों द्वारा की जायेगी। मंच के नियमित कार्यक्रमों में संभावना आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और मंच के कलाकार कमलेश पासवान द्वारा भिखारी ठाकुर के भजनों और गीतों की प्रस्तुतियां की जायेगी। अन्य कार्यक्रमों के सन्दर्भ में अगले विस्तारित बैठक में निर्णय ली जाएगी। बैठक में वरिष्ठ रंगकर्मी/नाटककार/ निर्देशक कृष्णेंदु, योगगुरु स्वामी विक्रमादित्य, योग प्रशिक्षिका अनीता सिंह, आरा शहर की चर्चित रंगकर्मी/ नाटककार/ निर्देशक दीपाली श्रीवास्तव, चर्चित समाजसेवी कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ़ पप्पू सिंह, सर्वजीत कुमार सिंह, योगी राज, चर्चित फिजियोथैरेपिस्ट नन्द किशोर राम, युवा रंगकर्मी/नाटककार/निर्देशक डॉ साधना श्रीवास्तव, वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ अनिल सिंह आदि भोजपुरिया प्रबुद्धजन मौजूद थे।

# परशुराम गांव में लगी भीषण आग, लाखों मूल्य के पेड़ राख

## किसान की 10 वर्षों की मेहनत चंद मिनटों में हुई खाक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड के बंधार पंचायत अंतर्गत परशुराम गांव वार्ड-18 में बुधवार को एक भीषण अगलगी की घटना ने किसान की वर्षों की मेहनत पर पानी फ़ेर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के एक खेत में अचानक लगी आग की चपेट में आकर लगभग 12 कट्ठा भूमि में लगे करीब 1200 महोगनी के पेड़ जलकर राख हो गए। इन महोगनी पेड़ों की अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पीड़ित किसान रामदेव शाह ने बताया कि उन्होंने करीब 10 वर्ष पूर्व अपने खेत में महोगनी के पौधे लगाकर बड़ी मेहनत से उनकी देखभाल की थी। पेड़ अब पूरी तरह तैयार हो चुके थे और इससे उन्हें भविष्य में अच्छी आमदनी की उम्मीद थी। लेकिन अचानक लगी आग से सारी उम्मीदें और वर्षों की मेहनत एक पल में नष्ट हो गई। किसान रामदेव शाह ने कहा कि आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। हालांकि उन्हें आशंका है कि किसी राहगीर द्वारा सिगरेट या बीड़ी पीकर लापरवाही से फेंक देने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया होगा घटना के बाद किसान ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचना दी है। उन्होंने बताया कि सीओ को घटना की जानकारी देकर सरकारी सहायता प्रदान किए जाने की गुहार लगाई है। किसान ने कहा कि यदि सरकार की ओर से उन्हें मुआवजा मिलता है तो इस कठिन समय में बड़ी राहत होगी, अन्यथा इतनी बड़ी क्षति की भरपाई कर पाना बेहद कठिन होगा ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि घटना की जांच कर पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिया जाए और ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए गांव में जागरूकता भी बढ़ाई जाए।

## जनता दरबार में आए मामले

**वीरपुर।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न पंचायत से लोग शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार मे पहुँचे। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार ने बताया कि पूर्व का तीन आवेदन सहित कुल 3 आवेदनों की सुनवाई की गई जिसमें से कोई भी आवेदन को आपसी समझौता के आधार पर निष्पादित नहीं किया गया। शेष बचे हुए सभी आवेदन के आलोक में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर अगली तिथि में बुलाया जाएगा। मौके पर थाना के एस आई राकेश कुमार सहित कई फरियादी मौजुद थे।

# एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों को विद्यार्थी परिषद ने किया सम्मानित

## विद्यार्थी परिषद जीडी कॉलेज इकाई का हुआ पुनर्गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जीडी कॉलेज इकाई का शनिवार को पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रदेश मंत्री पुरूषोत्तम कुमार, विशेष आमंत्रित सदस्य अजीत चौधरी, विभाग सहसंयोजक दिव्यम कुमार, नगर मंत्री अजीत कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। प्रदेश मंत्री पुरूषोत्तम कुमार ने कहा कि आज जीडी कलेज इकाई अपने 1 वर्ष के कार्यकाल में किए गए आंदोलनात्मक गतिविधि एवं संगठनात्मक गतिविधि का पूर्ण विवरण रखा है जो बहुत ही शानदार कार्यकाल की ओर इशारा करता है। नव दायित्व प्राप्त कार्यकर्ताओं से भी इससे अच्छे कार्यकाल की अपेक्षा की जाती है। विशेष आमंत्रित सदस्य अजीत चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता देशहित में हमेशा कार्य करने हेतु तत्पर रहते हैं। उसके पीछे हमारी विशिष्ट कार्य पद्धति है। विद्यार्थी अपने छात्र जीवन में सीखे हुए देशभक्ति का भाव एवं निस्वार्थ सेवा के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाते हैं। विभाग सहसंयोजक दिव्यम कुमार एवं पूर्व कार्यकर्ता राहुल कुमार ने कहा कि आप लोगों को विद्यार्थी परिषद ने दायित्व दिया है और विद्यार्थी परिषद की गतिविधि को संचालित करना एवं इसे छात्र-छात्राओं के बीच प्रसारित करना चाहिए ताकि आपके विचारों की स्वीकार्यता बढ़े। नगर मंत्री अजीत कुमार एवं नगर सह मंत्री प्रहलाद कुमार ने भी उपस्थित छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी परिषद की गतिविधि से परिचय कराया। जिला मीडिया प्रमुख अमन कुमार एवं सोशल मीडिया संयोजक मनीष कुमार ने कहा कि विद्यार्थी को अपने छात्र जीवन का 5 वर्ष विद्यार्थी परिषद में काम करना चाहिए ताकि उन्हें अपने दृष्टिकोण को विस्तृत एवं सुदृढ़ करने का अवसर मिल सके। मौके पर नगर सह मंत्री सिद्धार्थ कुमार, सूरज कुमार, संगीता कुमारी, कोअपरेटिव कलेज इकाई अध्यक्ष अभिषेक कुमार, कलेज मंत्री कौशिक गुप्ता, अनमोल, आलोक, राकेश, आशीष सत्यम, उज्जवल, सौरभ सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन-तीन स्वयंसेवकों को विद्यार्थी परिषद की ओर से सम्मानित भी किया गया।

# जमात-ए-इस्लामी हिंद का देशव्यापी पड़ोसियों का अधिकार मुहिम

**अररिया।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद फारबिसगंज इकाई के द्वारा 'आदर्श पड़ोसी, आदर्श समाज' के नारे के साथ 'पड़ोसियों के अधिकारों' को लेकर दस-दिवसीय मुहिम की शुरूआत की गई है। यह मुहिम 30 नवंबर 2025 तक पूरे देश में प्रारंभ की गई है। जिसका उद्देश्य पड़ोसियों के प्रति अच्छे व्यवहार और सद्भावना की भावना को फिर से जगाना और सामुदायिक संबंधों को मज़बूत करना है।



मीडिया को जारी एक बयान में जमाअत के इकाई अध्यक्ष रिजवान खान ने कहा 'इस्लाम पड़ोसियों के अधिकारों को बड़ा महत्व देता है और इसे एक सामंजस्यपूर्ण समाज की आधारशिला मानता है। कुरान में अपने अनुयायियों को स्पष्ट रूप से न केवल निकटम पड़ोसियों के साथ, बल्कि 'अस्थाई पड़ोसी' के रूप में निकट आए लोगों के साथ भी अच्छा व्यवहार करने का आदेश दिया गया है जिसमें सहकर्मी, सहयात्री और यहाँ तक कि सड़क पर हमारे साथ चलने वाले लोग भी शामिल हैं। इस मुहिम के ज़रिए, हम मुसलमानों को इन अनिवार्य शिक्षाओं की याद दिलाना चाहते हैं और उन्हें अच्छे पड़ोसी बनने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं, ताकि समाज के सामने इस्लाम का सही चेहरा पेश किया जा सके।' मुहिम के संयोजक अशरफ अली ने कहा कि 'अच्छे रिश्तों की नींव पर बना समाज अपने आप ही एक मिसाली समाज बन जाता है। जब पड़ोसी एक-दूसरे के साथ दया, क्षमा और इंसाफ़ के साथ पेश आते हैं, तो इससे उठने वाली लहर पूरे समाज को परिवर्तित कर देती है। हमें उम्मीद है कि यह मुहिम न सिर्फ़ पड़ोसियों के बीच के झगड़े सुलझाएगी, बल्कि दया और सामाजिक ज़िम्मेदारी जैसे इस्लामी मूल्यों का एक मज़बूत सबूत भी बनेगी।' 'पड़ोसियों के अधिकार मुहिम' के सह संयोजक शमशेर अली ने बताया कि यह मुहिम शहरी इलाकों में बढ़ते अकेलेपन की भावना को सम्बोधित करती है, जिसकी वजह से पड़ोसी रिश्तों की अनदेखी हो रही है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस मुहिम का मकसद आपसी हमदर्दी, सहयोग, साफ़-सफ़ाई और ट्रैफिक डिसिप्लिन को बढ़ावा देना है जिसे इस्लाम अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी मानता है। वही जमात के सदस्य कुर्बान अली ने कहा कि इस मुहिम में कई तरह कार्यक्रम होंगे, जैसे सभी धर्मों के पड़ोसियों के साथ मीटिंग, चाय सभाएं, महिलाओं और युवाओं के लिए विशेष प्रोग्राम, सद्भावना कार्यक्रम व विभिन्न धर्मों के बीच तालमेल को मज़बूत करने और इस्लाम के बारे में गलतफहमियों को दूर करने के लिए विभिन्न पंथों के भाइयों और बहनों तक पहुंचने पर विशेष ज़ोर दिया जाएगा। साथ ही इस मुहिम में 'अपने पड़ोसी को जानें मुहिम के बाद भी लगातार विचारविमर्श और फॉलो-अप को प्रोत्साहन दिया जाएगा। वहीं इस मौके पर अध्यक्ष रिजवान खान, संयोजक अशरफ अली, सह संयोजक शमशेर अली, सदस्य कुर्बान अली, जुनैद अहमद, महबूब आलम, एतेहशाम इनाम, राजा अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे

# अपर समाहर्ता अररिया ने किया अगहनी धान फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बिहार राज्य फसल सहायता योजना अंतर्गत शनिवार को अपर समाहर्ता अनिल कुमार झा ने अररिया जिला के अररिया प्रखंड अंतर्गत गैयारी पंचायत के गैयारी राजस्व ग्राम में किसान प्रदीप कुमार यादव पिता गोदी लाल यादव के खेत में अगहनी धान फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण किया। चयनित खेसरा में 10 गुना 5 मीटर के क्षेत्रफल में कटनी प्रयोग में हरा दाना का वजन 50 वर्ग मीटर में 21 किलो 535 ग्राम आया। इस प्रकार इसका उपज दर 43 क्विंटल 07 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर आकलित किया गया। इस अवसर पर जिला सांख्यिकी



पदाधिकारी श्रीकांत पासवान, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी राजकुमार महतो, प्रयोगकर्ता सह किसान सलाहकार सूफियान सहित अनेक कर्मी एवं किसान उपस्थित थे।

# विद्यालयों में सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल में विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फोकल शिक्षक ने बच्चों को शीतलहर से बचने के उपाय पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि शीतलहर के दौरान अक्सर तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जाती है। इस दौरान शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म कपड़ा पहनना आवश्यक होता है। ठंढ के महीनों में स्वच्छता पर अधिक ध्यान रखना चाहिए। ठंड पानी पीने से बचना चाहिए। हल्के गर्म पानी से स्नान करना चाहिए। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा शीतलहर के दौरान आमजन के लिए सुरक्षा उपाय जारी किए जाते हैं। उन उपायों में यथासंभव शीतलहर के दौरान घर के अंदर रहना सर्दियों के पर्याप्त कपड़े सुनिश्चित करना चाहिए। अकेले और बुजुर्गों की देखभाल करना, सर्दी से बचाव के लिए शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म पानी पीने की आवशयकता पर बल दिया। बिजली आपूर्ति नहीं होने की स्थिति में खाना सुरक्षित रखने के लिए फ्रीजर के दरवाजे बंद रखने की सलाह दी गयी। मिट्टी के तेल हीटर और कोयले के जहरीले धुएं से बचने के लिए समुचित हवा का प्रबंध करना चाहिए। गर्म खाना खायें ताकि आपके शरीर को अतिरिक्त उर्जा प्रदान हो सके। इस अवसर पर फोकल शिक्षक रामबहादुर यादव, ललन पासवान, धर्मशील कुमार, संजीत महतो, सरोज कुमार महतो, शंभू महतो, मनटुन महतो, रणधीर कुमार, अशोक शर्मा, सुशील कुमार, कन्हैया कुमार, हरिहर सहनी, प्रदोष कुमार सहित मीना मंच, बाल संसद के सदस्य सहित अन्य मौजूद थे।

## बच्चों को शीतलहर से बचाव की दी गई जानकारी

**भगवानपुर।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों को शीतलहर के कारण होने वाले खतरे तथा उससे बचने के उपाय की जानकारी दी गई। इस दौरान मिडिल स्कूल मेहदौली, पाली डीह, अतरुआ, महेशपुर सहित अन्य स्कूलों में चेतना सत्र के दौरान बच्चों को फोकल शिक्षक द्वारा शीतलहर से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी दी गई। वहीं बाल प्रेरकों के निगरानी में मकड्रिल और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यालय आपदा कमेटी के बच्चों ने गर्म कपड़े पहनने का संदेश देते हुए शीतलहर से बचने के उपायों पर चर्चा की और सभी को गर्म कपड़ा पहनकर रहने को कहा। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह, विश्वनाथ साह शिक्षक सुमन, अजनीश, अमर शंकर, ऋतु, संगीता, प्रभात, नितेश सहित बच्चे आदि मौजूद रहे।

# फायर आपदा बचाव पर गोष्ठी एवं मॉकड्रिल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के विमर्श कक्ष में आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा फायर आपदा न्यूनीकरण पर गोष्ठी सह मॉकड्रील कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता सीओ सूरज कुमार ने की। इस अवसर पर फायर आपदा न्यूनीकरण पर चर्चा करते हुए जिला साधन सेवी रणविजय पाठक, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी, बखरी के भगवान पासवान ने अगलगी से बचाव और जागरूकता पर चर्चा की। जिला प्रशिक्षक मो अकरम ने आग लगने के कारण और उससे बचाव के उपाय बताये। बताया की दो झोपड़ियां को सटाकर ग्रामीण क्षेत्रों में घर नहीं बनाने चाहिए। झोपड़ी में मिट्टी का लेप लगाना चाहिए। खाना पकाते समय बर्तन में दो बाल्टी पानी रखना आवश्यक है। जहां तक संभव हो भोजन खुले में सुबह 9 बजे से पहले और शाम 6 बजे के बाद नहीं बनाएं। थ्रेसर मशीन के पास दो ड्राम पानी रखें। काम खत्म होने के बाद गैस के रेगुलेटर बंद रखें। खेतों में पराली और खरपतवार मत जलाएं। हवा बहने के समय भूलकर भी आग ना लगाये। जलते हुए माचिस की तीली और सिगरेट बीड़ी के टुकड़े को यत्र तत्र नहीं फेकें। रसोई घर में मिट्टी का तेल एवं ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखें। इस अवसर पर प्रधान अग्निक धर्मेंद्र यादव, प्रमोद कुमार, अग्निक सूरज कुमार, अंचल और प्रखंड के कर्मी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग संबंधी शिक्षकों का प्रशिक्षण

**भगवानपुर।** प्रखंड के मिडिल स्कूल कलोनी में शनिवार को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रखंड के उत्क्रमित व मिडिल स्कूल के प्रधान व गणित एवं विज्ञान के शिक्षक शामिल हुए। प्रखंड तकनीकी दल के अशोक कुमार सिंह, संदीप कुमार, प्रिया आनंद व अनंत कुमार ने पीबीएल के क्रियान्वयन से जुड़ी तकनीकी, चुनौतियों व उनकेप्रभावी समाधान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय स्तर पर छात्र-केंद्रित प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए नए तकनीकी उपाय भी साझा किये। साथ ही सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि पीबीएल को विद्यालयों में प्रभावी व सतत् रूप से लागू करने के लिए विद्यालय स्तर पर नियमित फालोअप व क्षमता निर्माण सत्र आयोजित किया जाएगा। मौके पर प्रधानाध्यापक मनोज, रामनंदन, श्याम सुंदर, शशिनाथ, डेजी, लीला, शिक्षक प्रभात, उज्ज्वल, आशीष, शुभम, ऋतु, सकवत, पंकज आदि मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** गढ़हरा थाना क्षेत्र के अवध तिरहुत रोड मे शनिवार के सुबह एपीएसएम कॉलेज के समीप सड़क दुर्घटना मे एक की मौत हो गई। दुर्घटना मे दो बाइक की टक्कर हुई जिसमे एक बाइक सवार बीच सड़क पर गिरा और दूसरा सड़क किनारे जाकर गिरा। इसी दरम्यान सामने से आ रही ट्रेक्टर का चक्का चढ़ जाने से जहां एक युवक की मौत हो गयी। वहीं दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक की पहचान बीहट इब्राहीम पुर टोला निवासी अजय महतो के लगभग 25 वर्षीय पुत्र विनीत कुमार के रूप में की गई। जबकि



घायल युवक की पहचान हाजीपुर निवासी 27 वर्षीय ऋषि कुमार एवं मननपुर निवासी 26 वर्षीय नन्दलाल शामिल है। बताया जा रहा है कि मृतक बीहट से बरौनी अपने किसी काम से आ रहा है। वहीं मृतक इकलौते पुत्र थे जो ड्राइविंग कर अपने परिवार का सहारा बना था। घटना की सूचना मिलते ही गढ़हरा थानाध्यक्ष गौतम कुमार, सदर 2 डीएसपी पंजक कुमार, फुलवाड़िया पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के विरोध में आक्रोशित लोगों ने लगभग दो तीन घण्टे तक सड़क जाम रखा।बाद में बरौनी बीडीओ के द्वारा मुआवजा का आश्वासन देने पर सड़क जाम समाप्त हुआ।

# शिक्षकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के एपीएस प्लस टू स्कूल में विभिन्न मिडिल एवं अपग्रेड मिडल स्कूल के नामित शिक्षकों का एकदिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। विद्यांजलि कार्यक्रम के तहत प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के विभिन्न मॉड्यूल से उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। वर्ग 6 से 8 के बच्चों को गणित और विज्ञान के शिक्षकों को पीबीएल मॉडल का प्रयोग करने के तौर तरीके बताए गये। प्रशिक्षक संजीत कुमार,पंकज जायसवाल, शिवानी टंडन, उत्कर्ष कुमार ने बताया की बच्चों को योजना आधारित चैप्टर पढ़ाने होंगे। किसी भी चैप्टर को पढ़ाने से पहले योजनाबद्ध तरीके से बच्चों को विज्ञान और गणित की जटिलता को सुलझाने में सहायता करना है। इस विधि से बच्चों के अंदर शिक्षण कौशल का विकास होगा। ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत निपुण भारत मिशन के तहत प्रत्येक विद्यालय में कक्षा एक से तीन के विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के लिए बैनर पोस्टर लगाने, क्षिजीत बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए,डोर टू डोर सर्वे अभियान के तहत वंचित बच्चों का सर्वेक्षण कर स्कूल तक लाने की योजना से अवगत कराया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक प्रियरंजन कुमार, मंटुन महतो, रणधीर कुमार, संजीत कुमार महतो, अशोक शर्मा, शंभू महतो, अमित कुमार, रंजीत कुमार, वीणा कुमारी आदि मौजूद थे।

## सिविल सर्जन ने किया पीएचसी का निरीक्षण

**भगवानपुर।** शुक्रवार को सिविल सर्जन बेगूसराय ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के संचालन की समीक्षा भी की गई। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं व्यवस्थित और उपलब्ध पाई गईं, हालांकि लाभार्थियों की संख्या अपेक्षात कम दर्ज की गई। निरीक्षण के दौरान टॉर्च की रोशनी में मरीज का स्टिच किए जाने की शिकायत पर सिविल सर्जन ने संवेदक से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि अगर जेनरेटर सुविधा बाधित रहने को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो संबंधित निविदा रद्द की जाएगी। वहीं प्रसूता से अवैध वसूली की शिकायत पर उन्होंने बताया कि मामले की जांच की गई है। शिकायतकर्ता ने घटना की पुष्टि की है, हालांकि आगे कार्रवाई न करने की मांग की है। जिस एएनएम पर आरोप है, वह ड्यूटी पर थीं लेकिन निरीक्षण के दौरान मौजूद नहीं थीं। उन्हें अगले दिन पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई तय होगी। सिविल सर्जन ने स्पष्ट कहा कि प्रसव सेवाओं में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली पूरी तरह गलत है। सरकार की ओर से सभी प्रसव संबंधी सेवाएं मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध हैं। निरीक्षण के दौरान पीएचसी प्रभारी डा. दिलीप कुमार, बीएमसी उदय शंकर, परिवार कल्याण काउंसलर नियति कुमारी मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# विशेष टिकट जांच अभियान में 840 बेटिकट यात्री धराए

## 5.75 लाख रुपए की वसूली गई राशि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बिहार में पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के साहिबगंज-भागलपुर और जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर चलाए गए विशेष टिकट चेकिंग अभियान के तहत विगत दो दिनों में कुल 840 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया है।

पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक डॉ उदय शंकर झा ने आज यहां बताया कि दोनों रेलखंडों के प्रमुख स्टेशनों- भागलपुर, साहिबगंज, पीरपैंती, कहलगांव, सुल्तानगंज, अभयपुर और जमालपुर में शुरु विशेष टिकट चेकिंग अभियान के तहत विगत दो दिनों के भीतर पकड़े गए 840 बेटिकट यात्रियों से जुर्माने के रुप में कुल 5 लाख 75 हजार 225 रुपए की राशि वसूल की गई है। उन्होंने बताया कि मालदा के एसीएम (वाणिज्य) तापस कुमार विश्वास की अगुवाई में आरंभ इस अभियान में शामिल क्षेत्रीय रेल अधिकारी, स्टेशन निदेशक, वाणिज्य पर्यवेक्षक और टिकट निरीक्षक की अलग-अलग टीमों ने लगातार दो दिनों तक उक्त प्रमुख स्टेशनों पर अप तथा डाउन दिशा की सभी एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में यात्री टिकट का चेकिंग किया। इस काम में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) का पूरा सहयोग मिला है। श्री झा ने बताया कि टिकट चेकिंग अभियान से मालदा मंडल के विभिन्न रेलखंडों पर चलने वाले सभी एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में बेटिकट यात्रियों की संख्या में कमी आई है तो दूसरी तरफ प्रमुख स्टेशनों के राजस्व में भी वृद्धि हुई है। प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि प्रमुख स्टेशनों पर टिकट काउंटरों के भीड़ से बचने के लिए रेल यात्रियों को स्वचालित टिकट वेंडिंग (एटीभीएम) और ऑनलाइन टिकट हेतु रेलवन एप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहीं इन सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने हेतु यात्रियों को जागरुक किया जा रहा है।

# ऑनर किलिंग मामले में हत्या के मुख्य लाईनर अभियुक्त मृतक लड़की के चाचा ने किया सरेंडर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन (केवड़ा ओपी) थाना कांड संख्या 279/25 ऑनर किलिंग में हुई हत्या मामले में फरार चल रहे अभियुक्त सुनील कुमार (लड़की के चाचा) पिता सहजानंद यादव सा छाती थाना धनरूआ शनिवार को पुलिस दबिश के कारण न्यायलय में आत्मसमर्पण कर दिया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया की घटना 12.9 2025 को पोठही रेलवे स्टेशन के पास चंदन नगर रेलवे ट्रैक के पास सुबोध कुमार उर्फ लोहा यादव पिता रामकुमार प्रसाद और लवली कुमारी पिता अरुण प्रसाद को रामकृष्ण नगर से मारपीट कर अधमरा करते हुए रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था। इस मामले में मृतक सुबोध कुमार उर्फ लोहा यादव की मां सुशीला देवी पति स्वर्गीय रामकुमार प्रसाद श्रीरामपुर के बयान पर 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी और इस पूरे घटनाक्रम में मृतक लड़की के चाचा सुनील कुमार ने महाकाल गैंग के माध्यम से सुपारी देकर हत्या करवाई थी और इस पूरे घटनाक्रम में मृतक लवली कुमारी के चाचा सुनील कुमार ही इस पूरे घटना का षड्यंत्र रचने वाला रचयिता था। बहरहाल इस पूरे घटनाक्रम में छह लोगों की गिरफ्तारी अब तक हो चुकी है एक अभियुक्त शनिवार को सरेंडर कर दिया है। इस मामले में फरार चल रहे हैं अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही हैं।

# राशन उठाव शुरू, लाभुकों के बीच होगा राशन का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी मुख्यालय स्थित राजकीय खाद्य निगम से शनिवार से राशन का उठाव शुरू हो गया है और पहले ही दिन सात गाड़ियों से विभिन्न जन वितरण दुकानदारों के दुकान पर डोर स्टेप डिलीवरी के वाहनों के माध्यम से राशन का उठाव करते हुए आपूर्ति किया गया है। गोदाम प्रबंधक ने बताया कि शनिवार से उठाव शुरू कर दिया गया है और सबसे पहले ग्रामीण स्तर के सभी पीडीएस दुकानदारों को राशन दिया जा रहा है। और संभवत महीने के अंत होते होते सभी दुकानदारों के बीच राशन का उठाव कर दिया जाएगा। ताकि समय रहते नवंबर माह का राशन लाभुकों के बीच वितरण हो सकेगा। वहीं नवंबर माह के राशन उठाव नहीं होने के पीछे कारण बताया कि कि पहले परिवहन अभिकर्ता के रूप में विवेक इंटरप्राइजेज को यह जिम्मेवारी दी गई थी, लेकिन लंबित भुगतान के कारण राशन उठाव के लिए हाथ खड़े करते हुए असमर्थता जाहिर कर दिया था, ऐसे में अब नए सिरे से परिवहन अभिकर्ता के रूप में टुन्नू गुप्ता को यह जिम्मेवारी दी गई है और शनिवार से राशन को उठाव शुरू कर दिया गया है अब लाभुकों को ससमय उन्हें राशन का वितरण की जाएगी।

# मसौढ़ी संत मेरीस स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी संत मेरीस स्कूल में शनिवार की शाम को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम एवं नाटक मंचन का प्रस्तुती की। लेकिन इस बीच मगही अंदाज में सम्राट अशोक का नाटक का मंचन काफी आकर्षक का केंद्र बिंदु रहा। कार्यक्रम का उदघाटन कर कार्यक्रम में बोलते हुए स्वामी स्वास्टीशन कलुपुरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे बहुत ही संवेदनशील होते है। इन्हे तराश कर बेहतर नागरिक बनाना विद्यालय प्रबंधन का दायित्व है। जिसे विद्यालय परिवार अपने दायित्व का निर्वहन भली-भांति कर रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को उच्चतम लक्ष्य तक पहुंचना ही हम सभी का कर्तव्य है। इस दौरान विद्यालय की शैक्षणिक व शिक्षा संबंधी प्रत्येक कार्यों व उनसे सम्बन्धित वर्ष भर की गतिविधियों का आंकड़ा और अन्य उपलब्धियों को विद्यालय के फादर पैकियम भाष्कर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीडीओ प्रभाकर कुमार, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन मसौढी थाना के कई पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ पटना से चर्च के फादर भी शामिल हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने कई नाटक मंचन नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया वहीं इस पूरे कार्यक्रम में सम्राट अशोक पर मगही अंदाज में नाटिका प्रस्तुत किया जो काफी आकर्षक और रोमांचक रहा वहीं मंच पर अंगिका भोजपुरी मगही आदि के संस्कृती को चित्रांकन भी दिखे।

# मसौढ़ी में नशा मुक्त बिहार, विकसित बिहार के तहत स्कूलों में आयोजित हुआ चित्रांकन कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**मसौढ़ी।** नशा मुक्त बिहार विकसित बिहार के बैनर तले शनिवार को मसौढ़ी के प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं श्रीमती गिरिजा कुवंर हाई स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां नशा मुक्ति अभियान के चित्रांकन प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने चित्रकला में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों के द्वारा नशा सेवन से होने वाली दुष्प्रभाव को चित्रकला के माध्यम से बताया। इस मौके पर एसडीएम अभिषेक कुमार और एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी भी मौके पर पहुंचे और छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति अभियान के बारे में विस्तृत रूप से बताया की कैसे शराब के सेवन से न केवल परिवार बल्कि समाज में इसका बुरा असर पड़ता है। बहरहाल बिहार में नशा मुक्ति अभियान की कमान विद्यालय के बच्चों ने संभाल ली है। बिहार सरकार नशा मुक्ति अभियान पर न सिर्फ अडिग है, बल्कि उसे सफल बनाने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का केंद्र विद्यालय के बच्चे बने हैं। शनिवार के दिन श्रीमती गिरिजा कुवंर हाई स्कूल एवं प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका विद्यालय में चित्रांकन प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजन कर छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से शराबबंदी अभियान को गति प्रदान किया। नशा के कारण परिवार का बिखरना, तबाह होना, नशा से होने वाली बीमारियों के बारे में दर्शाया। कार्यक्रम में पहुचे एसडीएम अभिषेक कुमार ने हुए कहा कि समाज को नशा से होने वाले नुकसान के बारे में छात्रों के माध्यम से जागरुकता फैलाई जाती है। साथ ही बच्चों को जीवन में नशा मुक्त रहने के लिए संकल्प भी दिलाया गया।चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रिया कुमारी, तान्या कुमारी, गीतांजलि कुमारी, खुशी कुमारी, स्नेहा कुमारी, सोनम कुमारी के साथ कई छात्र शामिल हुए वहीं प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका अनामिका गुप्ता, अर्चना गुप्ता, संजीव कुमार आदी एवं श्रीमती गिरिजा कुंवर उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजीव रंजन कुमार, गोखले, मोहम्मद सलीम आदी शामिल रहे।

# पारिवारिक विवाद में युवक ने खुद को मार ली गोली, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना के चकरमासी गांव में शुक्रवार कि देर शाम को पारिवारिक विवाद में एक युवक ने खुद को गोली मार ली है। जिसका इलाज के दौरान पीएमसीएच में सुबह में मौत हो गई है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि चक्रमाशी गांव में बिते शुक्रवार को तकरीबन 11 बजे रात्री में हरेंद्र यादव उम्र 17 वर्ष पिता स्वर्गीय परमानंद यादव साकिन चकरमासी के द्वारा स्वयं को गोली मार लेने की सूचना मिली। घटनास्थल पहुंच कर सत्यापन किया तो घटना को सही पाया। जख्मी के घर में किसी को उपस्थित नहीं पाया। आसपास के लोगों से पूछने से पता चला कि पारिवारिक मतभेद के कारण गोली मार लिया है अभी पूरा परिवार के साथ पीएमसीएच में भर्ती के लिए गया हुआ जा जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गया। परिजन के द्वारा जिस हथियार से मृतक ने द्वारा खुद को गोली मारी थी वो एक देसी कट्टा एवं एक खोखा सुपुर्द किया गया अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## पप्पू हत्याकांड मामले में पुलिस ने साटा इश्तेहार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के सेवदाहा गांव के पप्पू हत्याकांड के दो नामजद अभियुक्तों के घर पर शनिवार को धनरूआ पुलिस ने घर पर इश्तेहार साट कर सरेंडर की चेतावनी दी है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि प्राथमिकी अभियुक्त राहुल कुमार पिता विद्यानंद प्रसाद एवं नवलेश कुमार पिता कमलेश प्रसाद उर्फ कांग्रेस प्रसाद दोनों सकिन सेवदाहा निवासी के घर पर इश्तेहार साटा गया है। घटना के संदर्भ में थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना सेवदाहा गांव में बीते 9.3.2023 की शाम को घटी थी, जहां पर पप्पू कुमार को लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दी गई थी और इस पूरे मामले में 17 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज मृतक की पत्नी बिजन्ती देवी ने की थी और इस पूरी घटना का कारण बताया गया कि विजयंती देवी ने पप्पू कुमार से प्रेम विवाह किया था और इसी प्रेम विवाह से उनके सभी लोग नाराज चल रहे थे और इसी में घटना घटी है।

# मसौढ़ी थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारियों के लिए बैडमिंटन कोर्ट और ओपन जिम बनाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुलिसकर्मियों को फिट और तनाव मुक्त रखने के उद्देश्य से मसौढी थाना परिसर में नगर परिषद की ओर से बैडमिंटन कोर्ट और जिम (व्यायाम की सुविधा) बनाए जाने की पहल की गई है। मसौढी थानाध्यक्ष ने लिखित पत्र देकर नगर परिषद प्रशासन को मसौढी थाना में बैडमिंटन कोर्ट और ओपन जीम बनाने की मांग की गई है जिसका उद्देश्य पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए पुलिसकर्मियों को फिट और तनाव मुक्त रखना होगा। मसौढी थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि खुद को फिट रखने के लिए खेलों का आयोजन बहुत जरूरी है। कोर्ट के बन जाने से पुलिस कर्मी खेल में भाग लेकर स्वस्थ, निरोग, तनावमुक्त रहेंगे। बैटमिंटन खेलने को महिला व पुरुष कर्मियों के लिए अलग अलग समय निर्धारित किया जायेगा। वही इस मामले में सशक्त स्थाई कमेटी के सदस्य शंभू सिंह ने बताया कि थानाध्यक्ष द्वारा दिये गये मांग को प्रस्ताव में लिया जाएगा, बोर्ड कमेटी में इसे पास कर थाना परिसर में उपयुक्त जगह देखकर बैडमिंटन कोर्ट और जिम बनाए जाएंगे। और यह जरूरी भी है बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिसकर्मियों को तनाव मुक्त और फिट रहना बेहद जरूरी है।

# रानीडीह गांव में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा नल का जल, अधिकारियों का ध्यान नहीं

## गांव में सड़क की भी स्थिति बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के चेई नवादा पंचायत के रानीडीह गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। हर घर नल-जल, स्वच्छता अभियान, सार्वजनिक शौचालय, गली और नाली निर्माण जैसी योजनाएं अधूरी या पूरी तरह से विफल हो चुकी है। गांव में पानी टंकी तो है लेकिन पाइप टूटी हुई है जिससे अधिकांश घरों में नल का जल नहीं पहुंचता है। जलजमाव की समस्या से हालात और भी बदतर कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी बनने के कुछ दिन तक पानी मिला लेकिन फिर जहां-तहां पाइप फट जाने के कारण हर घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। संबंधित विभाग को कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। संवेदक ने जल्दबाजी में काम कर अधूरा छोड़ दिया। पंचायत सरकार भवन का निर्माण पंचायत में अबतक पूर्ण नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि हमलोगों को जाति, आय, निवास पेंशन और अन्य प्रमाण पत्रों के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। बता दे कि इस गांव में सौ से अधिक घर हैं। आबादी लगभग 1500 की है जबकि सात सौ मतदाता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नाली और गली की स्थिति ठीक नहीं है। गली से ऊपर नाली का निर्माण हो जाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती है जिसके कारण गली में जलजमाव और कीचड़ फैलने के कारण दुर्गंध से जीना मुश्किल हो गया है। गांव में पक्की नाली और गली का निर्माण स्थानीय जनप्रतिनिधि जल्द से जल्द कराएं। हमलोगों को इस बरसात के मौसम में आवागमन करने में कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ जगह पर नालियों का निर्माण कराया गया है जो सड़क के बीचो बीच कराने के कारण घरों तक पहुंचने में काफी परेशानी होती है। थोड़ी सी भी बारिश हो जाती है तो गांव की गलियां जलमग्न हो जाती है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग महिलाएं और बच्चों को होती है। पक्की गली और नाली का निर्माण हो जाए तो हम लोगों की आधी परेशानी दूर हो जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया परंतु आज भी कई गरीब परिवारों के पास शौचालय नहीं है। गरीब तबके के पास खुद का शौचालय बनवाने के लिए जमीन नहीं हैं। सार्वजनिक शौचालय की भी कोई व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों की मांग है कि पंचायत स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए ताकि आमलोगों को उनके हक मिल सके। सरकार के लाख कोशिश के बावजूद योजना का लाभ धरातल पर नहीं दिखता।

# केवड़ा पुलिस ने 1000 किलो जावा महुआ किया नष्ट

## ऑपरेशन देसी शराब के तहत की गई कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान शनिवार को केवड़ा थाने की पुलिस ने बसुहार गांव में अभियान चलाकर दर्जनों अवैध भठ्ठियां तोड़ी जहां 1000 किलो जावा महुआ को नष्ट किया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया की पोठही के बसुहार गांव में लगातार सूचना मिल रही थी कि दर्जनों भठ्ठीयां चल रही है और अवैध शराब बनाई जा रही है। सूचना को सत्यापन करते हुए शनिवार को टीम गठित करते हुए छापेमारी की गई है जहां 1000 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया है और दर्जनों भठ्ठियों को ध्वस्त की गई है। इस अभियान से शराबियों की हडकंप मची हैं हालांकि छापेमारी के दौरान सभी शराब संचालक भागने में सफल रहे।

# सदर अस्पताल के पुराने भवन में अबतक चल रहा ओपीडी

## फरवरी महीने में मुख्यमंत्री ने किया था मॉडल अस्पताल का उद्घाटन



**नवबहिर टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन के नौ माह हो गए परंतु अबतक अस्पताल के पुराने भवन में ही ओपीडी में मरीजों का उपचार किया जा रहा है। नौ माह बीतने के बावजूद सदर अस्पताल के नए भवन में ओपीडी प्रारंभ नहीं हो सका है। बीते 11 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में औरंगाबाद पहुंचे थे। सदर अस्पताल परिसर में माडल अस्पताल का उद्घाटन किए थे। इस क्रम में नौ मंजलिा ओपीडी और चार मंजलिा मातृ-शिशु वार्ड का उद्घाटन किए थे। उद्घाटन के सात माह से अधिक समय गुजर गए परंतु अब तक नए भवन में इलाज शुरू नहीं हो सका। मरीजों को अब भी पुरानी व्यवस्था में इलाज कराना पड़ रहा है। बता दें कि नौ मंजिला भवन को पूरी तरह हाईटेक बनाया गया था। कहा गया था कि नए भवन में यहां हर तरह की जांच और सामान्य ओपीडी की सुविधा मिलेगी। मरीजों को उम्मीद थी कि अब इलाज के लिए मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। शाहपुर के दिनेश सिह, कामा बिगहा के प्रदीप कुमार ने बताया कि अगर नए भवन में ओपीडी शुरू हो जाती है तो इलाज में काफी सहूलियत होगा। भवन के प्रथम तल पर टीकाकरण, गैर संचारी रोग, दांत और आंख के चिकित्सक बैठते हैं। दूसरे तल से ऊपर की सभी मंजिले बंद हैं। आई क्लीनिक के समीप दीवार में दरार आ गई है। ग्राउंड फ्लोर अस्त-व्यस्त है। चार मंजलिा मातृ-शिशु वार्ड का उद्घाटन भी उसी दिन हुआ था लेकिन वह भवन उद्घाटन के दिन से बंद है। अब तक उसका काम पूरा नहीं हुआ है। पुरानी भवन में ओपीडी चलने से मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। इससे उन्हें परेशानी हो रही है। अस्पताल के केवल एक तल्ले पर आंख और दांत के चकित्सिक बैठते हैं। अब देखना है कि कब तक नए भवन में ओपीडी का शुरुआत होती है।

# डीएम ने अंचलाधिकारियों को लगाई फटकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राजस्व संबंधित कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में चल रही विभिन्न राजस्व गतिविधियों की प्रगति का मूल्यांकन करना एवं लंबित कार्यों के त्वरित निष्पादन हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान करना था। बैठक के प्रारंभ में जिलाधिकारी द्वारा गैरमजरुआ मालिक भूमि के रैयतीकरण से संबंधित जिला के सभी अंचलों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन का विस्तृत अवलोकन किया गया। भारतमाला परियोजना, एसएच-101, एनएच-98, एनएच-2 एवं रेल विकास निगम लिमिटेड अंतर्गत भेजे गए अभिलेखों की समीक्षा में पाया गया कि कुल 756 अभिलेख (92.39 एकड़) में से 682 अभिलेख (86.07 एकड़) का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जा चुका है। शेष अभिलेखों का शीघ्रतम निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अंचल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा प्रगति में हो रहे विलंब पर चिंता व्यक्त की गई। इसके उपरांत उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना से जुड़े भूमि रैयतीकरण से संबंधित प्रतिवेदन पर विचार किया गया। देव, मदनपुर, कुटुंबा एवं नबीनगर अंचलों से कुल 16 अभिलेख (2.8122 एकड़) प्राप्त हुए थे, जिनमें से 15 अभिलेख (2.81 एकड़) का निष्पादन पूर्ण पाया गया। जिलाधिकारी ने इस कार्य को संतोषप्रद बताते हुए शेष अभिलेख के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। बैठक में दाखिल-खारिज के लंबित मामलों पर विशेष चर्चा की गई। समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि 75 दिनों से अधिक समय से जिले में कुल 364 मामले लंबित हैं। जिलाधिकारी ने इस स्थिति को गंभीर बताते हुए संबंधित अंचल अधिकारियों को फटकार लगाई एवं सभी लंबित मामलों का एक सप्ताह के भीतर पूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का कड़ा निर्देश दिया। यह भी बताया गया कि सर्वाधिक लंबित मामले औरंगाबाद सदर अंचल (170) में पाए गए जबकि हसपुरा अंचल में 75 दिनों से अधिक लंबित कोई भी मामला नहीं है, जो अनुकरणीय है। बैठक में आगे भूमि मापी, राजस्व संग्रह, सरकारी भूमि से संबंधित दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस पोर्टल पर कार्यों की अद्यतन स्थिति, बकाया वसूली तथा अन्य राजस्व गतिविधियों की भी व्यापक समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को राजस्व प्रशासन को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा प्रगति समीक्षा को नियमित रूप से अद्यतन रखने का आदेश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, सभी अंचल अधिकारी, राजस्व कर्मी एवं संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार व दलाल मुक्त होगा रफीगंज : प्रमोद

## नवनिर्वाचित जदयू विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने किया नगर पंचायत क्षेत्र का दौरा, हुआ भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज।** एनडीए के घटक दल जदयू के नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद कुमार सिंह शनिवार दोपहर रफीगंज पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया। नगर पंचायत क्षेत्र के भ्रमण के दौरान विधायक ने बड़ी दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद कलाली मोड़ के पास आयोजित स्वागत समारोह में विधायक का एनडीए कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार, अंगवस्त्र एवं पारंपरिक पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने की। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि मैंने चुनाव से पहले वादा किया था कि इस विधानसभा को भ्रष्टाचार और दलाल मुक्त बनाऊंगा। वह वादा मैं निभा रहा हूं और इसे पूरी तरह भ्रष्टाचारमुक्त बनाकर ही दम लूंगा। उन्होंने कहा कि हर गांव में युवा क्लब का गठन किया जाएगा ताकि युवाओं को संगठित कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने केंद्र और बिहार सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि एनडीए सरकार ने सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है जिसमें महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी गई है। विधायक ने बताया कि इस बार विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में 9% अधिक मतदान कर यह साबित किया है कि वे एनडीए सरकार की नीतियों से संतुष्ट हैं और उसका समर्थन करती हैं। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, विधानसभा संयोजक दीनानाथ विश्वकर्मा, जदयू जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मुखिया संजय कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, जदयू नेता संजीव सिंह, जिला पार्षद प्रदीप कुमार चौरसिया, भाजपा के कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पासवान, हम के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, जदयू के नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार सोनी, महामंत्री शिवनारायण साव, शंकर शौंडिक, मंजरी सिंह, विपिन सिंह, निखिल सिंह, रविंद्र सिंह, लूटन सिंह, धीरज सिंह, असुम सिंह, जितेंद्र कुमार, आलोक चौरसिया, अरविंद कुमार नारायण साव, जयंत कुमार, रोहित कुमार, मोहित कुमार, सूरज कुमार, छोटू सिंह, विवेक कुमार सहित एनडीए में शामिल घटक दलों के हजारों समर्थक मौजूद रहे।

# सियाराम शॉप और विशाल मल्टीब्रांड शोरूम का भव्य उद्घाटन आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

Siyaram's SHOP

**औरंगाबाद।** शहर के पुरानी जीटी रोड पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के समीप आज यानी रविवार की सुबह 11 बजे सियाराम शॉप और विशाल मल्टीब्रांड शोरूम का भव्य उद्घाटन होने जा रहा है। उद्घाटन का शुभ कार्य शहर के प्रख्यात समाजसेवी कन्हैयालाल जैन द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन को लेकर शहरवासियों में उत्साह देखा जा रहा है। संचालक बबलू जैन एवं जितेन्द्र जैन उर्फ जीतू ने जानकारी देते हुए बताया कि सियाराम शॉप में ग्राहकों के लिए उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले सूटिंग–शर्टिंग की पूरी रेंज उपलब्ध कराई गई है। साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिए टेलरिंग की व्यवस्था भी की गई है, जिससे एक ही स्थान पर फैब्रिक से लेकर स्टिचिंग तक की पूरी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा विशाल मल्टीब्रांड शोरूम में विभिन्न ब्रांडों के रेडीमेड परिधानों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध रहेगी, जिसमें पुरुष, महिलाएं और बच्चों के लिए आधुनिक और पारंपरिक दोनों तरह के कपड़े शामिल हैं। उद्घाटन दिवस को खास बनाने के लिए ग्राहकों को खरीदारी पर उपहार देने की भी घोषणा की गई है। संचालक के अनुसार उद्घाटन के अवसर पर विशेष ऑफर और उपहार शहरवासियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र होंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस शोरूम के खुलने से शहर में गुणवत्तापूर्ण कपड़ों और फैशन से जुड़े उत्पादों की मांग आसानी से पूरी हो सकेगी।

## उल्लास, गरिमा और नए संकल्पों के साथ मनाया गया बीआरबीसीएल का 19वां स्थापना दिवस

# बीआरबीसीएल ने हासिल की कई उपलब्धियां : सीइओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** एनटीपीसी एवं भारतीय रेल का संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) द्वारा शनिवार को 19वें स्थापना दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया। इस क्रम में पूरा परिसर स्थापना दिवस के रंग में रंगा नजर आया। कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक, सभी के चेहरे पर उत्साह साफ झलक रहा था। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी शामिल हुए। उनके साथ कंपनी के सभी विभागाध्यक्ष, तकनीकी विशेषज्ञ, कार्यालयी कर्मचारी, संविदाकर्मी तथा श्रमिकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की संख्या और उत्साह ने इसे खास बना दिया। समारोह का विधिवत उद्घाटन श्री देहुरी ने बीआरबीसीएल का ध्वज फहराकर किया। ध्वजारोहण के बाद विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर आकाश में गुब्बारे छोड़े, जो संगठन की ऊंची उड़ान और प्रगति के प्रतीक के रूप में देखा गया। अपने प्रेरक संबोधन में सीइओ ने बीआरबीसीएल की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि कंपनी ने सिर्फ 19 वर्षों में कई महत्वपूर्ण तकनीकी और उत्पादन उपलब्धियां हासिल की हैं। विभिन्न विभागों द्वारा समर्पण और टीम भावना से किए गए कार्यों ने संस्थान को मजबूती दी है। आने वाले वर्षों में उत्पादन क्षमता, सुरक्षा मानकों और तकनीकी उन्नयन पर विशेष जोर दिया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि भारतीय रेल बिजली कंपनी की नबीनगर परियोजना की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 1000 मेगावाट है जिसकी 90 प्रतिशत उत्पादित बिजली भारतीय रेलवे को दी जा रही है जबकि 10 प्रतिशत यानी 100 मेगावाट बिजली बिहार को दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल की कुल विद्युत आवश्यकता के 25 प्रतिशत बिजली की पूर्ति भारतीय रेल बिजली कंपनी की नबीनगर प्रोजेक्ट से हो रही है यानी देश की 25 प्रतिशत ट्रेनें औरंगाबाद में बनी बिजली से चल रही है। समारोह के अंत में केक काटकर 19वें स्थापना दिवस का औपचारिक समापन किया गया। इस दौरान सभी कर्मचारी और अधिकारी एक मंच पर एकजुट हुए जिससे पूरे आयोजन में एकता और सौहार्द का संदेश गया। पूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि बीआरबीसीएल सिर्फ एक कार्यस्थल नहीं बल्कि एक परिवार है–जहां समर्पण, एकता और प्रगति की भावना ही सफलता की असली राह है।

# औरंगाबाद के मजदूर की गुरुग्राम में संदिग्ध स्थिति में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** काम के दौरान संदिग्ध स्थिति में एक व्यक्ति की मौत हरियाणा के गुरुग्राम में हो गई। मृतक की पहचान उपहारा थाना क्षेत्र के भलुआर गांव निवासी 45 वर्षीय रागिब अंसारी उर्फ सोनी के रूप में की गई है। शनिवार को जैसे ही उसका शव भलुआर पहुंचा उसके दरवाजे पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा माहौल मातमी सन्नाटे में बदल गया। मृतक की पत्नी अफसरी खातून चीखते-चीखते बार-बार बेहोश हो जा रही थी। महिलाओं ने उसे संभालने की कोशिश की लेकिन घर के हालात बेहद दर्दनाक बना रहा। जानकारी के अनुसार भलुआर निवासी सर्फुद्दीन अंसारी के पुत्र रागीब अंसारी अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए लंबे समय से गुड़गांव के सेक्टर-37 स्थित सिमरन इंटरनेशनल कंपनी में रहकर जैकेट सिलाई का कार्य कर रहा था। रोज की तरह बीते मंगलवार को भी वह अपने काम पर गया था लेकिन अचानक चक्कर आने पर वह बेहोश होकर गिर पड़ा। साथी मजदूरों ने तत्काल उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रागीब के चाचा और उपहारा थाना में पदस्थापित चौकीदार महबूब आलम ने बताया कि घर की पूरी जिम्मेदारी उसने कम उम्र में ही संभाल ली थी। मेहनत-मजदूरी कर वह पत्नी और तीन बच्चों का पेट पाल रहा था लेकिन अचानक हुई उसकी मौत ने परिवार को पूरी तरह बिखेर दिया है। परिजनों के अनुसार कंपनी प्रबंधन की ओर से अभी तक मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। परिजन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने सरकार और जिला प्रशासन से मृतक के परिवार को आर्थिक मदद देने की मांग की है ताकि उसके तीन छोटे बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# डीएम ने केवाइपी केन्द्रों में नामांकन पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभाकक्ष में श्रम विभाग, जिला नियोजन एवं डीआरसीसी कार्यालय की संयुक्त समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में श्रम अधीक्षक द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा 5 धावादलों का संचालन करते हुए कुल 16 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले में बाल श्रम उन्मूलन हेतु विशेष जागरूकता अभियान लगातार संचालित किए जाएं तथा बाल श्रम को पूर्णतः समाप्त करने के लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास किए जाएं। जिलाधिकारी ने निर्माण क्षेत्र में लगे सभी निर्माण श्रमिकों का अधिक से अधिक निबंधन सुनिश्चित कराने का निर्देश देते हुए कहा कि उनका सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। साथ ही ऐसे प्रतिष्ठान जहां 10 या उससे अधिक कार्यकर्ता कार्यरत हैं, उन्हें पॉस एक्ट के तहत आंतरिक समिति के गठन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान केवाईपी केन्द्रों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा कम नामांकन वाले केन्द्र संचालकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण प्रतिवेदन संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण बीएसडीसी के वेतन अवरुद्ध करने का निर्देश भी दिया गया। इसके अतिरिक्त डीआरसीसी प्रबंधक को स्वयंसहायता भत्ता से संबंधित अधिक से अधिक आवेदन सृजित करने तथा सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने श्रम एवं नियोजन से संबंधित सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के निबंधन, कौशल विकास, रोजगार उपलब्धता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और गति लाना अनिवार्य है। बाल श्रम उन्मूलन हेतु विद्यालयों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों, संचालकों एवं संस्थाओं पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में टास्क फोर्स के पदाधिकारी सहित श्रम विभाग, जिला नियोजन एवं डीआरसीसी कार्यालय के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पशु तस्करों ने गो रक्षकों पर किया हमला, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देव मोड़ के समीप पशु तस्करों ने गो रक्षकों पर हमला बोल दिया जिसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों में पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता शशांक शेखर एवं स्थानीय दुकानदार नरसिंहा निवासी प्रमोद सिंह शामिल हैं। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान अधिवक्ता शशांक शेखर ने बताया कि वे घर जा रहे थे तभी उन्होंने देखा कि एक पिकअप काफी तेजी से औरंगाबाद की तरफ से आ रही है। जानकारी मिली कि संडा मेले से बछड़ों को खरीदकर तस्करों द्वारा ले जाया जा रहा है। इसके बाद स्थानीय लोगों से मदद लेकर पिकअप को उनकी मदद से रोका गया। जब पिकअप की जांच की गई तो उसमे 15 की संख्या में बछड़े अमानवीय तरीके से लादकर तस्करी के लिए ले जाए जा रहे थे। इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना पर पहुंची डॉयल 112 की टीम को सभी बछड़े सुपूर्द कर दिए गए। इसी बीच 15 से 20 की संख्या में पारंपरिक हथियारों से लैस होकर आए तस्करों ने हमला बोल दिया जिसमें दोनों घायल हो गए। इतना ही नहीं तस्करों द्वारा बलपूर्वक पुलिस के कब्जे में रही पिकअप को बलपूर्वक छुड़ा नौ दो ग्यारह हो गए। इस मामले में गो रक्षकों ने मुफस्सिल थाने में पशु तस्करों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की छानबीन की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं अधिवक्ता शशांक शेखर ने संडा मेला की अनुज्ञप्ति रद्द करने की मांग की है।

# ट्रक लूटकांड में शामिल मुख्य अपराधी मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ट्रक लूटकांड में शामिल एक शातिर बदमाश को रिसियप थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के पारू थाना अंतर्गत लल्लू छपरा निवासी गौरव ठाकुर के रूप में की गई है। दरअसल 5 नवंबर को रिसियप थाना क्षेत्र के एनएच - 139 पर सड़सा गांव के समीप से 12 चक्का ट्रक की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गयी थी। चोरी गई ट्रक को एक सप्ताह पहले झारखंड से बरामद करने के साथ मामले में गिरीडीह जिले के देवपुर थाना क्षेत्र के अहिल्यापुर गांव निवासी राजेश शर्मा को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में उसने कई राज खोले। बीते दिनों वारदात में शामिल बदमाश पटना जिले के दुल्हीन बाजार थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी जीतेन्द्र कुमार, गोलू कुमार, पंसुडीह गांव निवासी सूरज कुमार एवं पाली गंज के उमेश कुमार उर्फ दुखन को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसी क्रम में आज मुजफ्फरपुर से गौरव को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि ट्रक लूटकांड के मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# हत्या के प्रयास सहित अन्य मामलों में 19 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 19 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 9 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 4, शराब कांड में 2 एवं अन्य शीर्ष कांड में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 334 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। तथा 500 लीटर महुआ घोल विनिष्ट किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1003 वाहनों की जांच की गई जिसमें 44500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि विशेष अभियान के फलस्वरूप पुलिस द्वारा विभिन्न अपराधों में 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। वहीं नरारीकला खुर्द थाना की पुलिस ने हत्या का प्रयास करने के मामले में दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के शोहदा गांव निवासी जीतन पासी एवं जितेंद्र पासी के रूप में की गई। ये दोनों बीते काफी दिनों से मामले में फरार थे। इसी क्रम में दोनों आज पकड़े गए। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि हत्या प्रयास के मामले में फरार हो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# पटना हाई कोर्ट ने मांगी देव व उमगा मंदिरों की हेल्थ ऑडिट रिपोर्ट

## चार सप्ताह में केंद्र व एएसआई को रिपोर्ट पेश करने का निर्देश, बिहार सरकार से शपथ पत्र भी तलब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**औरंगाबाद/पटना।** देव सूर्य मंदिर और उमगा के प्राचीन मंदिर परिसर के संरक्षण को लेकर चल रही चिंता पर पटना उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने भारत सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को निर्देश दिया है कि वे चार सप्ताह के भीतर दोनों ऐतिहासिक मंदिरों की हेल्थ ऑडिट रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत करें। इसके साथ ही बिहार सरकार को भी शपथपत्र दाखिल करने का आदेश दिया गया है, जिसमें इन स्थलों के संरक्षण व स्थिति से जुड़े सवालों के स्पष्ट जवाब शामिल होंगे। यह आदेश 20 नवंबर 2025 को एक्टिंग चीफ जस्टिस सुधीर सिंह और जस्टिस राजेश कुमार वर्मा की खंडपीठ ने सिविल रिट याचिका संख्या 16861/ 2025 पर सुनवाई के दौरान दिया। याचिका वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी तथा वरिष्ठ पत्रकार एवं इतिहासकार प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा की ओर से दायर की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने देव और उमगा के ऐतिहासिक मंदिरों की लगातार खराब होती हालत को रेखांकित करते हुए विशेषज्ञ संरक्षण की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता सुमन सौरभ ने बताया कि याचिका में कहा गया है कि देव सूर्य मंदिर और उमगा विश्व स्तर पर सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं, परंतु लापरवाही और उचित संरक्षण के अभाव में इनका ढांचा क्षतिग्रस्त होता जा रहा है। यदि समय रहते विशेषज्ञ संरक्षण नहीं मिला तो ये धरोहरें भविष्य के लिए बचाना कठिन हो जाएगा। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद यह उम्मीद जग गई है कि दोनों मंदिरों को पुरातत्व विभाग के विशेषज्ञों का संरक्षण प्राप्त होने का रास्ता अब साफ हो सकता है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होने की संभावना है। सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा को लेकर हाई कोर्ट का यह कदम राज्य में ऐतिहासिक धरोहरों की रक्षा की दिशा में बड़ा हस्तक्षेप माना जा रहा है।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093